# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




रांची में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीइओ अनुराग बेहर और उनके साथियों से मिलते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन


• बोकारो, शुक्रवार 29 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 12 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को यहां लोक भवन में राज्यपाल के विशेष सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल थावरचंद गहलोत की अनुपस्थिति में विशेष सचिव प्रभु शंकर ने इस्तीफा ग्रहण किया। करीब आठ साल और आठ दिन तक दो अलग-अलग कार्यकाल में मुख्यमंत्री रहने के बाद उन्होंने पद छोड़ा। अब उनकी जगह उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के मुख्यमंत्री बनने की संभावना है। श्री गहलोत व्यक्तिगत कारणों से अपने मूल स्थान इंदौर में हैं। जब सिद्धारमैया ने राज्यपाल के विशेष सचिव को अपना इस्तीफा सौंपा तब उनके साथ उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और



अन्य मंत्रिमंडल सहयोगी मौजूद थे। इस्तीफा सौंपने के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। चूंकि राज्यपाल थावरचंद गहलोत शहर में नहीं हैं, इसलिए मैंने अपना त्यागपत्र उनके विशेष सचिव को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि मैंने बार-बार कहा था कि जब भी आलाकमान मुझे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को कहेगा, मैं इस्तीफा दे दूंगा। आलाकमान ने मुझे दो दिन पहले पद छोड़ने का निर्देश दिया था जिसके अनुसार मैंने आज अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि राज्यपाल संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लेंगे। मुझे दो बार कर्नाटक के लोगों की सेवा करने का मौका मिला, मैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे को धन्यवाद देता हूं। इससे पहले डिप्टी सीएम और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार सिद्धारमैया के आवास 'कावेरी' पहुंचे। सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी एख्र डीके शिवकुमार ने ब्रेकफास्ट मीटिंग में एक-दूसरे को गले लगाया। उसके बाद डीके शिवकुमार ने सीएम सिद्धारमैया के पैर भी छुए। वहीं इससे पहले शिवकुमार के समर्थक बेंगलुरु में उनके घर पहुंचे और मिठाईयां बांटीं।

# झारखंड के 94 केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा 31 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में संचालित सरकारी और गैर-सरकारी बीएड कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-2028 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में 31 मई को बीएड, एमएड और बीपीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जायेगी। परीक्षा में राज्यभर से करीब 45 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) की ओर से तैयारी पूरी कर ली गयी है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए राज्य के आठ प्रमुख जिला मुख्यालयों में कुल 94 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इनमें रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका, पलामू, हजारीबाग और चाईबासा शामिल हैं। सबसे अधिक 30 परीक्षा केंद्र राजधानी रांची में बनाये गये हैं। इसके अलावा अन्य जिलों में भी अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार परीक्षा केंद्र निर्धारित किये गये हैं। परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों को सुबह नौ बजे से परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जायेगा। वहीं परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले प्रवेश बंद कर दिया जायेगा। ऐसे में अभ्यर्थियों को समय से पहले केंद्र पहुंचने की सलाह दी गयी है। बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर जेसीईसीईबी ने बुधवार को एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। अभ्यर्थी पर्षद की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर कैंडिडेट लॉगिन के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र में परीक्षा केंद्र, समय और अन्य जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये हैं। पर्षद ने स्पष्ट किया है कि बिना एडमिट कार्ड किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। अभ्यर्थियों को अपने साथ एक वैध पहचान पत्र भी लेकर जाना अनिवार्य होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बालिका गृह से दो लड़कियां गायब

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र स्थित छोटा गम्हरिया में संचालित वात्सल्य बालिका गृह से दो नाबालिग लड़कियों के लापता होने का मामला अब गंभीर होता जा रहा है। घटना के दो दिन बाद भी पुलिस को दोनों लड़कियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। यह बालिका गृह मिशन वात्सल्य योजना के तहत संचालित किया जा रहा है और इसे वर्षों से बंद पड़े आदिवासी बालिका छात्रावास भवन में चलाया जा रहा है।

### पिटाई से युवक की मौत, थाना का घेराव

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी में रांची के डोरंडा इलाके में मारपीट में घायल तनवीर नाम के युवक की इलाज के दौरान हुई मौत के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित होकर सड़क पर उतर आए हैं। परिजनों के साथ स्थानीय लोगों ने तनवीर के शव के साथ डोरंडा थाना का घेराव कर दिया। थाना के बाहर तनवीर के शव के साथ परिजन और स्थानीय लोग इंसाफ की मांग कर रहे हैं।

### पुआल काटने वाली मशीन में फंसकर मजदूर की मौत

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र के बटसारा गांव में पुआल काटने वाली मशीन की चपेट में आने से एक मजदूर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक मजदूर की पहचान पड़वा थाना क्षेत्र के ही गोल्हना गांव निवासी दशरथ प्रजापति के रूप में की गयी है। वह अपने बच्चों की पालन पोषण के लिए काम करने बटसारा गांव में सुरेश पासवान के खलिहान में आया था जहां काम करने के दौरान ही वह मौत के आगोश में समा गया।

### फंदे से लटकी नवविवाहिता

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के विधायक मोहल्ला में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 20 वर्षीय नैयना प्रवीण के रूप में हुई है। उसकी एक महीने पहले ही शादी हुई है। जानकारी के अनुसार नैयना ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और दुपट्टे के सहारे सीलिंग फैन से लटक गई।

### डंपर की ठोकर से युवक की मौत

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** जामताड़ा-दुमका रोड पर गुरुवार दोपहर सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक रोनित राय की मौत हो गई। यह हादसा बिजली ऑफिस स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। मृतक जामताड़ा थाना क्षेत्र के तिलाबाद गांव का निवासी था। वह स्थानीय चौकीदार स्वर्गीय रमेश राय का पुत्र बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार स्कूटी संख्या जेएच 10 बीटी 1032 पर सवार तीन युवक सड़क से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी।

## 10 लाख का इनामी पीएलएफआई सुप्रीमो अमृत होरो गिरफ्तार

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** रांची पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के शीर्ष कमांडर अमृत होरो उर्फ 'मेचो' को लापुंग क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। 10 लाख का इनामी अमृत वर्तमान में पीएलएफआई को लीड कर रहा था। रांची पुलिस के वरीय अधिकारियों ने अमृत के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई करने के बाद अब पुलिस ने स्प्लिंटर ग्रुप के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है। रांची एसएसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो अमृत को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। राज्य सरकार ने अमृत पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। सुप्रीमो अमृत कई गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपित था। रांची पुलिस की स्पेशल टीम ने स्थानीय इनपुट और लंबे समय से जारी सर्विलांस के बाद अमृत को लापुंग से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमृत लापुंग का ही रहने वाला है। एनआईए के द्वारा पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी और फिर गुमला में मार्टिन केरकेटा के एनकाउंटर के बाद अमृत होरो ही संगठन का मुखिया बन गया था। हाल के दिनों में खूंटी, रांची जैसे कई जिलों में अपराधियों जैसे वारदातों को अंजाम देकर लेवी की डिमांड कर रहा था।

# जमीन माफियाओं पर कसेगा पुलिस का शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने जमीन माफियाओं पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए पलामू, गढ़वा और लातेहार के जमीन कारोबार से जुड़े हुए माफियाओं की सूची तैयार कर ली गई है। इस सूची को अलग-अलग कैटेगरी में बांटा गया है और मुकदमों के हिसाब से उनके नाम जोड़े गए हैं। पहली सूची में वैसे लोग जिन पर पिछले 10 वर्षों में दो से अधिक मामले दर्ज हैं उन्हें शामिल किया गया है जबकि दूसरी सूची में ऐसे लोग हैं जिनके खिलाफ बार-बार पुलिस को शिकायतें मिल रही हैं। पलामू, गढ़वा और लातेहार में 180 जमीन माफियाओं के नाम सूची में शामिल किए गए हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ कार्रवाई की योजना तैयार की है। दरअसल हाल के दिनों में पलामू प्रमंडल में जमीन के कारोबार में कई बड़ी आपराधिक घटनाएं हुई



हैं। पूरे मामले में पलामू रेंज के डीआईजी किशोर कौशल ने पलामू, गढ़वा और लातेहार एसपी को जमीन कारोबारियों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। सूची में पलामू में 42, गढ़वा में 31 जबकि लातेहार में 43 नाम ऐसे हैं जिनके खिलाफ पुलिस को बार-बार शिकायतें मिली हैं। पलामू में जिनके विरुद्ध दो बार से अधिक शिकायत मिली है उनमें संतोष गुप्ता, विकास गुप्ता, हारुण खान और दीपक गुप्ता शामिल हैं। वहीं पलामू में जिनके खिलाफ एक बार शिकायत मिली है उनमें मनोज, आदिल खान, प्रणय कुमार, विशाल शुक्ला, अवधेश शुक्ला, आजाद, राजू केसरी, सतीश केसरी, पूनम, सुशीला, लक्ष्मीकांत तिवारी, नागेश्वर यादव, रितेश यादव, रविंद्र गिरी, सरोज, बदरुद्दीन, नंद यादव आदि 25 नाम शामिल हैं। वहीं पलामू में जिनके खिलाफ बार-बार शिकायतें मिल रही हैं उनमें 42 नाम शामिल है। इसमें डब्लू, राजू, रिंकू, जीवन, बीनू, कसमुद्दीन, आजाद, शाहिद, शमीम अहमद, गुलाम गौस, इजरायल समेत 25 नाम शामिल हैं। गढ़वा में पिछले 10 वर्षों में जिनके खिलाफ दो से अधिक बार शिकायतें मिली हैं उनमें शिवनारायण चौधरी, नवाजिश अंसारी, उदय शेख, कृष्णा, अनिल पासवान, अनिल शर्मा, श्याम शर्मा, मदन चंद्रवंशी के नाम शामिल हैं। इसके अलावा रजनींत, रमेश चौबे, विक्की चौबे, दरोगा यादव, पंकज कुमार, आसिफ रजा शंभू रजवार, प्रवेश, भोला, अमानुल्लाह, अजय, मुखलाल समेत 31 से अधिक नाम शामिल हैं। लातेहार में मोहन प्रसाद, शंकर प्रसाद और अयूब खान के खिलाफ दो बार से अधिक शिकायत पिछले 10 वर्षों में मिली है। जबकि सूची में अरविंद कुमार, सुमित कुमार, मनव्वर खान, परवेज खान, जावेद खान, शमशाद अंसारी, शाहिद खान, संदीप गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, देव लकड़ा, बहादुर उरांव समेत 43 नाम शामिल हैं। पलामू रेंज के डीआईजी किशोर कौशल ने कहा कि पिछले कुछ महीनो में पलामू प्रमंडल में हुई आपराधिक घटनाओं की जड़ में कहीं ना कहीं जमीन का विवाद रहा है। इस सूची में वैसे लोगों को शामिल किया गया है जिनके खिलाफ कई बार शिकायतें मिली हैं सूची के आधार पर जमीन कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## गढ़वा में नर कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चिनिया थाना क्षेत्र में एक नर कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। मौके से मोबाइल के टुकड़े, कपड़े और बेल्ट भी बरामद किए गए। यह घटना चिनिया थाना क्षेत्र के मसरा गांव की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कंकाल के अवशेष को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने अपहरण कर हत्या की आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि 13 मई की रात को जय मंगल सिंह के गांव के ही सुदामा सिंह के साथ विवाद हुआ था जिसके बाद से वह लापता था। मृतक के पिता सुकन सिंह ने बताया कि उन्हें लगा कि बेटा कहीं काम करने चला गया होगा इसलिए थाने में सूचना नहीं दी गई। इस बीच सुबह कुछ ग्रामीण केंदू पत्ता तोड़ने लामी घुटरा जंगल की ओर गए थे, जिन्होंने क्षत-विक्षत हालत में नर कंकाल देखा। इसके बाद लोगों को इसकी जानकारी दी। साथ ही पुलिस भी सूचित किया गया।

# तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें युवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के पेनमैन ऑडिटोरियम में गुरुवार को बीसीसीएल के सीएसआर पहल के तहत 'अंडरप्रिविलेज्ड और प्रोजेक्ट अफ़ेक्टेड पर्सन छात्रों के लिए स्टेम शिक्षा' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल, आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक और छात्र मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य बीसीसीएल क्षेत्र के जरूरतमंद और परियोजना प्रभावित छात्रों को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल और वैज्ञानिक




शिक्षा बेहद जरूरी हो गई है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी समझ विकसित करने में सहायक साबित होंगे। कार्यक्रम समन्वयक एवं आईआईटी (आईएसएम) की सहायक प्राध्यापक प्रो रश्मि सिंह ने बताया कि कार्यशाला में 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान छात्रों को आईआईटी (आईएसएम) के टेक्समिन इनोवेशन हब, रोबोटिक्स लैब, जियोलॉजिकल म्यूजियम, सेंट्रल लाइब्रेरी और अन्य शोध केंद्रों का भ्रमण कराया गया ताकि उन्हें विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों और करियर संभावनाओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना है जिससे वे भविष्य में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

# शिक्षा और मानव संपदा से हो झारखंड की पहचान : अर्जुन मुंडा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सरायकेला।** मॉडल महाविद्यालय परिसर में 28 मई (गुरुवार) को प्रथम उपाधि वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर कॉलेज के तीन शैक्षणिक सत्रों के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्नातक (ग्रेजुएशन) की डिग्री प्रदान की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी कभी भी अपने मूल लक्ष्य से भटकें नहीं और स्नातक के बाद भी अपनी पढ़ाई को निरंतर आगे जारी रखें। झारखंड खनिज संपदा से भरपूर राज्य है लेकिन अब समय आ गया है जब इस राज्य की पहचान वैश्विक स्तर पर मानव संपदा और शिक्षा के क्षेत्र में होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी शिक्षा और ज्ञान का उपयोग अपने पैतृक गांवों को शिक्षित व जागरूक करने के लिए करें। अर्जुन मुंडा ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें इस बात की बेहद खुशी है कि जिस शैक्षणिक संस्थान की नींव कभी उन्होंने खुद रखी थी, आज वहां से विद्यार्थी डिग्रियां लेकर देश के विकास में योगदान देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कॉलेज की बेहतरी और संसाधनों के विस्तार के लिए राज्य सरकार के साथ-साथ कुलाधिपति सह राज्यपाल से भी विशेष अपील की। साथ ही, युवाओं से 'पीएम इंटर्नशिप योजना' का लाभ उठाने के लिए बढ़-चढ़कर आवेदन करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ मीरा मुंडा ने शिक्षा के व्यावहारिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा किसी न किसी रूप में जीवन भर काम आती है। उन्होंने युवाओं से पारंपरिक क्षेत्रों से हटकर उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) और कृषि के क्षेत्र में नए नवाचार (इन्नोवेशन) अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आने वाले समय में वे केवल नौकरी मांगने वाले न बनें बल्कि आत्मनिर्भर बनकर दूसरों को 'नौकरी देने वाला' बनने का प्रयास करें।


# बकरीद पर लोगों ने अमन-चैन और खुशहाली की मांगी दुआ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** गुरुवार को राजधानी रांची में भी ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का त्योहार धार्मिक श्रद्धा, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नए कपड़े पहनकर ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंचकर विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी और देश-दुनिया में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। राजधानी के मेन रोड स्थित जामा मस्जिद, हिंदपीढ़ी, डोरंडा, कांके, बरियातू, नामकुम, हरमू रोड और कडरू समेत कई इलाकों की मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों का पहुंचना शुरू हो गया था। ईदगाहों के बाहर भी लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। नमाज के दौरान इमामों ने कुर्बानी के महत्व, त्याग, इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बकरीद केवल कुर्बानी का पर्व नहीं



बल्कि जरूरतमंदों की मदद और समाज में प्रेम व सद्भाव बनाए रखने का भी संदेश देता है। नमाज के बाद लोगों ने अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों से मुलाकात की। बच्चों और युवाओं में त्योहार को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। कई जगहों पर लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी। बाजारों में भी सुबह से चहल-पहल बनी रही। सेवई, मेवे और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ नजर आई। कपड़ों और सजावटी सामान की दुकानों में भी लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। बकरीद को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। शहर के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कई स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस जवानों को लगाया गया था ताकि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। प्रशासन की ओर से लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील भी की गई। धार्मिक नेताओं और सामाजिक संगठनों ने भी लोगों को भाईचारे और इंसानियत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने का काम करते हैं और सभी धर्मों के लोगों को मिल-जुलकर एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होना चाहिए। मौके पर रांची ईदगाह के मौलाना असगर मिस्बाही ने कहा कि हिंदुस्तान में अमन-चैन बना रहे, सभी लोग खुशहाल रहें और देश में भाईचारा कायम रहे, इसे लेकर अल्लाह से विशेष दुआ की गई है। वहीं मौजूद आम नमाजियों ने भी कहा कि भारत गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है और इस परंपरा को मजबूत बनाए रखने की दुआ मांगी गई है।



C M Y K

## संक्षिप्त समाचार

### हुसैनाबाद में जिला परिषद के द्वारा यात्री शेड में दुकान बनाने पर चेयरमैन ने जताई आप्पति

**हुसैनाबाद/पलामू (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत क्षेत्र के हृदय स्थली जय प्रकाश चौक के समीप बने पुराने यात्री सेड पुनः राजनीतिक विवाद में घिरती हुई नजर आ रही हैं। इस सबन्ध में नगर पंचायत के अध्यक्ष अजय भारती ने पलामू जिला उपायुक्त सह दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखवात को पत्र लिखकर आम लोगो के लिए बने यात्री सेड की सुरक्षा की गुहार लगाई हैं।पत्र में उन्होंने कहा है कि मुझे अखबार छपी हुई निविदा के बाद खबर मिली कि जिला परिषद कार्यालय पलामू के द्वारा हुसैनाबाद के जेपी चौक पर बने पुरानी यात्री सेड को तोड़ कर पी पी पी मूड में दुकान नवनिर्माण की निविदा निकाली गई हैं ।जो कि बिलकुल हमारे क्षेत्र जनता के साथ अन्याय हैं।उन्होंने कहा कि शहर के सबसे घनी आबादी वाला स्थल वही हैं जँहा पर रोज हजारो की संख्या में ग्रामीण व शहरी जनता अपने अपने गंतव्य की गाड़ी पकड़ने की इंतजार करते है व गर्मी व वर्षात के दिनों में बैठते है और सभी भीषण गर्मी धूप के समय मे इस यात्री सेड में रोजाना सैकड़ो मुसाफिर बैठते है ऐसे में इस यात्री सेड को तोड़ना व दुकान निर्माण न्याय संगत नहीं हैं।ऐसे भी यह यात्री सेट पूर्व सांसद के द्वारा निर्मित है पूर्व में भी कई बार विवाद में रहा हैं।इस लिए निविदा रद्द किया जाए।



### बकरीद पर्व पर मनसाही पुलिस प्रशासन की रही पैनी नजर

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न ईदगाह में ईद - उल- अजहा का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इससे पूर्व मुस्लिम भाई अपने स्थानीय मस्जिद एवं ईदगाह में ईद उल अजहा बकरीद की नमाज अदा की एक दूसरे के गले मिले और आम लोगों को अमन चैन प्यार का पैगाम दिया। तथा बकरा की कुर्बानी भी दिया। इस बकरीद का त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मनसाही पुलिस प्रशासन की पैनी नजर पूरे परिक्षेत्र में था। सभी ईदगाह में पुलिस के जवानों को लगाया गया था एवं मनसाही थानाध्यक्ष सभी ईदगाह का भ्रमण कर रहे थे। शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद का त्यौहार संपन्न होने पर मनसाही पुलिस ने राहत की सांस ली।

### जदयू नगर अध्यक्ष बने संजीव साह कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नव मनोनीत जदयू नगर अध्यक्ष संजीव कुमार साह ने अपने आवास पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-माला एवं बुके देकर स्वागत किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। संजीव साह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा एवं जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश राय के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। जनता की समस्याओं को गंभीरता से उठाकर उनके समाधान के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास एवं सुशासन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वह संकल्पित हैं।इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि मो. अजहरुद्दीन,बंटी सिंह,वार्ड पार्षद चंद्रदीप पासवान, राजेंद्र प्रसाद शाह, जानकी यादव, जुगनू शाह, समेत अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

### मेला से लौट रहे बुजुर्ग की सड़क दुर्घटना में मौत

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजगीर थाना क्षेत्र स्थित नोनही गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर और ई-रिक्शा के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना नाहुब बायपास मार्ग पर हुई। मृतक की पहचान कृष्णा प्रसाद चौरसिया (65) के रूप में की गई है, जो खुदागंज थाना क्षेत्र के मैदी कला गांव के रहने वाले थे। मृतक के दामाद प्रदीप चौरसिया ने बताया कि वह अपने सास-ससुर, पत्नी और बच्चों के साथ राजगीर मलमास मेला घूमने आए थे। मेला देखने के बाद सभी ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नोनही गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कृष्णा प्रसाद चौरसिया की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में घायल उषा देवी, सविता देवी और आनंद कुमार को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही राजगीर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर और चालक की पहचान की जा रही है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रिटायर्ड डीएसपी के घर से लाखों की चोरी

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हरनौत थाना क्षेत्र के सबनाहुआ डीह गांव में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने एक रिटायर्ड डीएसपी के बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए नगद समेत करीब 15 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। घटना कल्याण बीघा रोड स्थित घर में हुई, जहां चोर मेन गेट का ताला काटकर अंदर घुसे और महज आधे घंटे के भीतर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित दिनेश पासवान ने बताया कि बुधवार को पूरा परिवार घर में ताला लगाकर किसी कार्य से पटना गया हुआ था। देर रात वापस लौटने पर देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर तीन कमरों के ताले टूटे मिले तथा अलमारी और गोदरेज भी क्षतिग्रस्त था। उन्होंने बताया कि चोरों ने गोदरेज में रखे सोने की चैन, बाला, जितिया, कनवाली, चांदी की पायल, 25 हजार रुपए नगद, महंगे कपड़े समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। आशंका जताई जा रही है कि चोरी करने के बाद चोर पीछे की ओर सीढ़ी के रास्ते नीचे उतरकर फरार हो गए। घटना की सूचना गुरुवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। चोरी की घटना के बाद पीड़ित परिवार काफी चिंतित है। इस संबंध में हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की पहचान में जुटी हुई है।

### सावरकर के राष्ट्रवादी विचार आज भी प्रासंगिक : डॉ. सुनील कुमार

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की 143वीं जयंती के अवसर पर बिहारशरीफ विधानसभा के विधायक डॉ. सुनील कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता भी थे। उनका सपना एक शक्तिशाली, संगठित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भारत का था। विधायक ने कहा कि वीर सावरकर का मानना था कि कोई भी राष्ट्र तभी महान बन सकता है, जब उसके नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें, समाज में एकता बनी रहे तथा विज्ञान और तकनीक को बढ़ावा मिले। उनके विचारों का प्रभाव समय-समय पर अनेक राष्ट्रीय नेताओं पर पड़ा। विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रहित के मार्ग में उनके कई सिद्धांतों को अपनाते हुए भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध और शक्तिशाली बनाने की दिशा में कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व अभियान वीर सावरकर की आत्मनिर्भरता की सोच को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। ह्लमेक इन इंडियाह्व, ह्लस्टार्टअप इंडियाह्व, ह्लडिजिटल इंडियाह्व और ह्लवोकल फॉर लोकलह्व जैसी योजनाओं के माध्यम से देश के उद्योग, युवाओं और तकनीकी विकास को नई दिशा मिली है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि रक्षा क्षेत्र में भारत तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है। स्वदेशी हथियार, मिसाइल, युद्धपोत और रक्षा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देकर भारत को सैन्य रूप से मजबूत किया जा रहा है। यह वही सोच है, जिसे वीर सावरकर वर्षों पहले राष्ट्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते थे। विधायक ने कहा कि वीर सावरकर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव के समर्थक थे।

# जल संरक्षण और पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी ।** जिले के एकल अभियान मुरहू संच समिति की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर कोड़ाकेल में गुरुवार को हुई। बैठक में संच अध्यक्ष डॉ डीएन तिवारी ने कहा कि जल संकट गहराता जा रहा है, पानी की बबार्दी नहीं करनी चाहिए,सभी को जल संरक्षण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एकल अभियान द्वारा 5जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा, जिसमें पौधा-रोपण किया जायेगा । पौधे को लगाने के लिए आचार्यों द्वारा गांव से लोगो का सूची बनाया जाएगा, और लगाने के लिए गड्ढे बनाने के लिए कहा जायेगा।

समिति द्वारा आम, कटहल, लीची,अनार, आंवला,नींबू सहित अन्य पौधे मंगाए जायेंगे।यातायात खर्च के चलते प्रति पौधा दस रुपए सहयोग राशि के रूप में लिए जायेंगे।



पौधारोपण की शुरूआत 5जून को हो जायेगी।मौसम अनुकूल नहीं रहने पर पौधों को संग्रहित कर रख लेंगे, मौसम सही होने पर लगाए जाएंगे।साथ ही ग्रामीणों के स्वास्थ्य रक्षा हेतु 21जून योगदिवस पर गांवों में प्रशिक्षकों द्वारा योग कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। मौके पर जयसिंह मुंडा, महेंद्र नाग, ध्रुवेन्द्र भास्कर, दुर्गावती देवी, ओमपति देवी,सुधा कुमारी, मनीषा कुमारी सहित आचार्यागण उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी ने पलामू संगठन को धारदार बनाने को कसी कमर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** राज्य भर में आजसू पार्टी अपनी बिखरती राजनीति जमीन को पुनः उपजाऊ व धारदार बनाने के लिए अब कमरकस लिया है।नए सिरे से संगठन की मजबूती को लेकर केंद्रीय नेताओ की फरमान के बाद पलामू जिले में संगठन गांव व पंचायत के एक एक लोगो को जोड़ा जा रहा हैं अपने पुरानी रणनीति चूल्हा प्रमुख व गांव की जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य कर रही है। केंद्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी ने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा संघर्ष की राजनीति करती आई है। पार्टी का उद्देश्य केवल चुनाव नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकताओं से पंचायत स्तर पर जनसंपर्क अभियान तेज करने और युवाओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया।जिला कार्यकारी



सरकार स्थापित करने के उद्देश्य से लगातार बैठक की जा रही हैं।इसी दौरान अनुमंडल के मोहम्मद गंज हैदरनगर व हुसैनाबाद में बुधवार को पार्टी के केंद्रीय नेताओ व जिला प्रभारी ने बैठक की गई।

शहर के रुद्रा होटल में प्रेस एवं बैठक को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव बिकेश शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में गांव, किसान, युवा, छात्र एवं आम जनता की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित होकर रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर बेरोजगारी, पलायन, शिक्षा, बिजली, पानी एवं सड़क जैसी मूलभूत समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में आजसू पार्टी पंचायत स्तर तक मजबूत संगठन तैयार कर अध्यक्ष तुलसी शुक्ला ने कहा कि पलामू जिले के हर पंचायत में आजसू पार्टी का संगठन मजबूत किया जाएगा तथा जनता की समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। वहीं युवा प्रभारी राहुल कुमार मिश्रा एवं आजसू छात्र संघ के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष अभिषेक राज ने कहा कि युवाओं और छात्रों की समस्याओं को लेकर संगठन लगातार संघर्ष करेगा तथा पंचायत स्तर पर युवा नेतृत्व तैयार किया जाएगा। बैठक में कमलेश मेहता, मंजीत मेहता, गजेंद्र कुमार, कविंद्र मेहता, सुनील कुमार, पिंटू कुमार, बजरंगी चौधरी, एमडी वाजुद्दीन, राजेश कुमार, नौशाद अली, गुरफान साजिद, कुंदन कुमार, विश्वनाथ राम, जितेंद्र प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बकरीद पर अदा की गई नमाज, अमन चैन व खुशहाली की मांगी दुआ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** त्याग, बलिदान और भाईचारे का प्रतीक ईद-उल-अजहा (बकरीद) गुरुवार को जिलेभर में श्रद्धा, उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां लोगों ने विशेष नमाज अदा कर देश-दुनिया में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। जिले के बरवाडीह, कोलडीहा, भंडारीडीह, पचंबा, मोहनपुर, विष्णुपुर, मुस्लिम बाजार, चैताडीह, बक्सीडीह, खरियोडीह, बनखंजो, तेलोडीह और योगीटांड़ समेत विभिन्न क्षेत्रों की मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा की गई बकरीद को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। उपायुक्त रामनिवास यादव और पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर जिलेभर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, वहीं अफवाहों और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष को सक्रिय रखा गया शहरी और ग्रामीण इलाकों में पुलिस लगातार गश्त करती रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। पर्व के दौरान जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहा।

## शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया ईद-उल-अजहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** त्याग और कुबार्नी का पर्व ईद-उल-अजहा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। जिलेभर की मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले लगकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बिहारशरीफ शहर के बड़ी दरगाह, सोहसराय, महुआटोला, भरावपर, इमादपुर, शेखाना, शेरपुर मोहल्ला और सालूगंज समेत विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गई। वहीं हिलसा शहर के योगीपुर रोड स्थित ईदगाह में भी नमाजियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। यहां सुबह 7 बजे इमाम कारी मोहम्मद मोनाजिर हसन ने नमाज अदा कराई।

# बकरीद पर्व पर मस्जिदों में अदा की गई नमाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** बकरीद पर्व के अवसर पर खूंटी जिलेभर में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ नमाज अदा की। सुबह से ही विभिन्न मस्जिदों में नमाज को लेकर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। जिले के जोहरा मस्जिद, जामा मस्जिद सहित सभी प्रमुख मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान लोगों ने देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद पर्व की मुबारकबाद दी। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में पर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी सतर्क नजर आया। कई स्थानों पर पुलिस बल तैनात किए गए थे ताकि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जा सके। बकरीद के मौके पर जिले में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला।



# 2.40 लाख लीटर क्षमता की टंकी बेकार, पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण : राजेश यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** पूर्व जिप सदस्य एवं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने गुरुवार को गिरिडीह सदर प्रखंड के बदगुंदा खुर्द पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा कर पेयजल समस्या का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भीषण जल संकट बना हुआ है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।

इस मुद्दे को लेकर 30 मई को सैकड़ों ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे राजेश यादव ने कुबरी, झरना, चंदली, लखियोटांड़ और कोल्हरिया गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आदिवासी बहुल झरना गांव में 2 लाख 40 हजार लीटर क्षमता वाली पानी टंकी को बेकार पड़ा देखा। उन्होंने कहा कि इस टंकी से आसपास के कई गांवों को पानी मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्षों से यह योजना बंद पड़ी है और लोग पानी के लिए परेशान हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय वोट मांगने वाले जनप्रतिनिधियों को अब ग्रामीणों की परेशानी की कोई चिंता नहीं है। कहा कि पिछले एक वर्ष से लगातार इस क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर आवाज उठाई जा रही है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। इसी के विरोध में 30 मई को बड़ी संख्या में ग्रामीण गिरिडीह उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर समस्या के समाधान की मांग करेंगे उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की मौके पर पार्टी नेता संजय चौधरी समेत लोगन सोरेन, अर्जुन कमार, अनिल हांसदा, बुधन हांसदा, प्रयाग तुरी, मोहन राय, सुरेंद्र दास, लक्ष्मण दास, संजय दास, हेमलाल मरांडी, जट्टू हांसदा, रमेश मुर्मू, श्यामलाल हांसदा, गुडा हांसदा, लट्टू कमार, मथुरा हांसदा, रूपलाल हांसदा, मुंशी मुर्मू, सुरेश हांसदा, रोबिन कोल्ह, राजेश कोल्ह, रतन तुरी, चरका मरांडी, कलावती देवी, उर्मिला देवी, गेंदिया देवी, मंझली देवी, चुड़की देवी, बड़की देवी, बुधनी देवी, अनिता देवी, सोमरी देवी, मखनी देवी, छोटकी देवी, सूरजमुनि देवी, लक्ष्मी देवी और पूजा देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



# जलवायु परिवर्तन और सतत विकास पर मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सारथी झारखंड जस्ट ट्रांजिशन नेटवर्क के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर जलवायु अखड़ा 2026 कार्यक्रम का आयोजन अभिव्यक्ति फाउंडेशन, न्यू बरगंडा, गिरिडीह में उत्साह एवं व्यापक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन अभिव्यक्ति फाउंडेशन, जागो फाउंडेशन एवं बनवासी विकास आश्रम द्वारा किया गया कार्यक्रम में किसान, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्याएँ, पंचायत प्रतिनिधि, सामुदायिक कार्यकर्ता, युवा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, न्यायपूर्ण बदलाव, सतत आजीविका, पर्यावरण संरक्षण एवं समुदाय आधारित विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सामूहिक संवाद को मजबूत करना था चर्चा के दौरान वक्ताओं ने गिरिडीह जिले की वर्तमान परिस्थितियों एवं स्थानीय चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव और बदलती आजीविका का सबसे अधिक प्रभाव ग्रामीण एवं वंचित समुदायों पर पड़ रहा है। ऐसे समय में समुदाय आधारित पहल और स्थानीय नेतृत्व को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है कार्यक्रम में जल संरक्षण, टिकाऊ खेती, स्वदेशी उपायों को बढ़ावा, नवीकरणीय ऊर्जा, सतत परिवहन एवं सामुदायिक सहभागिता जैसे विषयों पर विशेष चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने स्थानीय स्तर पर सामूहिक प्रयासों को और मजबूत करने पर जोर दिया इस अवसर पर ह्लसारथीह्व नेटवर्क की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह झारखंड के विभिन्न सामाजिक संगठनों का साझा मंच है, जो न्यायपूर्ण, हरित एवं समावेशी विकास की दिशा में कार्य कर रहा है। नेटवर्क समुदायों को सशक्त बनाने, नीति संवाद को बढ़ावा देने तथा जलवायु-संवेदनशील विकास मॉडल को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों द्वारा पौधारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के प्रति सामूहिक संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिव्यक्ति फाउंडेशन से रूपम रॉय, प्रकाश दत्ता, संतोष कुमार, कंचन देवी, पंकज कुमार वर्मा, जागो फाउंडेशन से सरोजित कुमार, वैधनाथ जी, गेंदों प्रसाद वर्मा, राजू महतो तथा बनवासी विकास आश्रम से रूपा कुमारी सहित कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ईद-उल-अजहा पर राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद ने दी मुबारकबाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के पावन अवसर पर डॉ . सरफराज अहमद ने प्रदेशवासियों एवं जिले के मुस्लिम समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि बकरीद त्याग, बलिदान, भाईचारे और इंसानियत का पर्व है। यह त्योहार हमें आपसी प्रेम, सौहार्द और मानवता की सेवा का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता के साथ पर्व मनाने की अपील की राज्यसभा सांसद ने कहा कि सभी लोग मिल-जुलकर समाज में भाईचारा कायम रखें और देश तथा राज्य की तरक्की, अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ करें। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पर्व समाज में प्रेम और एकता को और मजबूत करेगा डॉ. सरफराज अहमद ने युवाओं से भी सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और जरूरतमंदों की मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा का संदेश मानवता और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का है।



# हजारीबाग में फिर सक्रिय हुआ अवैध कोयला कारोबार, कई इलाकों में गुप्त डिपो संचालित होने की चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** झारखंड के हजारीबाग जिले में एक बार फिर अवैध कोयला कारोबार के तेजी से फैलने की चर्चा है। बंद पड़ी खदानों और (सीसीएल) परियोजनाओं से बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी, भंडारण और परिवहन का संगठित नेटवर्क सक्रिय बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक जंगल के रास्तों से कोयला गुप्त डिपो तक पहुंचाया जा रहा है, जहां से बड़े ट्रकों के जरिए बिहार, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में इसकी सप्लाई की जा रही है। मानसून आने से पहले अवैध कारोबारी अधिक से अधिक कोयला स्टॉक करने में जुटे हैं। बारिश शुरू होने के बाद खनन और ढुलाई में दिक्कतें बढ़ जाती हैं, इसलिए अगले डेढ़ महीने को इस कारोबार के लिए सबसे अहम माना जा रहा है। इसी वजह से जिले के कई इलाकों में कोयले के भंडारण और आवाजाही बढ़ने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार हजारीबाग के सीमावर्ती और जंगल क्षेत्रों में अस्थायी गुप्त डिपो बनाए गए हैं, ताकि पुलिस, वन विभाग और सीसीएल सुरक्षा विभाग की नजरों से बचा जा सके। रात के अंधेरे में इन डिपो में कोयले का भंडारण किया जाता है। चुरचू, चरही और आंगो थाना क्षेत्रों में इस अवैध कारोबार के तेजी से फैलने की चर्चा है। हैरानी की बात यह है कि जिन इलाकों में फिलहाल कोई सक्रिय खदान नहीं है, वहां भी भारी मात्रा में कोयला डंप किए जाने की सूचना मिल रही है। सूत्रों के अनुसार सीसीएल के केदला, बसंतपुर, चुटूवा नाला और पेरज क्षेत्रों से चोरी किया गया कोयला पहले बाइक, साइकिल, ट्रैक्टर और छोटे वाहनों के जरिए जंगल रास्तों से करगी इलाके तक पहुंचाया जाता है। वहां से आगे चुरचू और आंगो के डिपो तक इसकी सप्लाई की जाती है। बताया जाता है कि रात के समय यह नेटवर्क सबसे ज्यादा सक्रिय रहता है। बाद में बड़े ट्रकों में कोयला लोड कर बिहार और उत्तर प्रदेश की मंडियों तक भेजा जाता है। चरही और मांडू थाना सीमा से सटे बंद पड़े खदान क्षेत्रों में जेसीबी मशीन लगाकर अवैध खनन किए जाने की भी चर्चा है। फूलबगान, नोनिया बेड़ा और 44 नंबर खदान क्षेत्र में बोकारो नदी तक पाटकर कोयला निकाले जाने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे नदी और आसपास के पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि अवैध कोयले की सप्लाई सिर्फ बाहरी राज्यों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि रामगढ़ जिले की कुछ फैक्ट्रियों तक भी यह कोयला पहुंच रहा है। कम कीमत होने के कारण इसकी मांग लगातार बनी हुई है। वहीं बड़कागांव थाना क्षेत्र के सईदा, चपरी और जोराकाठ इलाके में भी बड़े पैमाने पर कोयले का स्टॉक किए जाने की चर्चा है। फिलहाल चरही साइडिंग से ढुलाई बंद है, लेकिन कारोबारी इस रूट को फिर से सक्रिय करने की कोशिश में लगे हैं। पूरे मामले में अलग-अलग विभागों के अपने-अपने दावे हैं। सीसीएल सुरक्षा विभाग का कहना है कि सीमित संसाधनों के कारण कोयला चोरी रोकना चुनौतीपूर्ण हो रहा है। वहीं स्थानीय पुलिस का दावा है कि क्षेत्र में लगातार गश्ती और छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार अवैध खनन और परिवहन में शामिल लोगों के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना सिस्टम की मिलीभगत के इतने बड़े स्तर पर यह कारोबार संभव नहीं है। लगातार बढ़ती गतिविधियों के बीच अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर इस पूरे नेटवर्क को संरक्षण कौन दे रहा है।



# 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत बच्चे के गले से छीना गया सोने का लॉकेट बरामद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। रेलवे विभाग यात्रियों की सुरक्षा को लेकर 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' अभियान चला रहा है। जिसके तहत आरपीएफ रांची ने एक सराहनीय कार्रवाई करते हुए बच्चे के गले से छीना गया सोने का लॉकेट बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 4/5 पर ट्रेन संख्या 18603 एक्सप्रेस में अपने परिवार को विदा करने पहुंचे एक यात्री के बच्चे के गले से भगवान हनुमान की आकृति वाला सोने का लॉकेट किसी अज्ञात सख्स द्वारा छीन लिया गया था। घटना के बाद यात्री अजय कुमार सिन्हा ने इसकी शिकायत रेलवे सुरक्षा बल से की थी। शिकायत मिलते ही आरपीएफ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी।

**खंगाला गया सीसीटीवी फुटेज**

घटना के बाद रेलवे स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाला। फुटेज की जांच के दौरान एक संदिग्ध युवक की पहचान की गई। इसके बाद आरपीएफ की टीम लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी।

**पकड़ा गया संदिग्ध युवक**

28 मई को सीसीटीवी स्टाफ से मिली सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट डिविजनल टीओपीबीटीम और सीआईबी रांची की संयुक्त टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम ऋतिक मिश्रा बताया, जो बोकारो जिला का रहने वाला है।

**युवक की तलाशी के वक्त मिला गोल्ड लॉकेट**

तलाशी के दौरान उसके पास से भगवान हनुमान की आकृति वाला सोने का लॉकेट, एक काला बटुआ और पैन कार्ड की प्रति बरामद की गई है। बाद में शिकायतकर्ता अजय कुमार सिन्हा ने बरामद लॉकेट की पहचान अपने बच्चे के लॉकेट के रूप में की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

**जीआरपी को सौंपा गया आरोपी**

आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी और बरामद सामान को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी रांची को सौंप दिया गया है। जीआरपी द्वारा संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आगे बढ़ाया जा रहा है।

**सुरक्षा और अपराध नियंत्रण**

रेलवे सुरक्षा बल की इस त्वरित कार्रवाई की यात्रियों और आम लोगों ने सराहना की है। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर रेलवे लगातार सतर्क है और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

**स्टेशन परिसर और ट्रेनों में लगातार निगरानी**

आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक शिशुपाल कुमार ने कहा कि 'रेल यात्रियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है।

# झारखंड के तीन पहलवानों का चयन, पहली बार सीनियर स्तर के ट्रायल में बनाई जगह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड के खेल इतिहास में गुरुवार को एक नया अध्याय जुड़ गया, जब राज्य के तीन प्रतिभाशाली पहलवान एशियन गेम्स 2026 के चयन ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए रांची से रवाना हुए। यह पहला अवसर है जब झारखंड से एक साथ तीन पहलवान सीनियर स्तर के एशियन गेम्स ट्रायल के लिए क्वालीफाई करने में सफल हुए हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से राज्य के खेल जगत में उत्साह और गर्व का माहौल है। एशियन गेम्स ट्रायल के लिए रवाना होने वाले खिलाड़ियों में रिया कुमारी (53 किलोग्राम महिला वर्ग), अमित गोप (77 किलोग्राम ग्रीको रोमन) और अभिषेक कुमार (60 किलोग्राम ग्रीको रोमन) शामिल हैं। रिया और अभिषेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से जुड़े हैं, जबकि अमित गोप रांची से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। तीनों खिलाड़ी दिल्ली और लखनऊ में आयोजित होने वाले चयन ट्रायल में भाग लेंगे। ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने पर उन्हें एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। बता दें कि एशियन गेम्स 2026 का आयोजन जापान के आइची-नागोया में होना है। ऐसे में झारखंड के खिलाड़ियों के पास अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का सुनहरा अवसर होगा। राज्य के खेल प्रेमियों और युवा पहलवानों को इन खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं।

झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने खिलाड़ियों के चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि यह झारखंड के लिए ऐतिहासिक क्षण है। हमारे तीनों खिलाड़ियों रिया, अमित और अभिषेक ने अपनी मेहनत और समर्पण के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता खेल विभाग, झारखंड सरकार, साझा और जेएसएसपीएसके संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी ट्रायल में शानदार प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में कुश्ती के क्षेत्र में लगातार प्रतिभाएं उभर रही हैं और अब राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं। रजनीश कुमार ने यह भी कहा कि रिया, अमित और अभिषेक की सफलता राज्य के हजारों युवा पहलवानों के लिए प्रेरणा बनेगी। खिलाड़ियों के रवाना होने से पहले खेल सचिव मुकेश कुमार, झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, खेल निदेशक छवि रंजन, उप निदेशक साझा राजेश कुमार, अभिभावक के। रवि कुमार और मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह समेत कई खेल पदाधिकारियों और संघ के सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर झारखंड कुश्ती संघ के पदाधिकारी, जिला संघों के प्रतिनिधि, कोच और खिलाड़ियों के परिजन भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में शामिल होंगी जिला परिषद सदस्य नीतू सिंह



**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह 2025 में औरंगाबाद जिले की जनप्रतिनिधि एवं जिला परिषद सदस्य नीतू सिंह को भाग लेने हेतु चयनित किया गया है। यह समारोह आगामी 03 जून 2026 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होगा, जिसमें देशभर के उत्कृष्ट पंचायत प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिला परिषद सदस्य नीतू सिंह के चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे औरंगाबाद जिले के लिए गौरव की बात बताया है। पूर्व में भी कई बार सम्मिनित किया गया।

### शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न हुई बकरीद

**मदनपुर (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। गुरुवार को बक़रीद का त्योहार शांति सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था और जगह-जगह पुलिस जवानों की तैनाती की गई। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र में हिन्दू मुस्लिम एकता का मिशाल दिखा। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गुरुवार की सुबह करीब सात बजे अपने परंपरागत परिवेश में मस्जिदों, ईदगाहों में सामूहिक रुप में नमाज अदा करने के बाद एक दुसरे से गले मिल कर खुशियों का इजहार किया। इसके बाद अपने अपने घरों में आकर धार्मिक विधि विधान और परंपराओं के अनुसार कुर्बानी दी। इस दौरान मदनपुर, खिरियावां, शिवगंज, इटकोहिया, बेरी, वार, टंडवा, दर्जी बिगहा, इस्लामपुर, आंजन केवला सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में बकरीद त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया।

### साइबर ठगी का शिकार हुआ कपड़ा दुकानदार

**दाउदनगर (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। दाउदनगर थाना क्षेत्र के गोरडीहां निवासी एक कपड़ा दुकानदार साइबर ठगी का शिकार हो गया। कपड़ा दुकानदार अशोक साव की दुकान गोह-गया जी रोड स्थित मखरा पुल के पास है। इधर पीड़ित दुकानदार का कहना है कि उसके कपड़ा दुकान में मंगलवार की शाम एक आदमी आया और उसके दुकान से कपड़ा लिया, जिसकी कीमत 200 रुपए थी। उस अनजान व्यक्ति द्वारा पे फोन करने की बात कही गई लेकिन पैसा नहीं डाला गया। दुकानदार द्वारा कहा गया कि पैसा नहीं आया है। अज्ञात आदमी ने दुकानदार का मोबाइल फोन लेकर उसमें कुछ कर दिया। दुकानदार का कहना है कि बाद में उसने देखा तो उसके मोबाइल में एक गेम लोड था और उसके बैंक खाते से 10 हजार रुपए निकल गया है और 15 हजार उधार कर दिया गया है। उसके पे फोन नंबर को भी लॉक कर दिया गया है। कपड़ा दुकानदार ने थाना को आवेदन देकर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### सैलवां को जाने वाली सड़क बदहाल, ग्रामीण परेशान

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिले में बने ग्रामीण सड़कों की स्थिति इन दिनों बेहद ही बदतर हो गई है। कई ऐसे सड़क हैं जो गड्ढों में तब्दील हो गया है। सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित आंबेडकर नगर तक सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। सड़क पर उभरे पत्थर गिट्टी के टूकड़े एवं गड्ढे में आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क से होकर आने जाने वाले राहगीर गिरकर घायल होते रहते हैं। यह ग्रामीण सड़क बनिया सहित अंबेडकर नगर, सैलवां, कोइरी बिगहा, वेलहर, चट्टी, बरडीह, महुआवां समेत दर्जनों गांवों को जोड़ते हुए प्राणपुर खिरियावां पथ को जोड़ता है। दो किलोमीटर बना यह महत्वपूर्ण सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश हैं। इसी पथ में बसावट का बहाना बनाकर विभाग द्वारा जीटी रोड़ मोती बिगहा पथ से एक किलोमीटर अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर उभरे गड्ढें से होकर आने जाने में गिरकर घायल होने की संभावना रहती है। सड़क को बहुत जल्दी बनाने की जरुरत है। बरसात के समय तो और परेशानी होती है। इतना होने के बावजूद भी जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस सड़क की बदहाली पर नहीं जा रहा है।

### महराजगंज टेम्पो स्टैंड के पास से बाइक चोरी

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के महराजगंज टेम्पो स्टैंड के पास से बाइक चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में रामपुर निवासी शाहनावह ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है। पीड़ित शाहनावज ने बताया कि 27 मई लगभग 2:50 बजे उन्होंने अपनी पैशन प्रो बाइक टेम्पो स्टैंड के पास खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। चोरी हुई बाइक लाल काला रंग की पैशन प्रो बताई जा रही है। घटना के बाद पीड़ित ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# नबीनगर के वार्ड संख्या-8 में वर्षों से बदहाल पड़ी नल-जल योजना, ग्रामीणों में नाराजगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट दूर करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा सात निश्चय योजना के तहत शुरू की गई हर घर नल-जल योजना नबीनगर प्रखंड के वार्ड संख्या-8 में दम तोड़ती नजर आ रही है। योजना शुरू होने के वर्षों बाद भी ग्रामीणों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो सका है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि वार्ड में योजना के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई। योजना की राशि की निकासी कर ली गई, लेकिन कार्य आज तक अधूरा पड़ा है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में वार्ड संख्या-8 के करीब 100 से अधिक घरों तक पेयजल पहुंचाने के लिए पाइप बिछाने का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बाद भी योजना पूर्ण नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी टंकी के लिए टावर का निर्माण कराया गया, लेकिन उस पर अब तक टंकी नहीं लगाई गई। जमीन के अंदर पाइप भी बिछाए गए, मगर किसी भी घर में नल नहीं लगाया गया। नतीजतन योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। स्थानीय ग्रामीण लवकुश कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि जब गांव में नल-जल योजना शुरू हुई थी, तब लोगों में काफी खुशी थी और उम्मीद जगी थी कि पेयजल की समस्या दूर होगी। लेकिन पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी योजना अधूरी पड़ी है। उन्होंने कहा कि कई बार पीएचईडी विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई, बावजूद इसके कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ता है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को अपने मवेशियों के साथ दूसरे गांवों में पानी के लिए भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं पीएचईडी विभाग से जल्द योजना को पूर्ण कर चालू कराने की मांग की है।

# रांची में पिटाई से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। राजधानी में रांची के डोरंडा इलाके में मारपीट में घायल तनवीर नाम के युवक की इलाज के दौरान हुई मौत के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित होकर सड़क पर उतर आए हैं। परिजनों के साथ स्थानीय लोगों ने तनवीर के शव के साथ डोरंडा थाना का घेराव कर दिया।

**वारदात में शामिल आरोपियों की गिरफ्तरी की मांग**

रांची के डोरंडा मनीटोला में हुए मारपीट में घायल युवक तनवीर की इलाज के दौरान मौत हो गई। तनवीर की मौत से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर डोरंडा थाना का घेराव कर दिया। थाना के बाहर तनवीर के शव के साथ परिजन और स्थानीय लोग इंसाफ की मांग कर रहे हैं।

मौके पर मौजूद पुलिस की टीम लोगों को समझाने बुझाने का काम कर रही है। हालांकि तनवीर की मौत के बाद पुलिस ने बुधवार को ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। लेकिन परिजनों की मांग है कि तनवीर की हत्या में शामिल हर अपराधी को गिरफ्तार किया जाए।

# 9 शिक्षकों के सहारे 1,435 छात्राओं की पढ़ाई, बदहाल व्यवस्था में चल रहा चतरा का बालिका उच्च विद्यालय




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा**। जिले के राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रही है। विद्यालय में छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन शिक्षकों और आधारभूत सुविधाओं की भारी कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। आलम यह है कि 1,435 छात्राओं की पढ़ाई मात्र 9 शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रही है। इससे न केवल शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है, बल्कि छात्राओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। विद्यालय में शिक्षकों की कमी लंबे समय से बनी हुई है। विभिन्न विषयों के लिए पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं होने के कारण कई विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है। एक-एक शिक्षक को कई कक्षाओं और विषयों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है। इसका सीधा असर छात्राओं की पढ़ाई और परीक्षा परिणाम पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

सिर्फ शिक्षक ही नहीं, विद्यालय में कमरों की भी भारी कमी है। स्थिति यह है कि एक ही कमरे में दो-दो सेक्शन के छात्राओं को बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही है। इससे पढ़ाई का माहौल प्रभावित हो रहा है। कक्षा में अत्यधिक भीड़ होने के कारण छात्राओं को बैठने में परेशानी होती है और शिक्षक भी सही ढंग से पढ़ाने में असहज महसूस करते हैं। कई बार शोर-शराबे और जगह की कमी के कारण छात्राएं पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पातीं।

विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा पूजा कुमारी ने बताया कि स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी है। इसके बावजूद शिक्षक किसी तरह बच्चों को पढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई विषयों की पढ़ाई प्रभावित होती है, जिससे छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं छात्रा कनक कुमारी ने कहा कि विद्यालय में कमरों का अभाव है। एक ही कक्षा में दो सेक्शन के बच्चों को बैठाने से काफी परेशानी होती है। भीड़ अधिक होने के कारण पढ़ाई का माहौल सही नहीं बन पाता।

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुव्यवस्था से गर्मी में मरीज हलकान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग**। झारखंड के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का सबसे बड़ा अस्पताल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एक बार फिर अपनी बदहाल व्यवस्था के लिए चर्चा में आया है। करोड़ों के बजट और बड़े-बड़े जेनरेटर सोलर सिस्टम होने के बावजूद अस्पताल में भर्ती मरीज बिजली नहीं रहने से भीषण गर्मी में तड़प रहे हैं। अस्पताल के वार्ड में न तो पंखे चल रहे हैं और न ही एसी। इस कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी हो रही है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजन इन दिनों बिजली संकट से जूझ रहे हैं।अस्पताल के कई वार्डों में घंटों बिजली गुल रहने से मरीज पसीने में तरबतर हो रहे हैं। आलम यह है कि मरीजों को राहत देने के लिए परिजन घर से टेबल फैन और हाथ वाले पंखे लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों का कहना है कि गर्मी के कारण मरीजों की हालत और बिगड़ रही है, लेकिन अस्पताल प्रबंधन इस ओर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। मरीजों के परिजनों का आरोप है कि एक वार्ड में 14 से 15 बेड हैं, लेकिन वहां केवल 2 या 3 सीलिंग फैन लगे हैं, जिनमें से कई खराब पड़े हैं। हैरानी की बात यह है कि अस्पताल परिसर में करोड़ों की लागत से बड़े-बड़े जेनरेटर और सोलर सिस्टम लगाए गए हैं, बावजूद इसके बिजली कटते ही पूरा अस्पताल अंधेरे में डूब जाता है।

# जमशेदपुर में अब ट्रेनें नहीं चलेंगी लेट, सरयू राय के आंदोलन का असर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर**। दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम अनिल कुमार जैन ने पहली बार चक्रधरपुर रेल मंडल का दौरा किया। जीएम खड़गपुर में बैठक करने के बाद घाटशिला रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां वर्तमान इंफ्रास्ट्रक्चर की जानकारी ली और नए डेवलपमेंट के लिए बैठक की। इस दौरान चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम, सीनियर डीसीएम, जमशेदपुर लोकसभा सांसद विद्युत वरण महतो के अलावा रेलवे के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**पहले पैसेंजर ट्रेन चलाने का निर्देश**

घाटशिला में बैठक के बाद एसइआर जीएम टाटानगर रेलवे स्टेशन पहुंचे और स्टेशन के रीडेवलपमेंट कार्यों की समीक्षा कर निरीक्षण किया। इस दौरान जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के जदयू विधायक सरयू राय ने ट्रेनों में देरी को लेकर एसइआर जीएम के साथ बैठक की। इसके बाद जीएम ने मालगाड़ी को रोककर पहले पैसेंजर ट्रेन चलाने का निर्देश दिया। इस पर सरयू राय ने कहा कि जीएम की बातों से संतुष्ट हैं, लेकिन इस पर निगरानी रखी जाएगी। बता दें कि ट्रेनों में देरी को लेकर सरयू राय के नेतृत्व में यात्री संघर्ष समिति बनाई गई थी। जिसके बैनर तले रेलवे के मनमाने रवैये को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा था। सरयू राय इस गंभीर मुद्दे को दिल्ली तक ले जाने की तैयारी में थे। उनका आरोप था कि यात्री ट्रेन को रोककर मालगाड़ी को प्रमुखता दी जा रही है।

एसइआर जीएम से वार्ता के बाद विधायक सरयू राय ने बताया कि SER जीएम ने निर्देश दिया है कि पहले पैसेंजर ट्रेन का परिचालन होगा फिर मालगाड़ी का। जिससे यात्रियों को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन सही समय पर चल रही है या नहीं इस पर भी ध्यान रखा जाएगा। सरयू राय ने बताया कि लंबे समय बाद जमशेदपुर पर रेलवे का ध्यान आकृष्ट हुआ है। इसे लेकर विकास कार्य किए जा रहे हैं। यह अच्छी पहल है।

# ईदगाहों और मस्जिदों में अता की गई बकरीद की नमाज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को बकरीद (ईद-उल-जुहा) का पर्व धार्मिक आस्था और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा कर देश में अमन, चैन और शांति की दुआ मांगी। प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक के समीप बैतुल मुकर्रम ईदगाह, अमझर शरीफ ईदगाह एवं मस्जिद, पचरूखिया, रघुनाथपुर, पीरू, गहना, सलेमपुर सहित अन्य मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ी रही। नमाज अदा कराने वाले हाफिजों एवं उलेमाओं ने लोगों को आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आपसी सद्भाव और एकता से समाज में शांति एवं सुकून कायम रहता है। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख आरिफ रिजवी, जिला परिषद प्रतिनिधि मो. एकलाख खान, डॉ. अता रिजवी, समाजसेवी भोला कुरैशी, सैयदना दारूल उलूम मस्जिद के असगर इमाम तथा तऊआब खान समेत कई लोगों ने आपसी द्वेष भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया। वहीं पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, सीओ कौशल्या कुमारी, बीपीआरओ एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में निगरानी करते रहे।

# भगन बिगहा स्थित बायोगैस प्लांट का ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड के खिरियावां पंचायत के जोगड़ी टोले भगन बिगहा गांव में एक बायोगैस प्लांट का निर्माण कराया गया है। इसका लक्ष्य 50 घरों में कनेक्शन देना था परंतु अबतक केवल 16 घरों में कनेक्शन मिल पाया है। बता दें कि इस प्लांट का निर्माण देश की स्वच्छता की दिशा में आगे बढ़ाने और महिलाओं के जीवन भी धुएं से मुक्त करने के उद्देश्य से किया गया है। वहीं अधिकारियों की अनदेखी और लापरवाही के कारण इसका लाभ नहीं मिल रहा है। बता दें कि प्लांट के संचालन के लिए प्रतिदिन दो टन गोबर की आवश्यकता होती है। यदि गांव के सभी घरों में गैस से खाना पकाया जाए तो प्रतिदिन पांच टन गोबर की जरूरत होती है। किसानों और पशुपालकों से गोबर की खरीद मूल्य 50 पैसे प्रति किलो निर्धारित की गई है। बता दें कि पिछले सात महीनों से कर्मियों के वेतन नहीं मिला है। मजदूरी नहीं मिलने के कारण दोनों कर्मियों ने गोबर लगाने का काम बंद कर दिया है। लगभग 1० दिनों से प्लांट में गोबर नहीं डाला गया है जिससे गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है। प्लांट को चालू करने पर पहले से जमा अपशिष्ट से कुछ गैस बैलून में जमा होती है परंतु यह आधे घंटे में ही समाप्त हो जाती है। इधर गांव में पशुपालकों के दरवाजे पर गोबर एकत्रित हो गया है। मिक्सिंग मशीन पिछले दो माह से खराब है जिसे मरम्मत के लिए भेजा गया था।

# प्राथमिक शिक्षक संघ के वरीय उपाध्यक्ष सुमित्रानंदन पंत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। औरंगाबाद प्राथमिक शिक्षक संघ के वरीय उपाध्यक्ष सह हसपुरा पटेल सेवा संघ के संरक्षक दिवंगत सुमित्रानंदन पंत की तीसरी पुण्यतिथि गुरुवार को दाउदनगर प्रखंड के कनाप पंचायत अंतर्गत देवी विगहा गांव में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मनाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक संगठनों से जुड़े गणमान्य लोगों ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के प्रदेश महासचिव राजेंद्र सिंह जार्ज उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य रामएकबाल सिंह ने की, जबकि संचालन जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरुण प्रसाद सिंह ने किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत सुमित्रानंदन पंत के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि सुमित्रानंदन पंत शिक्षक समाज के मजबूत पुरोधा और स्पष्टवादी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने जीवनभर शिक्षक हित, सामाजिक सरोकार और पटेल सेवा संघ को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। शिक्षक आंदोलन को सशक्त बनाने में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। सभा को हृदयानंद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रंजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबू, राजद अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, देवनारायण यादव, काशीनाथ सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष चंद्रेश पटेल, अरविंद कुमार वर्मा, रामजीत सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, गुप्तेश्वर सिंह, कुर्मी विकास समिति के संतोष कुमार, अभिमन्यु सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, विजय कुमार अकेला, सुबोध पटेल, संतोष कुमार, राजेंद्र सिंह, शिवबचन सिंह, विनय पटेल, अरविंद सिन्हा, आत्मा सिंह समेत दर्जनों लोगों ने संबोधित किया तथा दिवंगत पंत की जीवनी और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला।

# बुजुर्गों को आयुष्मान वय वदंना योजना की दी जानकारी, आज लगेगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित आयुष्मान वय वंदना योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गुरुवार को सदर प्रखंड के जगदीशपुर गांव में स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर बुजुर्गों को योजना की जानकारी दी गई।

संस्था के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि आयुष्मान भारत योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना है, जिसके तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत से निबंधित देश के किसी भी अस्पताल में गंभीर बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन निःशुल्क कराया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 23 सितंबर 2018 को झारखंड के रांची से इस योजना की शुरुआत की गई थी। वहीं, 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए 29 अक्टूबर 2024 से आयुष्मान वय वंदना योजना लागू की गई, जिसके तहत प्रत्येक बुजुर्ग को व्यक्तिगत रूप से पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए राशन कार्ड अनिवार्य नहीं है। बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 से पथ प्रदर्शक संस्था गांव-गांव जाकर लोगों को स्वास्थ्य बीमा योजना के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ कार्ड निर्माण शिविर का आयोजन और इलाज में सहयोग भी कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत जिला क्रियान्वयन इकाई, औरंगाबाद के सहयोग से शुक्रवार को 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए वय वंदना कार्ड बनाने हेतु विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। जागरूकता अभियान में टीम पथ प्रदर्शक के सदस्य चंद्रभूषण सिंह भी उपस्थित थे।

# जेवर कारोबारी से लूट के बाद व्यापारियों का फूटा गुस्सा

## बाजार बंद कर जताया विरोध  सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जिले के गुरुआ बाजार में ज्वेलरी कारोबारी से करीब 40 लाख रुपये की लूट और गोलीबारी की घटना के बाद गुरुवार को व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। पूरे बाजार की दुकानें बंद रहीं और व्यवसायियों ने सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व्यापारियों ने अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी, लूटे गए जेवरात की बरामदगी और बाजार में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

घटना के विरोध में गुरुआ बाजार के व्यवसायियों ने स्वतः बाजार बंद रखा। विरोध प्रदर्शन में पंचायत के पूर्व मुखिया मुरारी प्रसाद, वर्तमान मुखिया पति सह राजद के पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार यादव समेत बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अपराधियों के बढ़ते मनोबल से व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी।

जानकारी के अनुसार, गुरुआ बाजार स्थित एस ब्रदर्स ज्वेलरी दुकान के प्रोपराइटर प्रभाकर कुमार वर्णवाल बुधवार शाम रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए दो बाइक पर सवार पांच हथियारबंद अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने हथियार के बल पर बैग छीनने की कोशिश की और विरोध करने पर गोली चला दी।

गोली प्रभाकर कुमार की दाहिनी जांघ में लगी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद अपराधियों ने उनके हाथ से जेवरात से भरा बैग छीन लिया। बताया जा रहा है कि बैग में करीब 40 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, जरूरी कागजात और अन्य सामान मौजूद थे। घटना में दुकान के स्टाफ सुभाष सिंह भी घायल हो गए। अचानक हुई फायरिंग से बाजार में भगदड़ मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अपराधी बस स्टैंड की ओर से आए थे और वारदात को अंजाम देने के बाद बरतल्ला मोड़ होते हुए गुरारू की दिशा में भाग निकले। भागने के दौरान बदमाश लगातार फायरिंग करते रहे, ताकि कोई उनका पीछा न कर सके। घटना के बाद इलाके में भय और तनाव का माहौल कायम है।

घटना की सूचना मिलते ही गुरुआ थानाध्यक्ष मनेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं एसएसपी सुशील कुमार, शेरघाटी एसडीपीओ संदीप कुमार और सर्किल इंस्पेक्टर नेयाज अहमद ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। घटनास्थल से खोखे भी बरामद किए गए हैं।

## एआई से जुड़ेगा डायल-112

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में आपातकालीन सहायता सेवा डायल-112 को अब और आधुनिक बनाया जाएगा। गृह विभाग इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से जोड़ने की तैयारी कर रहा है।उद्देश्य यह है कि पीड़ितों तक मदद और तेजी से पहुंच सके। कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली को भी तकनीक के जरिए मजबूत किया जाएगा।

काल रिकॉर्डिंग से लेकर रिस्पॉन्स सिस्टम तक अक का इस्तेमाल बढ़ेगा। इस दिशा में गृह विभाग ने पुलिस अधिकारियों को विशेष टास्क दिया है। गुरुवार को गृह विभाग में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक केंद्रीय गृह सचिव के निर्देश पर बुलाई गई थी। इसकी अध्यक्षता गृह विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने की। बैठक में पुलिस मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# सुरक्षाकर्मियों ने मरीज और परिजनों पर बरसायीं लाठियां

## महिला के साथ भी धक्का-मुक्की, दो के फटे सिर




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पीएमसीएच में गुरुवार की सुबह सुरक्षाकर्मियों की गुंडागर्दी का एक बड़ा मामला सामने आया है। इमरजेंसी वार्ड के पास बाइक पार्किंग को लेकर हुए मामूली विवाद में गार्ड्स ने मरीजों और उनके परिजनों पर लाठियां बरसा दीं। इस हिंसक झड़प में दो लोगों के सिर फट गए, जबकि बीच-बचाव करने आई एक महिला के साथ भी धक्का-मुक्की और बदसलूकी की गई। हैरान करने वाली बात यह है कि यह पूरी घटना मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के सामने होती रही।

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना सुबह करीब 10:30 बजे की है। बिहटा के कंचनपुर निवासी विमल कुमार अपनी बाइक से पीएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड के पास पहुंचे थे। जब वह अपनी बाइक पार्क कर रहे थे, तभी वहां तैनात गाड्र्स ने उन्हें वहां पार्किंग करने से रोक दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कई गाड्र्स ने मिलकर विमल कुमार पर हमला कर दिया। गाड्र्स ने विमल को इस कदर पीटा कि उनका सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े।

विमल को सड़क पर तड़पता देख जब अस्पताल में मौजूद अन्य लोगों ने गाड्र्स का विरोध किया, तो सुरक्षाकर्मी और उग्र हो गए। पटना के भट्टाचार्य रोड के रहने वाले प्रेम कुमार अपनी पत्नी का इलाज कराने अस्पताल आए थे। उन्होंने जब विमल को बचाने की कोशिश की, तो गाड्र्स ने उन्हें भी नहीं बख्शा। प्रेम कुमार की भी बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उनका भी सिर फट गया। उन्हें तुरंत अस्पताल में ही प्राथमिक उपचार देना पड़ा।

# हर्षोल्लास से मनाया गया ईद-उल-अजहा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजी नगर।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा बकरीद का पर्व आस्था, भाईचारे एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने इबादत कर अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। प्रखंड के परशुराम गांव स्थित समीर सुन्नी जामा मस्जिद में ईद-उल-अजहा को लेकर बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। निर्धारित समय पर इमाम द्वारा विशेष नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चों एवं युवाओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। रहटौली, हबका, नूरगंज सहित आसपास के शाहिद क्षेत्र की सभी मस्जिदों में भी बकरीद का पर्व हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। नमाज के बाद लोगों ने कुर्बानी की रस्म अदा की तथा गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच मांस का वितरण कर इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया। त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। हथौड़ी थाना अध्यक्ष मौसम अपने दल-बल के साथ लगातार क्षेत्र में गश्ती करती रहीं। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। प्रशासन की सक्रियता से पूरे क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द का माहौल बना रहा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने लोगों को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

# नवादा-बीटी बीघा सड़क मरम्मत कार्य पर लोगों के उठ रहे सवाल

## नाराज लोगों ने रूकवाया मरम्मत कार्य

### जेई ने स्वीकारा कार्य में हो रही देरी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** प्रखंड के नवादा गांव से बीटी बीघा मोरहर छोर तक चल रहे ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्य में अनियमितता बरते जाने की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों ने संवेदक पर घटिया निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को सड़क निर्माण कार्य रुकवा दिया। ग्रामीण निरंजन सिंह, शिवपूजन समेत अन्य लोगों का कहना है कि सड़क को उखाड़कर नए सिरे से मरम्मति की जानी थी, लेकिन संवेदक द्वारा पुरानी सड़क पर ही चारकोल और निर्माण सामग्री की एक परत डालकर काम किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल शेरघाटी-2 द्वारा इस सड़क के प्रथम पांच वर्षों की मरम्मत के लिए 58 लाख 39 हजार रुपये की प्राक्कलित राशि आवंटित की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं कराया जा रहा, जिससे सड़क जल्द ही फिर खराब हो सकती है। इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई।

इधर विभागीय जेई श्याम बिहारी प्रसाद ने बुधवार को बताया कि 3.120 किलोमीटर लंबी सड़क का मरम्मत कार्य दो चरणों में किया जाना है।

पहले चरण में पांच वर्षों के लिए मरम्मत कार्य कराया जा रहा है, जबकि दूसरे चरण में अंतिम सातवें वर्ष में टूट-फूट के अनुसार कार्य होगा। उन्होंने बताया कि मां कोमली कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़क की मरम्मत कराई जा रही है।

जेई ने स्वीकार किया कि कार्य 12 मई 2026 तक पूरा होना था, लेकिन संवेदक की ओर से थोड़ी देरी हुई है। हालांकि अब कार्य ने गति पकड़ ली है और एक से दो सप्ताह के भीतर इसे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को विभागीय प्रक्रिया की पूरी जानकारी नहीं थी, जिसके कारण भ्रम की स्थिति बनी थी। समझाने के बाद अब कार्य फिर से नियमित रूप से जारी है।

# दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में विशाल भंडारा व शर्बत वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत देने, तालाब से प्राचीन काले पत्थर की भगवान की प्राचीन व दुर्लभ मूर्ति मिलने से उत्साहित व क्षेत्र के लोगों की खुशहाली के उद्देश्य से एकमा प्रखंड के आमडाढ़ी-कर्णपुरा गांव स्थित रेलवे गुमटी के समीप श्रीराम जानकी सह दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सैन्य परिवार की ओर से भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन एवं श्री सुंदरकांड पाठ के उपरांत पूरे दिन विशाल भंडारे व शर्बत वितरण का कार्यक्रम जारी रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन आमडाढ़ी- कर्णपुरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार सिंह ने किया। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। मंदिर के पुजारी रामदास जी महाराज, मेडिकल स्पेशलिस्ट एवं सेवानिवृत्त कर्नल विनय कुमार, जदयू नेता जितेंद्र सिंह, जिला जदयू उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह उर्फ महेश सिंह, युवा नेता एवं विधायक पुत्र संदीप कुमार सिंह मन्नू, सत्येंद्र भवानी, रोशन भवानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ सिंह, वीरेश सिंह, सरपंच प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि भरत सिंह, राजमोहन सिंह, शिक्षक शैलेश कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह, कमल कुमार सिंह, दिग्विजय कुमार गुप्ता, आलोक कुमार सिंह, कुमार रमेश, जनक देव सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह, सूबेदार मेजर संजय कुमार सिंह, हवलदार के. के. सिंह, हवलदार बीके सिंह, हवलदार एसके सिंह, प्रांशु कुमार, मनोरंजन सिंह, गुड्डू फौजी अधिवक्ता आदित्य सिंह, बीपीआरओ सूरज कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित तिवारी, सीनियर जर्नलिस्ट के. के. सिंह सेंगर, रुचि सिंह सेंगर, संजीत कुमार अकेला, विनीत कुमार समेत अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# पुलिस टीम को दिखा तेंदुआ शावक

## इलाके में दहशत का माहौल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पश्चिम चंपारण।** पिपरासी थाना क्षेत्र स्थित पिपरासी पंचायत के खैरा टोला ढाला के समीप बुधवार की रात गश्ती के दौरान पुलिस टीम को तेंदुए का एक शावक दिखाई दिया। शावक रिहायशी इलाके से निकलकर दियारा क्षेत्र की ओर जाता नजर आया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

थानाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि 112 पुलिस टीम पीपी तटबंध से गश्त कर वापस लौट रही थी। इसी दौरान वाहन की रोशनी पड़ते ही पिपरासी गांव की तरफ से एक तेंदुए का शावक तेजी से दियारा क्षेत्र की ओर भागता दिखाई दिया।

पुलिसकर्मियों ने डर के बीच उसका वीडियो भी बना लिया। वाहन की लाइट देखकर शावक काफी तेज गति से भाग रहा था। अचानक तेंदुए को देखकर महिला पुलिस बल भी घबरा गई।

थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में एक वयस्क तेंदुआ और उसके दो शावकों के विचरण करने की सूचना है। लगातार अलग-अलग स्थानों पर उनकी मौजूदगी से ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

बीते दिनों भगड़वा सरेह में एक तेंदुए ने बछड़े को मार डाला था। वहीं इससे पहले बलुआ ठोरी पंचायत में तेंदुए के शावक ने दो महिलाओं पर हमला कर दिया था, जिसमें पतरी देवी घायल हो गई थीं।

ग्रामीणों के अनुसार पिपरासी दियारे के बउक धोबी बथान के आसपास भी तेंदुए की गतिविधि देखी जा रही है। लगातार ठिकाना बदलने के कारण वन विभाग की टीम अब तक तेंदुओं को पकड़ने में सफल नहीं हो सकी है। वन विभाग की टीम लगातार खोज अभियान चला रही है।

ग्रामीण विजय कुशवाहा, पूर्व मुखिया जगदीश यादव, मुकेश यादव और विवेक यदुवंशी ने बताया कि तेंदुओं के लगातार विचरण से लोग डरे हुए हैं। किसान और मजदूर दियारा क्षेत्र में खेती के लिए जाने से बच रहे हैं। कुछ दिन पहले यूपी सीमा से आए एक खूंखार तेंदुए ने बिहार और यूपी के आठ लोगों को घायल कर दिया था। उसमें घायल मनिया छापर की एक महिला का अब भी इलाज चल रहा है। बाद में वन विभाग ने उस तेंदुए का रेस्क्यू कर पकड़ लिया था और सुरक्षित रूप से गोरखपुर चिड़ियाघर भेज दिया था।

# फार्म भरने निकले युवक का अपहरण कर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कंकौल गांव से छात्रवृत्ति योजना का फार्म भरने निकले एक युवक की रहस्यमय तरीके अपहरण कर हत्या कर दी गई। शव खगड़िया के बेलदौर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है।

स्वजनों ने गांव के ही दो युवकों पर आरोप लगाया है। घटना के बाद गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपित युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान कंकौल निवासी रामउदय यादव के पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। स्वजनों के अनुसार विकास ने इसी वर्ष मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की थी। बुधवार दोपहर वह अपनी मां से छात्रवृत्ति योजना का फार्म भरने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। स्वजनों ने गांव के ही मुसो यादव के पुत्र विकास यादव तथा बुलबुल यादव के पुत्र मोहित यादव उर्फ कारेलाल पर अपहरण कर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

बताया जा रहा है कि कुछ माह पूर्व फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो वायरल करने के मामले में मुसो यादव के पुत्र विकास यादव को जेल भेजा गया था। करीब एक माह पूर्व वह जमानत पर बाहर आया था। इसी विवाद को लेकर बदला लेने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार पूछताछ में यह बात सामने आई है कि मोहित यादव उर्फ कारेलाल विकास कुमार को बाइक पर बैठाकर बलिया ले गया था, जहां उसने उसे अपने रिश्तेदार के यहां ठहराया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मुफस्सिल थाना पहुंच गए और युवक की बरामदगी की मांग करने लगे। स्थिति को देखते हुए सदर-वन डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। विकास की मां सुनीता देवी ने बताया कि उनका बेटा सरकार से मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि के लिए फार्म भरने घर से निकला था।

# कटहल की आड़ में लायी जा रही गांजे की बड़ी खेप धरायी

## उड़ीसा से लायी गयी थी गांजे की खेप, चालक धराया



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डेहरी आन सोन ।** नगर थाना पुलिस को नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग के जवाहर सेतु के पास पाली में एक पिकअप से लगभग 500 किलो गांजा गुरुवार को बरामद किया है।

कटहल की आड़ में गांजा छिपाकर उड़ीसा से लाया जा रहा था। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।एसडीपीओ एएसपी अतुलेश झा ने यह जानकारी डेहरी नगर थाना में प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली कि एक उजले रंग की पिकअप गाड़ी पर कटहल लोड कर उसके नीचे भारी मात्रा में गांजा छिपाकर उड़ीसा के संबलपुर से लाया जा रहा है।

गाड़ी कुछ ही देर में जवाहर सेतु पार करने वाली है। सूचना पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में थानाध्यक्ष राहुल कुमार, पुअनि संजय विकास त्रिपाठी, सेफु कुमारी, अंजली कुमारी, राजबल्लभ कुमार, बिमलेश कुमार, हरिनेश कुमार, एसटीएफ और तकनीकी शाखा की टीम शामिल थी।

उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने नगर थाना क्षेत्र के पाली मोड़ के पास लक्ष्मी टीवीएस के सामने रोड पर वाहन चेकिंग शुरू की। इस दौरान उजले रंग की पिकअप गाड़ी, जिस पर कटहल लदा था और तिरपाल से ढका हुआ था, को रोका गया। तलाशी लेने पर कटहल के नीचे छिपाकर रखा गया लगभग 500 किलोग्राम गांजा व 15 क्विंटल कटहल बरामद हुआ।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चालक की पहचान सत्येन्द्र कुमार गांधीनगर, थाना कोचस, जिला रोहतास के रूप में हुई है।

पूछताछ में उसने बताया कि बरामद गांजा उड़ीसा से झारखंड के रास्ते औरंगाबाद होकर मोहनिया ले जाया जा रहा था। उसने तस्करी में शामिल मोहनिया के अन्य व्यक्तियों के नाम भी उजागर किए हैं।

पिकअप व मोबाइल जब्त किया गया है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। कैमूर पुलिस से समन्वय स्थापित कर मोहनिया के संलिप्त व्यक्तियों पर भी कार्रवाई होगी। इस सराहनीय कार्य के लिए टीम के सभी सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# दिल्ली-हावड़ा के बीच चलेंगी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने नई दिल्ली और हावड़ा के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है।

इन स्पेशल ट्रेनों का ठहराव दानापुर रेल मंडल अंतर्गत आरा जंक्शन पर भी होगा, जिससे भोजपुर जिले एवं आसपास के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

हाजीपुर रेलवे जोन के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि ट्रेन संख्या 04048/04047 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल तथा ट्रेन संख्या 04050/04049 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल का परिचालन किया जाएगा।

ट्रेन संख्या 04048 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल 28 मई को नई दिल्ली से शाम 6:15 बजे खुलेगी। यह ट्रेन अगले दिन सुबह 10:30 बजे डीडीयू, 11:40 बजे बक्सर और दोपहर 12:25 बजे आरा जंक्शन पहुंचेगी। इसके बाद पटना, झाझा सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए रात 11:40 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 04047 हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल 30 मई को रात 1:40 बजे हावड़ा से खुलेगी और पटना होते हुए दोपहर 12:24 बजे आरा जंक्शन पहुंचेगी। इसके बाद बक्सर, डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 8:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

इसी प्रकार ट्रेन संख्या 04050 नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल 30 मई को नई दिल्ली से रवाना होगी और अगले दिन 12:25 बजे आरा जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04049 हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल एक जून को हावड़ा से खुलेगी तथा दोपहर 12:24 बजे आरा जंक्शन पहुंचेगी।

## ट्रक के धक्के से आइसक्रीम विक्रेता की मौत

**जमुई।** तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 40 वर्षीय आइसक्रीम विक्रेता बिरजू यादव की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रखा। पुलिस ने ट्रक जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

जमुई जिले के गिद्धौर-झाझा मुख्य राजमार्ग पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में आइसक्रीम विक्रेता बिरजू यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना गिद्धौर थाना क्षेत्र के संसारपुर गांव के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। मृतक की पहचान गंगरा पंचायत के तारडीह गांव निवासी 40 वर्षीय बिरजू यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बिरजू यादव रोज की तरह झाझा के दादपुर स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री से सामान लाने जा रहे थे। इसी दौरान गिद्धौर की ओर से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

# दो वर्षों से संपर्क विहीन है रांची-खूंटी सीमा पर स्थित तुपुदाना ओपी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** डिजिटल इंडिया के इस दौर में जहां पुलिसिंग को हाई-टेक और चुस्त-दुरुस्त बनाने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं झारखंड की राजधानी रांची में एक ऐसा थाना भी है जो पिछले दो साल से पूरी तरह 'संपर्क विहीन' है। हम बात कर रहे हैं रांची-खूंटी सीमा पर स्थित तुपुदाना ओपी (आउटपोस्ट) की, जिसके पास आम जनता से जुड़ने के लिए कोई आधिकारिक या सार्वजनिक सरकारी मोबाइल नंबर ही नहीं है।

वजह बेहद दिलचस्प और उतनी ही हैरान करने वाली है—थाने का सरकारी मोबाइल नंबर दो साल पहले प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने जब्त कर लिया था, जो आज तक वापस नहीं मिल सका है। इस अजब-गजब कहानी की शुरूआत साल 2023 में हुई थी। तुपुदाना ओपी की तत्कालीन प्रभारी मीरा सिंह पर बालू और जमीन के अवैध कारोबार में लिप्त होने के गंभीर आरोप लगे थे।

भ्रष्टाचार की यह सूचना जब ईडी तक पहुंची, तो एजेंसी ने मीरा सिंह के आवास पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान ईडी ने तुपुदाना ओपी का आधिकारिक सरकारी मोबाइल सहित कुल 8 मोबाइल फोन जब्त कर लिए थे।

उस छापेमारी के बाद से आज तक इस थाने को नया सरकारी नंबर नसीब नहीं हो पाया। इस दो साल के कार्यकाल में शशिकांत, दुलाल महतो और सिद्धांत कुमार के रूप में तीन नए थाना प्रभारी आए और चले गए।

लेकिन किसी ने भी जनता की सुविधा के लिए एक स्थाई सार्वजनिक नंबर की व्यवस्था नहीं की। हद तो तब हो गई जब साल 2020 में ही बकाया बिल का भुगतान न होने के कारण इस थाने का लैंडलाइन फोन भी डिस्कनेक्ट कर दिया गया था।

पूर्व में उग्रवाद प्रभावित रहा तुपुदाना क्षेत्र भौगोलिक रूप से काफी संवेदनशील है। किसी भी आपातकालीन स्थिति, दुर्घटना या अपराध की सूचना पुलिस को देने के लिए यहां की स्थानीय जनता के पास कोई सीधा माध्यम नहीं है।

इस समस्या से निपटने के लिए थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने करीबियों और चहेतों को अपने पर्सनल मोबाइल नंबर बांट रखे हैं। नतीजतन, अगर क्षेत्र में कोई बड़ी वारदात या दुर्घटना होती है, तो आम नागरिक सीधे पुलिस से संपर्क नहीं कर पाता।

उन्हें पहले पुलिस के मददगारों या चहेतों को ढूंढना पड़ता है, फिर उनके जरिए पर्सनल नंबरों पर सूचना पहुंचाई जाती है। यह पूरी व्यवस्था किसी सरकारी तंत्र के बजाय एक निजी सिंडिकेट की तरह काम कर रही है।

# थाने में करायी गयी शादी पर एसपी ने लिया संज्ञान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** करताहां थाना परिसर में प्रेमी-प्रेमिका की शादी कराए जाने के मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने एसडीपीओ सदर-2 गोपाल मंडल को मामले की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है।

बताया गया कि बीते मंगलवार को थाना परिसर में पुलिस की उपस्थिति में प्रेमी-प्रेमिका की शादी कराई गई थी। इसकी खबर मीडिया में आने के बाद इसे लेकर बहस शुरू हो गई है। कानून के जानकारों का कहना है कि शादी सामाजिक स्तर पर दोनों परिवारों की सहमति से मंदिर में या फिर कोर्ट मैरिज रजिस्ट्रार के माध्यम से होती है। थाना में शादी कराना नियमों के अनुरूप नहीं है।

मालूम हो कि मंगलवार को मुजफ्फरपुर जिले की एक शादीशुदा महिला करताहां थाना पहुंची थी। उसने थानाध्यक्ष को थाना क्षेत्र के कंचनपुर धनुषी निवासी छोटू कुमार के साथ चल रहे प्रेम संबंध की जानकारी दी।

इसके बाद पुलिस ने छोटू को थाना बुलाया। थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों के स्वजन से बातचीत की। उनकी सहमति के बाद थाना परिसर में ही उनकी शादी करा दी गई। हालांकि, महिला के स्वजन इस शादी में शामिल नहीं हुए।

अधिवक्ता संतोष कुमार ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता या भारतीय न्याय संहिता में पुलिस को थाने के अंदर प्रेमी-प्रेमिका की शादी कराने का कोई अधिकार नहीं दिया गया है।

पुलिस अधिकारी का कार्य कानून-व्यवस्था बनाए रखना और अपराधों की जांच करना है, न कि शादी कराना। पुलिस का दायित्व बालिग प्रेमी-प्रेमिका को सुरक्षा देना है, यदि उनकी जान को खतरा हो।

इस संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि करताहां थाना परिसर में हुई शादी के मामले में पुलिस अधीक्षक ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश दिया है।

# सरकारी जमीन पर खेल करने वालों की अब खैर नहीं : मंत्री

## सुपौल, रोहतास एवं पटना की समीक्षा में मंत्री सख्त, भ्रष्टाचार और लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने तीसरे दिन यानी बुधवार की देर शाम विभागीय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुपौल, रोहतास एवं पटना जिले के राजस्व कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सरकारी जमीन की सुरक्षा और रिकॉर्ड दुरुस्ती को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए स्पष्ट कहा कि सरकारी जमीन का बंदरबांट अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि सरकारी जमीन को गलत तरीके से किसी अन्य व्यक्ति के नाम किया गया तो इसके लिए जिम्मेवार अधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस विषय पर शीघ्र कानून बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि जमीन से ही विकास की आगे की राह तय होती है। इसलिए, सरकारी जमीन का सही रिकॉर्ड और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जमीन से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, देरी अथवा मिलीभगत को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित कार्यों के निष्पादन का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता और अंचलाधिकारी मौजूद रहे।

**भूमिहीन परिवारों को वास की भूमि उपलब्ध कराना सरकार का लक्ष्य**

राजस्व मंत्री ने समीक्षा के दौरान कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीन परिवारों को वास की भूमि उपलब्ध कराना लक्ष्य है। इसलिए इस कार्य में लापरवाही स्वीकार नहीं है। सभी ऐसे परिवारों को चिन्हित कर उन्हें जमीन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के कार्यों में देरी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अंचल के दलालों पर नजर रखकर काम करने की जरूरत है। भ्रष्टाचार पर निगरानी के लिए आर्थिक अपराध इकाई का विशेष सेल गठित किया गया है और विभाग के करीब पौने दो सौ अधिकारी उसकी निगरानी में हैं। मंत्री ने दो टूक कहा कि मंत्री से लेकर अधिकारी तक हर कुर्सी को ईमानदार होना होगा, तभी भ्रष्टाचार पर प्रभावी वार संभव है। समीक्षा के दौरान म्यूटेशन डिफेक्ट चेक, ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अभियान बसेरा, गवर्नमेंट लैंड वेरिफिकेशन, राजस्व महा-अभियान, पब्लिक ग्रीवांस, सहयोग शिविर, फॉर्मर रजिस्ट्रेशन तथा आरसीएमएस के विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। राजस्व मंत्री ने लंबी अवधि से लंबित मामलों के तत्काल निष्पादन का निर्देश दिया। विभागीय ऑनलाइन व्यवस्था की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़ा हर कार्य केवल ऑनलाइन मोड में ही किया जाएगा। यदि कोई अधिकारी अब भी ऑफलाइन तरीके से काम करते पाए गए तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने संबंधित जिलों की रैंकिंग और कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अगले 15 दिनों में स्पष्ट सुधार दिखाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों को टॉप-10 में स्थान बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करना होगा तथा जनता से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना होगा। पटना जैसे बड़े एवं महत्वपूर्ण जिले की हर स्तर पर रैंकिंग में सुधार का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अगली समीक्षा में ये सुधार अवश्य हो, जिलाधिकारी और अपर समाहर्ता नियमित मॉनिटरिंग कर इस काम को पूरा करें। तीनों जिलों की समीक्षा बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी रही। राजस्व मुख्यालय में आयोजित इस समीक्षा बैठक के दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद रही। बैठक में सचिव सीमा त्रिपाठी, विशेष सचिव इनायत खान, अपर सचिव प्रशांत सीएच, डॉ. महेंद्र पाल, आजीव वत्सराज, विशेष कार्य पदाधिकारी मणि भूषण किशोर, उप निदेशक मोना झा, उप सचिव संजय कुमार सिंह, डॉ. सुनील कुमार, अरविंद कुमार, सहायक निदेशक सह जनसंपर्क पदाधिकारी जूही कुमारी तथा आईटी मैनेजर आनंद शंकर समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने मुख्यमंत्री से मिलकर कटिहार आने का दिया न्योता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री बिहार से एक अणे मार्ग में मिलकर कटिहार आने का न्योता दिया एवं कटिहार के विकास हेतु चल रहे परियोजनाओं का अवलोकन व कटिहार के औद्योगिक, पर्यटकीय एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने शीघ्र कटिहार आने का आश्वासन दिया एवं कहा कि कटिहार के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने ग्राम कचहरी में कार्यरत तथा स्थानीय नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों के नियत भत्ता में सम्मानजनक वृद्धि करने का आग्रह किया। उन्होंने कटिहार सदर प्रखंड परिसर में निर्माणाधीन प्रखंड एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की चर्चा करते हुए परिसर में प्रखंड एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए आवासीय भवन निर्माण की मांग की। ज्ञातव्य है कि पूर्व से निर्मित आवासीय भवन जर्जर हो चुका है जो रहने के लायक नहीं है जिससे प्रखंड स्तर के अधिकारियों एवं कर्मियों को कठिनाई हो रही है।



## मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएगा भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ

### 'मन की बात' से लेकर पर्यावरण और योग अभियान तक बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित कैलाशपति मिश्र सभागार में आयोजित प्रदेश पदाधिकारी और कार्यसमिति सदस्यों की बैठक में 'मन की बात', विश्व पर्यावरण दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को बिहार के सभी मंडलों में सामूहिक रूप से सुना जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला प्रभारी और कार्यक्रम संयोजकों की नियुक्ति की गई। साथ ही सभी प्रभारियों को अपने-अपने जिलों में प्रवास कर तैयारी सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सभी मंडलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जिला स्तर पर अलग-अलग प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की गई। वहीं 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी जिलों के प्रमुख पार्कों में अभ्यास समूहों के साथ योग कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को 'विश्वास बेमिसाल' अभियान के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाने के लिए विशेष जनसंपर्क अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। प्रदेश संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब, शोषित और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है और अति पिछड़ा वर्ग के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सरकार ने सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की है।

## गांधी-नेहरू की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु कांग्रेस का 'सर्वोदय संकल्प शिविर' आज से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के निर्देशन में 29, 30 एवं 31 मई को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में 'सर्वोदय संकल्प शिविर' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की विचारधारा, उनके सिद्धांतों एवं मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस शिविर में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संगठन की




विचारधारा, सामाजिक समरसता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा जनसरोकार से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि 'सर्वोदय संकल्प शिविर' का प्रथम चरण 18, 19 एवं 20 अप्रैल को सदाकत आश्रम में आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 40 से अधिक कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

## चीनी उद्योग का पुनर्जीवन, गन्ना किसानों के लिए स्वर्णिम युग की शुरुआत : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरुप बिहार की एनडीए सरकार ने राज्य के गन्ना किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने के लिए चीनी उद्योग को मिशन मोड में पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया है। 'सात निश्चय-3' योजना के तहत 25 नई अत्याधुनिक चीनी मिलें स्थापित करने और दशकों से बंद पड़ी मिलों को फिर से पुनर्जीवित करने का निर्णय बिहार की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सीएम सम्राट चौधरी का बिहार के लाखों किसानों की ओर से हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह कदम प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' 'किसान कल्याण' और 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को धरातल पर उतारने वाला है। श्री पांडेय ने कहा कि एक समय था जब बिहार देश का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक राज्य था। मोतिहारी, लौरिया, सुगौली, रीगा, मझौलिया, सासामुसा आदि की मिलों की मिठास पूरे देश में फैलती थी, लेकिन 1990 के बाद राजद सरकार की किसान-विरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के कारण एक-एक कर 28 चीनी मिलों पर ताला लग गया। लाखों परिवार बेरोजगार हो गए। हमारे गन्ना किसान अपना उत्पाद लेकर उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की मिलों में भटकने को मजबूर हुए। गन्ना बेल्ट कहे जाने वाले पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, सीवान के गांव वीरान होने लगे। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी जी ने हमेशा कहा है कि देश की तरक्की का रास्ता गांवों के खेत-खलिहान से होकर जाता है। 'सात निश्चय-3' के समन्वय से आज वह सपना साकार हो रहा है। सीएम सम्राट चौधरी ने जिस तेजी से इस परियोजना को मिशन मोड में लागू किया है, वह अभूतपूर्व है। 25 नई मिलें लगने से किसानों को अपनी फसल का बेहतर दाम मिलेगा। 1.25 लाख से अधिक युवाओं को अपने गांव-घर में ही रोजगार मिलेगा। पलायन रुकेगा और स्थानीय से वैश्विक का मंत्र साकार होगा। जहां-जहां मिलें लगेंगी, वहां सड़क, बिजली, गोदाम, कोल्ड स्टोरेज का जाल बिछेगा। पूरे गन्ना बेल्ट का कायाकल्प होगा।

## विश्व भूख दिवस पर डॉ. आनंद रंजन झा ने लिया संकल्प- 'कोई भी भूखा नहीं रहेगा'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा/वैशाली।** विश्व भूख दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने समाज से गरीबी और भूख को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेते हुए कहा कि आज सबसे बड़ी आवश्यकता लोगों को आत्मनिर्भर एवं कौशलयुक्त बनाने की है। उन्होंने कहा कि 'अगर कोई सबसे बड़ा धोखा है तो वह विकास के नाम पर भूख और गरीबी का बने रहना है। हमारा लक्ष्य ऐसा कौशल विकसित करना है जिससे कोई भी व्यक्ति बेरोजगार या भूखा न रहे।' डॉ. झा ने बताया कि कैरियर मिशन





कम्प्यूटर एकेडमी द्वारा युवाओं एवं जरूरतमंद लोगों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। संस्थान में अब ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग आधुनिक कौशल सीखकर अपने जीवन को बेहतर बना सके। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने कैरियर मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से कौशलयुक्त प्रशिक्षण कार्य को और व्यापक रूप से संचालित करने हेतु पूर्ण रूप से समर्पित रहेंगे, ताकि समाज के गरीब, बेरोजगार एवं जरूरतमंद युवाओं को शिक्षा, तकनीकी ज्ञान एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सके। डॉ. झा ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे शिक्षा, कौशल विकास एवं जागरूकता के माध्यम से भूख और गरीबी के खिलाफ इस अभियान में सहभागी बनें।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों की रचनात्मकता को मिलेगा मंच, राज्य स्तरीय स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता एक जून को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से राज्य स्तरीय स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 1 जून (सोमवार) को ज्ञान भवन में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में राज्यभर के कक्षा 01 से 10 तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में भाग लेना पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। प्रतियोगिता को विभिन्न वर्गों में विभाजित किया गया है। कक्षा 01 एवं 02 के विद्यार्थियों के लिए विषय 'फूल के गमले', कक्षा 03 एवं 04 के लिए 'फूलों के बाग और तितलियां', कक्षा 05 एवं 06 के लिए 'ध्वनि प्रदूषण के स्रोत और दुष्प्रभाव', कक्षा 07 एवं 08 के लिए 'एकल उपयोग प्लास्टिक के विकल्प' तथा कक्षा 09 एवं 10 के लिए 'जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव' निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता में उपस्थित होने का समय सुबह 9:30 बजे निर्धारित है जबकि चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10:00 बजे से 11:30 बजे तक किया जाएगा। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने राज्य के विद्यार्थियों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सशक्त बनाने की अपील की है।

## मंदिरों की घंटियां अब केवल अनुष्ठान की ध्वनि नहीं जनसेवा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नया घोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की धरती पर मंदिरों की घंटियां अब केवल आरती और अनुष्ठान की ध्वनि नहीं बन रहीं, बल्कि वे सामाजिक बदलाव, जनसेवा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नया घोष भी कर रही है। वर्षों से आस्था के केंद्र रहे मठ और मंदिर अब शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और लोककल्याण के जीवंत केंद्रों में बदलते दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के विकास विजन और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सांस्कृतिक सोच को आधार बनाकर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन के नेतृत्व ने धर्म को सीधे समाज कल्याण से जोड़ दिया है और धर्म को समाज के अंतिम व्यक्ति की जरूरतों से जोड़ते हुए सेवा का ऐसा अभिनव मॉडल खड़ा किया है जिसने बिहार की



सामाजिक चेतना को नई दिशा और नई ऊर्जा दी है। इस बदलाव की सबसे बड़ी झलक पटना के बापू सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय धार्मिक न्यास समागम में देखने को मिली जहां राज्यभर के चार हजार से अधिक मठों और मंदिरों के प्रतिनिधि, संत और अधिकारी सामाजिक सरोकारों के संकल्प के साथ एक मंच पर जुटे। माता सीता धाम की

### बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की अनूठी पहल

परिकल्पना से प्रेरित होकर पर्षद ने धार्मिक ढांचे को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का अभियान शुरू किया है। पर्षद ने मंदिरों और मठों में आने वाले चढ़ावे की राशि को जनकल्याण योजनाओं से जोड़ते हुए अनाथ बच्चों की सहायता, गरीब कन्याओं के विवाह और विकास कार्यक्रमों में उपयोग की नई व्यवस्था लागू की है। मंदिर परिसरों में स्वाध्याय केंद्र, आधुनिक पुस्तकालय और निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत कर नई पीढ़ी को संस्कार और शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही संस्कृत पाठशालाओं और वेद अध्ययन को पुनर्जीवित करने का अभियान भी चलाया जा रहा है।महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कंप्यूटर शिक्षा, कौशल विकास और स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम तेजी से बढ़ाए गए हैं। पर्षद ने दहेजमुक्त सामूहिक विवाह और नशामुक्ति अभियान को भी सामाजिक आंदोलन का रूप दिया है। मंदिर परिसरों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, योग और आयुर्वेद केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के साथ औषधीय पौधों की नर्सरी और आदर्श गौशालाओं का विकास भी किया जा रहा है। सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने के लिए संत रविदास जयंती, अटल बिहारी वाजपेयी जयंती को प्रखरता दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंती को आध्यात्मिक दिवस के रूप में व्यापक स्तर पर मनाया जा रहा है। वहीं सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के जरिए राज्यभर के शिवालयों में विशेष पूजा और सांस्कृतिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महापर्व छठ के दौरान पर्षद ने बिहार ही नहीं, बल्कि दिल्ली, मुंबई, सूरत और कोलकाता में बसे बिहारियों के मंदिरों को भी सेवा अभियान से जोड़कर प्रवासी समाज के बीच नई मिसाल कायम की है। अब प्रमुख तीर्थस्थलों पर तीर्थ भवन और एकीकृत सामाजिक सेवा केंद्र बनाने की तैयारी है जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, करियर काउंसलिंग और महिला प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। परंपरा और आधुनिकता के इस समन्वय ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को सामाजिक परिवर्तन के एक नए मॉडल के रूप में स्थापित कर दिया है और इसमें प्रो. रणवीर नंदन की भूमिका सबसे प्रमुख मानी जा रही है।

## एक नजर

### डॉ. प्रेम कुमार ने डॉ. बशीर बद्र साहब के निधन पर जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मशहूर व अजीम शायर पद्मश्री डॉ. बशीर बद्र साहब के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि 'पद्मश्री' और 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित बद्र साहब ने अपनी शायरी के जरिए समाज को जोड़ने, मोहब्बत का पैगाम देने और गंगा-जमुनी तहजीब को सींचने का काम किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों, दुनिया भर में फैले उनके असंख्य चाहने वालों और साहित्यानुरागियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है।

### मंत्री श्रवण कुमार ने दी बकरीद की बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग-सह-नेता विधायक दल जनता दल (यू) श्रवण कुमार ने बकरीद के अवसर पर बिहारवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। ईद-उल अजहा त्याग और समर्पण का पर्व है। यह पर्व एकता, सौहार्द और करुणा की भावना को मजबूत करता है तथा सभी लोगों को मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है। आगे मंत्री ने कहा कि बिहार की गंगा जमुना संस्कृति पूरे देश के लिए मिसाल रही है। अन्त में मंत्री ने बिहार के सभी नागरिकों की खुशहाली एवं उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं की।

### स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर संजय सरावगी ने किया नमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि वीर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महानायक थे जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और भारत माता की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि 'सावरकर माने तेज, सावरकर माने त्याग और सावरकर माने तप।' उनका जीवन संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति की ऐसी गाथा है जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध उनके अदम्य साहस और क्रांतिकारी विचारों ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा देने का कार्य किया। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि वीर सावरकर केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि एक महान चिंतक, लेखक, समाज सुधारक और प्रखर राष्ट्रवादी भी थे। उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत और भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई तथा सामाजिक समता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का कार्य किया। सावरकर जी का मानना था कि एक सशक्त और संगठित भारत ही विश्व में गौरवशाली स्थान प्राप्त कर सकता है।

### 140 दिव्यांगजनों की ट्राइसाइकिल फिर दौड़ी, 101 केंद्रों पर लगा विशेष मरम्मत शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना की ओर से दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए एक उपयोगी तकनीकी मरम्मत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 'संबल' योजना के अंतर्गत वितरित बैटरी चालित ट्राइसाइकिलों की खराब बैट्री, चार्जर समेत अन्य तकनीकी खामियों को ठीक किया गया। इस दौरान राज्य के सभी अनुमंडलों में संचालित 101 बुनियाद केंद्रों पर शिविर लगाकर कुल 140 दिव्यांगजनों के बैटरी चालित ट्राइसाइकिलों की मरम्मत का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस अवसर पर 25 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड, सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग भी वितरित किए गए। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग अधिकारी के अनुसार यह शिविर दिव्यांगजनों को उनकी दैनिक गतिविधियों में आने वाली परेशानियों को दूर करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मरम्मत शिविर से दिव्यांगजनों को सीधा लाभ मिला ट्राइसाइकिल खराब होने के कारण उनके आवागमन पर असर पड़ रहा था। इस प्रकार के शिविर भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि दिव्यांगजन अपनी सहायता सामग्री को लंबे समय तक सुचारू रूप से उपयोग कर सके।

### पटना की सड़कों पर बढ़ेंगी महिला ड्राइवर, पिंक बस के लिए फिर खुलेंगे आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के विभिन्न शहरों में संचालित कुल 100 पिंक बसों के लिए एकबार फिर महिला चालकों का चयन होने जा रहा है। बिहार राज्य सड़क परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) की ओर से महिला चालकों के दूसरे चरण का रजिस्ट्रेशन और प्रशिक्षण जल्द शुरू होने वाला है। निगम आने वाले दिनों में इसका विज्ञापन जारी करेगा। चयनित उम्मीदवारों को औरंगाबाद स्थित आईडीटीआर में 30 दिनों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल ड्राइविंग का अभ्यास शामिल होगा। विदित हो कि पहले चरण में 12 महिला चालकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और वे पटना की सड़कों पर बस चलाने का अभ्यास कर रही हैं। अब दूसरे चरण में और अधिक इच्छुक महिलाओं को शामिल करने की तैयारी चल रही है। पिंक बस चालक बनने के लिए महिला की आयु 21 से 40 वर्ष और वैध एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस लाइसेंस धारक होनी चाहिए। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाली महिलाओं को संविदा आधार पर चालक के रूप में नियुक्ति मिलेगी।

### पुलिस रिस्पॉन्स सिस्टम में बड़ा बदलाव, डायल 112 में जुड़ेगी एआइ तकनीक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** केंद्रीय गृह सचिव के निर्देश पर कुंदन कुमार की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक (वायरलेस) अमित लोढ़ा, अपर पुलिस महानिदेशक (आधुनिकीकरण) अजिताभ कुमार तथा अपर पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) श्री पारस नाथ उपस्थित रहे। बैठक में ईआरएसएस योजना, थानों में सीसीटीवी स्थापना, सीसीटीएनएस तथा पुलिस मुख्यालय से संबंधित लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। गृह सचिव ने ईआरएसएस यानी डायल-112 की कार्यप्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं तकनीकी नवाचारों के माध्यम से अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ईआरएसएस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से संबंधित कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया गया। गृह सचिव ने अधिकारियों से विभागीय प्रस्तुतियों एवं आधिकारिक कार्यों में राष्ट्रभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का भी आह्वान किया। साथ ही पुलिस मुख्यालय में लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में गृह विभाग के विशेष सचिव अनिल कुमार चौधरी, विशेष सचिव सह निदेशक, अभियोजन सुधांशु कुमार चौबे, संयुक्त सचिव कमल नयन तथा अमलेंदु कुमार सहित पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हिमालया बेबीकेयर ने लांच किया गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के सबसे भरोसेमंद बेबी केयर ब्रांड्स में से एक हिमालया बेबीकेयर ने हिमालया बेबी गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक लॉन्च करने की घोषणा की। भारत में नवजात शिशुओं को उपहार देना भावनाओं और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है जिसमें सोना पवित्रता, आशीर्वाद और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसी सांस्कृतिक भावना को ध्यान में रखते हुए हिमालया बेबीकेयर ने गोल्डन बेबी गिफ्ट पैक को इस परंपरा की आधुनिक व्याख्या के रूप में प्रस्तुत किया है जिसमें भरोसेमंद बेबी केयर के लिए जरुरी वस्तुओं को एक आकर्षक गोल्ड थीम पैक में एक साथ लाया गया है जो देखभाल और अपनापन दोनों को दर्शाता है।

# संपादकीय

## समान हित के सिद्धांतों पर आधारित हो अमेरिका संग समझौता

तेल खरीद को लेकर अमेरिका ने भारत पर जिस तरह की शर्तें थोपीं, रूस से तेल खरीदने पर शुल्क में बढ़ोतरी की जिद ठानी, उससे साफ था कि वह इस मसले पर अपनी मनमानी थोपना चाहता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के लिए वार्ता पिछले कई महीने से टुकड़ों में चलती रही है, लेकिन अब तक यह अंतिम स्वरूप में नहीं पहुंच सकी है। इसी क्रम में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने ताजा भारत दौरे में एक बार फिर कुछ नए संकेत दिए, जिसमें इस मसले पर कदम आगे बढ़ाए जाने की रूपरेखा बनती दिख रही है।हालांकि व्यापार वार्ता में अपने-अपने हित के मद्देनजर दोनों पक्षों की ओर से दबाव बनाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन पिछले कुछ समय से अमेरिका ने एकतरफा तौर पर जिस तरह की कसौटियां तय करने की कोशिश की है, वह कई मायनों में भारत के लिए सहज स्वीकार्य नहीं रही हैं। यही वजह है कि अब तक इस समझौते का अंतिम स्वरूप सामने नहीं आ सका है।अब अमेरिका की ओर से रूबियो ने जिस तरह परस्पर हित सुनिश्चित किए जाने की बात की है, उससे इसमें सकारात्मक प्रगति की उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि भारत के विदेश मंत्री के साथ व्यापक वार्ता के बाद रूबियो ने कहा कि यह व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए 'लाभकारी' और 'टिकाऊ' होगा। साथ ही यह अमेरिका और भारत के पारस्परिक हितों को आगे बढ़ाएगा।निश्चित तौर पर अमेरिका की ओर से दिए गए ये संकेत बीते कुछ समय से आर्थिक मसले पर जारी तनाव के माहौल में नरमी लाने का जरिया हो सकते हैं, लेकिन यह देखने की बात होगी कि व्यापार समझौता अपने अंतिम रूप में 'परस्पर और समान हित' के सिद्धांत पर आधारित होता है या नहीं।यह छिपा नहीं है कि अमेरिका ने कुछ महीने पहले दूसरे देशों से आयात पर पच्चीस से लेकर पचास फीसद तक शुल्क लगा कर किस तरह के हालात पैदा करने की कोशिश की थी। उसके इस रुख की वजह से दुनिया भर में प्रकारांतर से व्यापार युद्ध जैसी स्थितियां पैदा हो गई थीं।खासतौर पर तेल खरीद को लेकर अमेरिका ने भारत पर जिस तरह की शर्तें थोपीं, रूस से तेल खरीदने पर शुल्क में बढ़ोतरी की जिद ठानी, उससे साफ था कि वह इस मसले पर अपनी मनमानी थोपना चाहता है। उसका यह रुख किसी भी तरह से 'परस्पर और समान हित' को सुनिश्चित किए जाने की मंशा के अनुकूल नहीं लगता।अभी भी अमेरिका यही संदेश दे रहा है कि भारत उससे जितना तेल खरीदना चाहता है, उतना देने के लिए वह तैयार है। सवाल है कि तेल के लिए अगर भारत की निर्भरता केवल अमेरिका पर बनती है, तो इसके नतीजे क्या होंगे? अमेरिका एक विकल्प जरूर हो सकता है, लेकिन अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए जरूरी है कि भारत अपने लिए अन्य देशों के वैसे व्यापक और विश्वसनीय स्रोतों का रास्ता भी खुला रखे, जो ज्यादा बेहतर और सस्ते हों।पश्चिम एशिया में जारी तनाव की स्थिति और होर्मुज जलमार्ग से आपूर्ति शृंखला बाधित होने की वजह से गहराते संकट से सभी वाकिफ हैं। इसी को आधार बना कर आज सरकार तेल और गैस की कीमतों में लगातार इजाफा कर रही है और आम लोगों पर बोझ बढ़ता जा रहा है।

**इन चुनौतियों के बीच पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। उसे और विकसित किया जा सकता है। इस पर काम करने की जरूरत है। भारत कई संस्कृतियों का देश है। इतनी विविधता वाला राष्ट्र दुनिया में कहीं नहीं हैं। कृषि प्रधान देश होने के कारण भारत की एक अनूठी लोक संस्कृति भी है। ग्रामीण समाज के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है। अपने-अपने लोकगीत हैं और अपनी-अपनी लोक परंपराएं हैं। राजस्व बढ़ेगा, पूंजी कमाने का नया रास्ता निकलेगा अगर इनकी ओर देश और विदेश के पर्यटकों को आकर्षित किया जाए, तो हमारा राजस्व बढ़ेगा। विदेशी पूंजी कमाने का एक नया रास्ता निकलेगा।**

# पर्यटन में संभावनाओं की नई डगर, 'फॉर्मस्टे' की भूमिका हो सकती है महत्त्वपूर्ण

(सुरेश सेठ)

अगर हम लोक संस्कृति के वाहक बन कर पूरे देश के ग्रामीण परिवेश को पर्यटकों के लिए विशेष पर्यटन क्षेत्र बना दें, तो सोचिए, इससे राजस्व में कितनी वृद्धि हो जाएगी। हमारे देश में पर्यटन को विशेष महत्त्व दिया गया है। वैसे तो भारत कृषि प्रधान देश है, लेकिन कमाई पर्यटन क्षेत्र से होती है। इसको कई तरीके से वर्गीकृत कर देखा जा सकता है जैसे, चिकित्सा पर्यटन और धार्मिक पर्यटन। इस तरह के पर्यटन से विदेशी राजस्व भी प्राप्त हो जाता है, क्योंकि कई देशों से पर्यटक और यात्री भारत आते हैं और हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को समृद्ध करते हैं।रमणीक स्थलों के पर्यटन को भी कमाऊ माना गया है। पहाड़ों, नदी किनारे और समुद्र तट पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। इस पर्यटन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कई स्थलों का पुनरुद्धार कर पर्यटकों को आकर्षित किया गया है। आकर्षक पर्यटन स्थलों को देखने जब विदेश वे आते हैं, इससे देश को फायदा ही होता है।

मगर अब एक नया संकट हमारे सामने हैं। ईरान और अमेरिका युद्ध के कारण कच्चे तेल, गैस और उर्वरक का भारी संकट पैदा हो गया है। देश के शीर्ष नेतृत्व ने मितव्ययी होने का संदेश दिया है। सोना न खरीदने, पेट्रोल-डीजल बचाने और विदेशी यात्राएं कम करने की नसीहत दी गई है। लक्ष्य एक ही है कि विदेशी पूंजी बचाई जाए, ताकि विदेशी विनिमय में हम अपने बजट घाटे और चालू घाटे को संभाल सकें और डालर के मुकाबले रुपए के गिरते जाने से बचा सकें।

इन चुनौतियों के बीच पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। उसे और विकसित किया जा सकता है। इस पर काम करने की जरूरत है। भारत कई संस्कृतियों का देश है। इतनी विविधता वाला राष्ट्र दुनिया में कहीं नहीं हैं। कृषि प्रधान देश होने के कारण भारत की एक अनूठी लोक संस्कृति भी है। ग्रामीण समाज के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है। अपने-अपने लोकगीत हैं और अपनी-अपनी लोक परंपराएं हैं।

राजस्व बढ़ेगा, पूंजी कमाने का नया रास्ता निकलेगा

अगर इनकी ओर देश और विदेश के पर्यटकों को आकर्षित किया जाए, तो हमारा राजस्व बढ़ेगा। विदेशी पूंजी कमाने का एक नया रास्ता निकलेगा। हमारे सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े बताते हैं कि कृषि क्षेत्र के मुकाबले सेवा क्षेत्र से कहीं अधिक राजस्व प्राप्त होता है। सेवा क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र मुख्य भागीदार है।

अगर पर्यटन क्षेत्र में हम लोक संस्कृति से परिचय का एक नया आयाम जोड़ दें, तो पर्यटकों की एक बड़ी संख्या हमारे सामने होगी। देश के कई कोने पर्यटन का आकर्षण बन जाएंगे। भारत में विदेशी पर्यटकों की आमद इस तरह भी बढ़ाई जा सकती है। हमारी घरेलू दस्तकारियां, हमारे अनूठे लोक नृत्य और ग्रामीण समाज का लोक व्यवहार पर्यटकों के लिए बहुत बड़ा आकर्षण का केंद्र है। बस इसको और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इससे हम विदेशी पर्यटकों के लिए भारत में एक नई दुनिया खोज सकते हैं।

पिछले दिनों पंजाब में एक नई नीति शुरू हुई है जिसे 'होमस्टे नीति' कहा जाता है। इसमें पंजाबी संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने का 'मास्टर प्लान' बनाया गया है। 'होमस्टे' को लेकर नवाचार या उससे जुड़े नव उद्यमियों के लिए आनलाइन पंजीकरण की नीति बनाई गई है। यह भी घोषणा की गई है कि ऐसे उद्यमियों को योजनाबद्ध तरीके से पांच करोड़ तक की सबसिडी दी जा सकती है।

मगर पंजाब ही क्यों, हम इसका विस्तार देश के हर राज्य में कर सकते हैं, क्योंकि हर राज्य की ग्रामीण संस्कृति और उसका लोकाचार और व्यंजन अलग-अलग हैं। इसे बढ़ावा दें, तो पर्यटक देश के हर कोने में जाना पसंद करेंगे। इस प्रकार हम देखते ही देखते पूरे देश को पर्यटकों के लिए आकर्षक स्थल बना सकते हैं। पंजाब में जो योजना बनाई गई है, इसका नाम 'फार्मस्टे पालिसी 2026' दिया गया है।

आजकल होटलों के अतिरिक्त रमणीक स्थलों पर आने वाले नव दंपतियों या विदेशी पर्यटकों को 'होमस्टे' की सुविधा दी गई है। हिमाचल और उत्तराखंड की सरकारें इस तरह के निवेश को अपने यहां प्रोत्साहित कर रही है। अब पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाया जा सकता है। पंजाब ने इस दिशा में पहल कर दी है। अब यहां किसान पर्यटकों को ठहराने, खाने-पीने और ठेठ ग्रामीण जीवनशैली का अनुभव कराने की सुविधा शुरू कर सकेंगे।



पूरे देश में छोटे किसानों की की बड़ी संख्या

ध्यान देने की बात है कि पंजाब ही नहीं पूरे देश में छोटे किसानों की की बड़ी संख्या है, जिनके पास औसत क्षेत्र दो एकड़ से पांच एकड़ तक जमीन है। इससे आय इतनी कम होती है कि उनका जीना मुश्किल हो जाता है। आजादी के इतने साल गुजर जाने के बाद भी वे अपनी खेती को व्यावसायिक नहीं बना सके और आज भी उन्हें मानसून पर निर्भर रहना पड़ता है।

मगर अब यह सहारा भी कमजोर पड़ने लगा है। पर्यावरण पर प्रदूषण की मार का असर उन पर भी पड़ा है। बारिश के मौसम में भीषण गर्मी पड़ती है और जब फसलें पकने लगती हैं तो बारिश होने लगती है। ऐसी स्थिति में किसानों को अतिरिक्त आय की जरूरत है। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को जो इस समय खेतीबाड़ी में हाथ बंटा कर परिवार की मदद करती हैं। उनको अतिरिक्त आय का साधन दिया जा सकता है।

वह साधन है- 'फार्मस्टे'। इसमें इनकी भूमिका महत्त्वपूर्ण हो सकती है। वे पर्यटकों को ठहराने और ग्रामीण जीवनशैली से परिचित कराने में सहयोग कर आय का उपार्जन कर सकती हैं।

अगर हम लोक संस्कृति के वाहक बन कर पूरे देश के ग्रामीण परिवेश को पर्यटकों के लिए विशेष पर्यटन क्षेत्र बना दें, तो सोचिए, इससे राजस्व में कितनी वृद्धि हो जाएगी। यही सोच कर पंजाब ने नई नीति बनाई है। पहाड़ों में बने 'होमस्टे' की तर्ज पर 'फार्मस्टे' को विकसित किया जा रहा है। ऐसा हर राज्य क्यों न करें? सभी राज्यों की अपनी लोक संस्कृति है और अपना ग्रामीण आकर्षण।

पंजाब आने वाले पर्यटक खेतों में रह कर ट्रैक्टर चलाने, बैलगाड़ी की सवारी करने, पशुपालन देखने और गांवों के पारंपरिक खानपान व रहन-सहन को करीब से महसूस कर सकेंगे। इसी प्रकार हर राज्य अपनी-अपनी ग्रामीण संस्कृति के अनूठेपन और अपने लोकगीतों एवं लोकनृत्यों से पर्यटकों को लुभा सकता है।

पंजाब में यह तय किया गया कि इस तरह के पर्यटन के लिए किसान के पास कम से कम एक एकड़ कृषि भूमि जरूर हो। इस प्रकार यहां के छोटे किसानों को अतिरिक्त आय का एक साधन मिल गया है। पंजाब में बनी नई नीति में साफ किया गया है कि कुल जमीन के केवल दस फीसद हिस्से पर ही निर्माण किया जा सकेगा, जबकि बाकी 90 फीसद क्षेत्र खुला रखना होगा, ताकि पर्यटकों के लिए खेती और उसका प्राकृतिक स्वरूप बना रहे।

पंजाब में इस परियोजना पर निवेश में दस फीसद सबसिडी मिलेगी। इसकी अधिकतम सीमा पंच करोड़ है। विदेशी पर्यटक आते हैं तो 'फार्मस्टे' संचालक को 24 घंटे के भीतर फार्म-सी भरकर प्रशासन को सूचना देनी होगी और ध्यान रखना होगा कि उनका 'फार्मस्टे' ग्रामीण परिवेश को बरकरार रखे। गांवों की शांति और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। यह योजना अपने आप में महत्त्वपूर्ण है।

इससे पहले निर्यात के लिए भी हर राज्य की दस्तकारी को विशेष रूप से प्रोत्साहन देने की योजना बनाई गई थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी। मगर इस योजना में क्योंकि साधारण व्यक्ति का अपना उद्यम शामिल है, इसलिए इसके कामयाब होने की गुंजाइश काफी अधिक है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध से महंगाई के कारण आमजन प्रभावित

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

ईंधन संकट का बड़ा कारण अमेरिका-ईरान युद्ध ना होकर अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण हार्मुज संकट बन गया है। हार्मुज के रास्ते से ही कच्चे तेल की आपूर्ति होती है और तनाव के चलते हार्मुज जनडमरुमध्य रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया है इससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

भले ही 1970 के तेल संकट जैसे हालात होने की संभावना ना हो या 2008 जैसी वित्तीय मंदी के हालात ना हो फिर भी एक बात साफ है कि अमेरिका-ईरान के बीच करीब तीन माह से चल रहे युद्ध के नकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। चाहे एशिया के देश हो या फिर योरोपीय देश सभी केवल वैश्विक तनाव ही नहीं अपितु ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने से बढ़ते दामों को रोकने में विफल ही हो रहे हैं। पिछले दस-पन्द्रह दिनों में ही हमारे देश में पेट्रोल-एलपीजी-सीएनजी- पीएनजी के दामों में एक बार नहीं अपितु तीन बार बढ़ोतरी हो चुकी है। हालांकि वर्तमान हालातों में सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। विपक्ष चाहे लाख आरोप लगाये या आंदोलन-प्रदर्शन करें पर अंतरराष्ट्रीय हालातों से आंख नहीं मूंदनी चाहिए। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमजन से आग्रह को भी इसी संदर्भ में सकारात्मकता से लिया जाना चाहिए। वैसे भी जब संकट का दौर हो और उस संकट के लिए हम या हमारी सरकार जिम्मेदार नहीं हो तो फिर देश में नकारात्मक माहौल बनाने के स्थान पर सकारात्मक माहौल बनाया जाना चाहिए। यह किसी एक व्यक्ति या किसी एक दल का नहीं अपितु सभी राजनीतिक दलों का दायित्व हो जाता है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ईंधन संकट का बड़ा कारण अमेरिका-ईरान युद्ध ना होकर अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण हार्मुज संकट बन गया है। हार्मुज के रास्ते से ही कच्चे तेल की आपूर्ति होती है और तनाव के चलते हार्मुज जनडमरुमध्य रास्ते को अवरुद्ध कर दिया गया है इससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है। यह तो वैकल्पिक उर्जा के रुप में देश में सोलर, विण्ड एनर्जी के क्षेत्र में पिछले सालों में योजनावद्ध तरीके से तेजी से और बेहतर काम हुआ है और इसी का परिणाम है कि आज प्रधानमंत्री इलेक्ट्रोनिक वाहनों के उपयोग या सोलर एनर्जी के उपयोग पर खुले तौर पर आग्रह करने की स्थिति में है। नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र में देश में तेजी से काम हुआ है और हो रहा है जो एक हद तक संकट को कम करने में सहायक बन रहा है।

आज की दुनिया आइसोलेट दुनिया नहीं है। एक देश की दूसरे देश पर निर्भरता बढ़ी है। कहीं से ईंधन के लिए तो कहीं से खाद्यात्र, कहीं दवा, कहीं अन्य किसी वस्तु के लिए निर्भरता बढ़ी है। युद्ध के चलते इंटरनेशनल लोजिस्टिक सेवाएं प्रभावित हुई है। जहां तक देश की ही बात की जाएं तो पेट्रोल, डीजल, एलपीजी आदि के कीमत में बढ़ोतरी का व्यापक प्रभाव पड़ने लगा है। सीधी सी बात है जब आवागमन महंगा होगा चाहे वह आम आदमी, सार्वजनिक क्षेत्र या लोजिस्टिक का हो तो उसका सीधा सीधा वस्तुओं और सेवाओं पर पड़ेगा ही। यही कारण है ईंधन यानी तेल के भावों में बढ़ोतरी के साथ ही वस्तुओं और सेवाओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। इसके साथ ही आयात पर निर्भर वस्तुओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। जहां तक तेल का प्रश्न है देश में खाद्य तेल और अखाद्य तेल दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं। खाद्य तेलों में भी आयात पर निर्भरता अधिक है। लाख प्रयासों के बावजूद तिलहन मिशन से तिलहनों का उत्पादन तो बढ़ा है पर अभी विदेशी निर्भरता बनी हुई ही है। इसी तरह से अन्य वस्तुओं के भाव प्रभावित होने लगे हैं। जहां तक सेवा क्षेत्र का प्रश्न है स्वीगी-जोमेटो आदि सेवा प्रदाताओं ने पिछले दिनों में अपने दामों में 16 फीसदी से भी अधिक की बढ़ोतरी कर दी है। मोबाइल सेवा प्रदाताओं ने प्लानों को रिवाइज किया हैं तो उबेर-ओला जैसे सेवा प्रदाताओं ने किराया बढ़ा दिया है। हो तो यहां तक रहा हैं कि बैंकों द्वारा जमाओं पर ब्याज दर में कमी लाना शुरु कर दिया है।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि लोजिस्टिक लागत बढ़ेगी तो उसका असर सभी वस्तुओं में देखने को मिलेगा। भारत सरकार वेनेजुएला से वैकल्पिक तरीके से कच्चे तेल लाने का प्रयास कर रही है तो अन्य विकल्प भी खोजे जा रहे हैं। पर यह साफ हो जाना चाहिए कि कच्चे तेल की आपूर्ति जब तक सामान्य नहीं हो जाती तब तक पूरी तरह से संकट समाप्त होने की कल्पना नहीं की जा सकती। इन वैश्विक हालातों के पीछे अमेरिका-ईरान की हठधर्मिता ही है। अमेरिका-इजरायल ने ईरान से लड़ाई शुरु करते समय रुस यूक्रेन युद्ध के हालातों से सबक नहीं लिया। रुस के सामने यूक्रेन पिद्दी सा देश होने के बावजूद आज तीन साल से भी अधिक समय होने के बावजूद निर्णायक स्तर पर नहीं पहुंचा है। पर अमेरिका ने यह सोचा था कि दो-तीन दिन में ही ईरान को घुटने टिकवा देंगे और यही अमेरिका की नासमझी रही। मानो या ना मानो पर वास्तविकता यह है कि आज अमेरिका के सामने अपनी प्रतिष्ठा बनाये रखने का संकट आ गया है और यही कारण है कि अंदरखाने अमेरिका और ट्रंप किसी भी तरह से सीज फायर के लिए प्रयासरत है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि युद्ध में नुकसान अमेरिका को ही अधिक हो रहा है। ईरान तो अपने घर से लड़ रहा है और उसके निशाने पर आसपास के देश है। ऐसे में स्टेक तो अमेरिका-इजरायल का ही हो जाता है। इसके अलावा एक बात और समझनी होगी कि ट्रंप 2 में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने आये दिन तुगलकी फरमान जारी कर दुश्मन ही दुश्मन बनाएं है। गली के गुंडे जैसी पहचान बन गई है ट्रंप की तो दूसरी और अमेरिका के ही अधिकांश लोगों का भरोसा ट्रंप ने खो दिया है। ऐसे में सम्मानजनक सीजफायर ही अमेरिका के लिए अब इस संकट से निकलने का रास्ता रह गया है और इसके लिए ही अंदरखाने प्रयास जारी है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# स्पंदनों का संगीत, जीवन का कैनवास और भीतर के रंग

## जीवन कोई समस्या नहीं, जिसे हल किया जाए, यह एक संगीत है, जिसे सुना जाए, जिया जाए और पूरी सजगता के साथ रचा जाए

**जीवन में कंपन का अर्थ केवल भौतिक विज्ञान की किसी परिभाषा से नहीं है। यह एक ऐसा अनुभव है, जो भावनाओं, विचारों और चेतना के स्तर पर घटित होता है। हम कभी बिना किसी स्पष्ट कारण के प्रसन्न हो जाते हैं, तो कभी भीतर एक अनजानी उदासी उतर आती है। ये भावनाएं केवल परिस्थितियों का परिणाम नहीं होतीं, बल्कि हमारे भीतर चल रहे स्पंदनों की अभिव्यक्ति होती हैं। यही कारण है कि दो लोग एक ही परिस्थिति में अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया करते हैं, क्योंकि उनके भीतर के कंपन अलग होते हैं।**

(मनीषा मंजरी)


अक्सर हम जीवन को उन दृश्यों में बांध देते हैं, जो हमारी आंखों के सामने घटित होते हैं। जैसे रोजमर्रा की घटनाएं, सफलताएं, असफलताएं, रिश्ते और समय के साथ बदलते हालात। मगर जीवन का एक और आयाम भी है, जो दृश्य नहीं है, फिर भी उतना ही वास्तविक है। यह आयाम है कंपन, स्पंदन, वह सूक्ष्म ऊर्जा, जो हमारे भीतर और चारों ओर निरंतर बहती रहती है। हम उसे देख नहीं पाते, फिर भी हम उसे महसूस अवश्य करते हैं। जैसे रंगों का प्रभाव केवल उनकी आकृति या चमक में नहीं, बल्कि उनकी ऊर्जा में छिपा होता है, वैसे ही जीवन की गहराई भी उसकी अनदेखी तरंगों में बसती है।

जीवन में कंपन का अर्थ केवल भौतिक विज्ञान की किसी परिभाषा से नहीं है। यह एक ऐसा अनुभव है, जो भावनाओं, विचारों और चेतना के स्तर पर घटित होता है। हम कभी बिना किसी स्पष्ट कारण के प्रसन्न हो जाते हैं, तो कभी भीतर एक अनजानी उदासी उतर आती है। ये भावनाएं केवल परिस्थितियों का परिणाम नहीं होतीं, बल्कि हमारे भीतर चल रहे स्पंदनों की अभिव्यक्ति होती हैं। यही कारण है कि दो लोग एक ही परिस्थिति में अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया करते हैं, क्योंकि उनके भीतर के कंपन अलग होते हैं।

जीवन 'घटनाओं' का नहीं, 'अनुभवों' का नाम है

दरअसल, जीवन 'घटनाओं' का नहीं, बल्कि 'अनुभवों' का नाम है और ये अनुभव हमारे भीतर के स्पंदनों से निर्मित होते हैं। जब हम यह समझने लगते हैं, तो हमारी दृष्टि अपने आप ही बाहर से भीतर की ओर मुड़ने लगती है। हम यह प्रश्न पूछने लगते हैं कि हमारे भीतर क्या चल रहा है या हमारी भावनाओं का स्रोत क्या है! यह भी कि क्या हम अपने अनुभवों के साक्षी बन सकते हैं! और यहीं से आत्मबोध की यात्रा प्रारंभ होती है।

इस यात्रा में सबसे बड़ी बाधा है, हमारी आदत, जो हर अनुभव को तुरंत नाम देने को आतुर होती है। हम हर भावना को 'अच्छा' या 'बुरा' कहकर सीमित कर देते हैं, लेकिन हम अगर इन स्पंदनों को बिना किसी निर्णय के देखें, तो वे



केवल ऊर्जा के रूप में प्रकट होते हैं। एक शुद्ध, गतिशील ऊर्जा, जो आती है और चली जाती है। इस दृष्टि से, जीवन एक स्थिर वस्तु नहीं, बल्कि एक सतत परिवर्तनशील प्रक्रिया है।

यह एक प्रवाह है, जिसमें हर क्षण कुछ नया जन्म लेता है और कुछ पुराना विलीन हो जाता है। और इसी प्रवाह में, हम अक्सर स्वयं को भूल जाते हैं, क्योंकि हम उन तरंगों से जुड़ जाते हैं, जो अस्थायी हैं। अगर हम इस भूल को पहचान लें, तो जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण बदल सकता है। हम यह समझने लगते हैं कि हमें हर भावना के साथ बहना नहीं है, बल्कि उसे देखना-समझना और उसके पार जाना है। इसी अवस्था में 'जीवन' एक अनुभव से उठकर एक 'साधना और कला' बन जाता है।

इस संदर्भ में 'कलाकार' का रूपक अत्यंत सार्थक है। एक कलाकार जब अपने कैनवास पर रंग भरता है, तो वह केवल बाहरी चित्र नहीं बनाता, बल्कि अपनी आंतरिक स्थिति को व्यक्त करता है। उसके रंग उसके भीतर के स्पंदनों का रूप होते हैं। ठीक उसी प्रकार, हमारा जीवन भी एक कैनवास है और हमारे विचार, भावनाएं और कर्म उसके रंग हैं। मगर यहां हम केवल कलाकार ही नहीं, बल्कि स्वयं कैनवास भी हैं। यानी हम ही सृजनकर्ता हैं और हम ही सृजन। यह द्वैत और अद्वैत के बीच का वह सूक्ष्म बिंदु है, जहां जीवन अपनी सबसे गहन अनुभूति में प्रवेश करता है।

जब हम अपने विचारों को सजगता से देखने लगते हैं, तो हमें यह एहसास होता है कि हर विचार एक बीज है, जो भविष्य के अनुभवों को जन्म देता है। हर भावना एक तरंग है, जो हमारे भीतर और बाहर दोनों को प्रभावित करती है। और हर कर्म उस तरंग को एक दिशा देता है।

'जीवन का संगीत' एक अत्यंत सूक्ष्म और सुंदर रूपक है

इस प्रकार, हम अनजाने में ही अपने जीवन का संगीत रचते रहते हैं। 'जीवन का संगीत' एक अत्यंत सूक्ष्म और सुंदर रूपक है। संगीत में स्वर होते हैं, लय होती है और एक संतुलन होता है। अगर कोई स्वर असंतुलित हो जाए, तो पूरी रचना प्रभावित हो जाती है। इसी प्रकार, हमारे जीवन में भी संतुलन आवश्यक है। यह संतुलन बाहरी परिस्थितियों से नहीं, भीतर की सजगता से आता है। जब हमारे विचार, भावनाएं और कर्म एक ही दिशा में प्रवाहित होते हैं, तो जीवन में एक स्वाभाविक लय उत्पन्न होती है। जब यह लय स्थापित हो जाती है, तो जीवन में एक सहज सुंदरता प्रकट होती है, एक ऐसी सुंदरता, जो किसी प्रयास का परिणाम नहीं, बल्कि एक आंतरिक सामंजस्य का प्रतिबिंब होती है।

हालांकि जीवन में असंतुलन भी अति महत्त्वपूर्ण है। जैसे संगीत में आरोह-अवरोह, विराम और तीव्रता उसे पूर्ण बनाते हैं, वैसे ही जीवन के उतार-चढ़ाव भी उसे गहराई देते हैं। दुख, संघर्ष और अनिश्चितता- ये सब भी उसी संगीत का हिस्सा हैं। इनसे बचने की नहीं, इन्हें समझने की आवश्यकता है। जब हम जीवन को इस दृष्टि से देखना प्रारंभ करते हैं, तो धीरे-धीरे हमारे भीतर एक नई संवेदनशीलता जन्म लेती है। हम अपने अनुभवों को केवल 'जीने' के बजाय 'महसूस' करने लगते हैं। हम हर क्षण में उपस्थित होने लगते हैं।

यही उपस्थिति हमें उस अदृश्य स्पंदन के और करीब ले जाती है, जो जीवन का मूल है। जीवन कोई बाहरी यात्रा नहीं है, जिसे हमें तय करना है। यह एक आंतरिक प्रक्रिया है, जिसे हमें अनुभव करना है। हम जितना अपने भीतर के स्पंदनों को समझते हैं, उतना ही जीवन स्पष्ट होता जाता है। और एक समय ऐसा आता है, जब हम यह अनुभव करते हैं कि जीवन को समझने की आवश्यकता ही नहीं है, उसे केवल महसूस करने की आवश्यकता है। जीवन कोई समस्या नहीं, जिसे हल किया जाए, यह एक संगीत है, जिसे सुना जाए, जिया जाए और पूरी सजगता के साथ रचा जाए। जब हम इस संगीत को सच में सुन लेते हैं, तब हमें यह एहसास होता है, कि हम केवल श्रोता नहीं, बल्कि स्वयं उस अनंत रचना का एक जीवंत स्वर हैं।

# कोलासी बाजार में आलू-प्याज की दुकान पर खूनी संघर्ष

## लाठी-डंडों और रॉड से हमला, दो गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के कोलासी बाजार में सुबह करीब 09:30 बजे आपसी विवाद में एक आलू-प्याज की दुकान पर आधा दर्जन से अधिक लोग और कई अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हिंसक वारदात में दुकानदार धर्मेंद्र वर्मा और उनके भतीजे आदित्य कुमार वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों का इलाज वर्तमान में सदर अस्पताल कटिहार में चल रहा है। घटना के दौरान सोने की चैन छीनने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित धर्मेंद्र वर्मा (48) निवासी ग्राम शिवाडीह ने घटना के संबंध में कोढ़ा थानाध्यक्ष को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने और उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। धर्मेंद्र वर्मा ने बताया कि वह सुबह अपने भतीजे आदित्य (26) के साथ कोलासी बाजार



स्थित अपनी आलू-प्याज की आढ़त की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान वे दुकान पर आए ग्राहकों से बातचीत कर रहे थे। तभी अचानक पारंपरिक और धारदार हथियारों से लैस होकर आए असामाजिक तत्वों ने उन पर धावा बोल दिया। पीड़ित ने पुलिस को दिए आवेदन में कुल 6 नामजद और 4-5 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया है। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी पिंटू सिंह और मंटू सिंह ने धर्मेंद्र वर्मा के सिर पर लोहे की रॉड से जान से मारने की नीयत से वार किया, जिससे उनका सिर फट गया और अत्यधिक खून बहने लगा। बीच-बचाव करने आए उनके भतीजे आदित्य को भी मुन्ना सिंह और उसके लड़के ने लाठियों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे आदित्य का भी सिर फट गया।

### सोने की चेन छीनने और पहले भी धमकी मिलने का आरोप

धर्मेंद्र वर्मा ने आवेदन में बताया कि मारपीट के दौरान मुन्ना सिंह के लड़के ने उनके भतीजे आदित्य के गले से जबरन 52 ग्राम की सोने की चैन छीन ली। अत्यधिक चोट लगने के कारण धर्मेंद्र मौके पर ही बेहोश हो गए थे, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी संख्या 1, 4 और 5 वर्तमान में कोलकाता में काम करते हैं और इस वारदात को अंजाम देने के लिए ही वहां से आए थे। इससे दो महीने पहले भी आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिसके संबंध में पीड़ित के भाई शत्रुघ्न वर्मा द्वारा पूर्व में एक सनहा आवेदन दिया जा चुका था। लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है क्यों आवेदन को देने के बाद भी पुलिस ने इस मामले को लेकर संज्ञान नहीं लिया, अगर संज्ञान लिया होता तो आज की यह घटना नहीं होती। इसके अलावा 24 मई को भी ऑनलाइन और हार्ड कॉपी के माध्यम से पुलिस शिविर कोलासी एवं थाना कोढ़ा को प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया गया था। पीड़ित के बड़े भाई ने बताया है कि उन्होंने मुख्य आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया लेकिन पुलिस ने दबाव में आकर उन आरोपी को छोड़ दिया।इस मामले में पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित धर्मेंद्र वर्मा ने थाना प्रभारी से सभी नामजद अभियुक्तों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बाढ़ अनुश्रवण बैठक में उठी राहत जीआर और नाव व्यवस्था की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में उप प्रमुख रैनी कौर की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बाढ़ सह सुखाड़ राहत अनुश्रवण एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। प्रमुख की अनुपस्थिति में आयोजित बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारी, राहत सामग्री वितरण, जीआर राशि, नाव संचालन, पशु चारा, स्वास्थ्य



सुविधा और सीपेज प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में बरारी विधायक विजय सिंह निषाद, सीओ मनीष कुमार, बीडीओ धीरेंद्र कुमार धीरज, बीपीआरओ राजकुमार सिंह, पशुपालन पदाधिकारी मुकेश कुमार अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

वहीं जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा, एमएलसी प्रतिनिधि राजीव भारती, विधायक प्रतिनिधि राजीव चौधरी, जदयू जिला महासचिव चंद्रमोहन सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्की कुमार साह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह, जदयू नगर अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार अमर, मुखिया मो. इब्राहिम, पंचायत समिति सदस्य मिथलेश यादव, राजद नेता मो. आलमगीर समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह ने राहत किचन, चापाकल, शौचालय, ब्लीचिंग पाउडर और सांप काटने की दवा उपलब्ध कराने की मांग उठाई। गुरूमेला पंचायत समिति सदस्य मिथलेश यादव ने तीन नाव और आठ शिविर की मांग करते हुए उचला चौक के जर्जर बिजली तार हटाने की बात कही। विशनपुर के उप मुखिया गोपाल यादव ने बाढ़ प्रभावित वार्डों में शिविर, पशु चारा और नाव व्यवस्था जरूरी बताई। वैशागोविंदपुर के मुखिया अब्दुल मतीन ने जीआर से वंचित परिवारों और सीपेज प्रभावित लोगों को राहत देने की मांग की। दक्षिणी भंडारतल के मुखिया मो. इब्राहिम ने आंधी-तूफान पीड़ितों को आवास, पन्नी और जीआर लाभ देने के साथ नाव मालिकों के बकाया भुगतान का मुद्दा उठाया। जदयू जिला महासचिव चंद्रमोहन सिंह ने बिजली और नल-जल विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया। शिशिया पंचायत समिति सदस्य जैनुल अब्दीन ने बाढ़ के दौरान डॉक्टरों की समुचित व्यवस्था की मांग की। सुखसान के सरपंच हमीद ने वार्ड-2 को अब तक लाभ नहीं मिलने की शिकायत की।

## संक्षिप्त समाचार

### समेली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया त्याग व बलिदान का पर्व बकरीद

**समेली/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में त्याग व बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा बकरीद हर्ष व उत्साह के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के छोहार पंचायत के कुसयारी गांव, डुमर पंचायत के डुमर एवं बकिया गांव, पश्चिमी चांदपुर पंचायत के सतबेहरी गांव, पोठिया पंचायत के पोठिया गांव सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों एवं ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम धर्मावलंबियों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही सड़कों पर चहल-पहल देखी गई। बुजुर्ग, युवा एवं बच्चे नए कपड़ों में ईदगाह और मस्जिदों की ओर रवाना हुए। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी तथा अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। इसके बाद घरों में बकरे की कुर्बानी दी गई तथा लोगों ने अपने मित्रों और शुभचिंतकों को घर आमंत्रित कर त्योहार की खुशियां साझा कीं। प्रखंड क्षेत्र के पोठिया ईदगाह, शब्दा ईदगाह, कुसयारी ईदगाह, डुमर ईदगाह सहित अन्य मस्जिदों एवं ईदगाहों में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह, अंचलाधिकारी प्रियरंजन कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहम्मद हाशिम, पोठिया थानाध्यक्ष नवीन कुमार, अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार, एएसआई धर्मेंद्र कुमार, डोली कुमारी, एएसआई सूरज ठाकुर, श्री राम राय, शम्भू कुमार झा, रामविलास यादव सहित बिहार पुलिस के जवान पूरी तरह मुस्तैद रहे।

### एसडीएम ने गोरखनाथ मंदिर के कार्यों का किया निरीक्षण

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल पदाधिकारी बारसोई राजू कुमार ने बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में चल रहे पर्यटन विभाग के द्वारा विकास के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही पर्यटन विभाग के अभियंता को कहा कि हर हाल में 25 जून तक तालाब शिवगंगा का सौंदर्यकरण का कार्य समाप्त करें ताकि आगामी सावन माह में शिवभक्तों को कोई परेशानी ना हो। साथ ही संवेदक को निर्देश दिया की डबल शिफ्ट में काम करें। इस अवसर पर मंदिर समिति के सचिव पिंटू यादव, पर्यटन विभाग के अभियंता विशाल कुमार, मंदिर कमेटी के सदस्य सनी यादव, प्रदीप शर्मा, देवनारायण दुनिया, गणेश बोसक, श्यामनाथ यादव, पंचानंद यादव, चंदन यादव, निताई यादव आदि उपस्थित रहे।

### टीकाकरण जागरूकता को लेकर बैठक

**हसनगंज/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हसनगंज में प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देशन में उच्च विद्यालय हसनगंज परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में टीकाकरण जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीआरआई प्रतिनिधियों, इंफ्लूएंसरों, आशा कार्यकताओं एवं पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान टीकाकरण कार्यक्रम में इंकार करने वाले बच्चों के अभिभावकों को जागरूक एवं प्रेरित कर बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित कराने पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों एवं गांव के प्रभावशाली लोगों के सहयोग से टीकाकरण के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार किया जाएगा, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे।बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आशा कार्यकताओं एवं पर्यवेक्षकों को घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के लाभ बताने और भ्रांतियों को दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई।वही मोके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आयुष भरद्वाज,बीएचएम, बीसीएम, आशा फैसिलिटेटर, आशा कार्यकर्ता एवं पीआरआई प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला समन्वयक एवं प्रखंड समन्वयक वाधवानी का सहयोग सराहनीय रहा।

### वर्षा होने से मकई की फसल हो रही हैं बर्बाद

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में सुबह हो या शाम लगातार वर्षा होने से मकई की तैयार फसल को भारी नुकसान हो रहा हैं। किसान खेत में किसी तरीके से बौरा में भरकर मकई को ट्रैक्टर में लोड कर अपना खमार लाकर मकई को किसान तैयार करते हैं। इस दौरान मकई कटाई से लेकर खमार पहुंचने तक किसानों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हैं। किसानों ने बताया कि इस वर्ष मकई में दाना आने के साथ ही आंधी तूफान एवं भारी वर्षा होने से मकई की फसल गिरकर पहले ही बर्बाद हो गया था।

# वंदे मातरम विवाद की जांच पूरी, दो शिक्षकों ने मांगी लिखित माफी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गुरमेला में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लेकर उत्पन्न विवाद के मामले में शिक्षा विभाग की जांच पूरी हो गई है। मामले में आरोपित दो शिक्षकों ने लिखित रूप से माफी मांगते हुए भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराने का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के शिक्षक अंजुमन एवं अबू तालिब पर राष्ट्रीय गीत गाने का विरोध करने का आरोप लगा था। इसको लेकर विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि इस घटना से विद्यालय का शैक्षणिक



वातावरण प्रभावित हुआ तथा विद्यार्थियों के बीच गलत संदेश गया। मामले को गंभीर मानते हुए प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार सिंह ने दोनों शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा था।

बुधवार को बीईओ विद्यालय पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों से अलग-अलग पूछताछ की गई। जांच के बाद प्रभारी बीईओ राजकुमार सिंह ने बताया कि मामले में दो शिक्षकों की संलिप्तता सामने आई है। दोनों शिक्षकों ने लिखित माफीनामा सौंपते हुए भविष्य में इस तरह की गलती नहीं करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल विद्यालय में सभी गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं तथा राष्ट्रगान और ह्यवंदे मातरम्ह्न नियमित रूप से गाया जा रहा है।इधर मामले को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय शिक्षा और संस्कार का केंद्र होता है, जहां राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान का सम्मान सर्वोच्च होना चाहिए।

लोगों ने कहा कि शिक्षक बच्चों के आदर्श होते हैं और इस तरह के विवाद से विद्यार्थियों पर गलत प्रभाव पड़ता है। बरारी विधायक विजय सिंह निषाद ने कहा कि राष्ट्रीय गीत का विरोध किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी हरकत माफी के काबिल नहीं है और शिक्षा संस्थानों में राष्ट्र सम्मान से जुड़ी परंपराओं का पालन सख्ती से होना चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि केवल माफी मांग लेने से इस तरह की घटनाओं की गंभीरता कम नहीं हो जाती।

# पॉक्सो एक्ट मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में कटिहार जेल भेज दिया गया। मामले को लेकर बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने जानकारी दी।थानाध्यक्ष ने बताया कि बरारी थाना में दर्ज मामले के आरोपी की पहचान सिक्कट पंचायत अंतर्गत जन्मघुटू गांव निवासी हजरत अंसारी के पुत्र सरियत अंसारी के रूप में हुई है। घटना के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने इलाके में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने देर रात छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाना लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में कटिहार जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में फरार चल रहे अपराधियों एवं विभिन्न मामलों के आरोपियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है।

# चार दिवसीय राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला चेस एसोसिएशन की ओर से चार दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शहर अग्रसेन भवन में किया गया। जिसे लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन का सहयोग मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेयर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल अन्य ने मिलकर किया।इस अवसर पर कटिहार चेस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. शंभू नाथ, गीत अविनाश,अग्रसेन सेवा सदन के सचिव शंभू अग्रवाल, इंटरनेशनल ऑर्बिटल के नंदकिशोर श्रीवास्तव, संगठन के संरक्षक संजीव सुरेखा, लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट तेजस चौरसिया तथा पीयूष राज संजीवनी नेत्रालय के




आलोक सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में कटिहार में शतरंज के उज्ज्वल भविष्य की सराहना करते हुए संगठन के इस प्रयास को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग देने की बात कही।इस राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 95 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में बौद्धिक विकास,एकाग्रता एवं खेल भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के कोषाध्यक्ष राकेश चौधरी, सचिव प्रत्यूष कुमार, सहसचिव सत्यम समदर्शी, शुभम सौरभ, देवांश अग्रवाल, सौरभ पोद्दार एवं शुभम बियानी सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उद्घाटन समारोह के धन्यवाद ज्ञापन में संगठन के उपाध्यक्ष श्री विकास खंडेलिया ने कहा कि विभिन्न जिलों से आए अभिभावकों एवं बच्चों के उत्साह और सहयोग के कारण ही इस प्रकार के आयोजन सफल हो पाते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से यह प्रतियोगिता लगातार कटिहार की पावन धरती पर आयोजित की जा रही है।

# नारायणपुर ईदगाह में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** ईद - उल -अजहा बकरीद के मौके पर मनिहारी नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को पूरी अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में ईद की नमाज अदा की गई। नारायणपुर ईदगाह समेत विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने अल्लाह की बारगाह में सजदा कर मुल्क में अमन-चैन,तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी। नारायणपुर ईदगाह में आयोजित विशेष नमाज की इमामत हाजी शमसुद्दीन साहब ने कराई।

नमाज के बाद उन्होंने अपने बयान में कुर्बानी की अहमियत बताते हुए इंसानियत, आपसी मोहब्बत और



भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग,सब्र और अल्लाह की राह में कुर्बानी का पर्व है, जिससे समाज में एकता और भाईचारा मजबूत होता है।

इस मौके पर ईदगाह कमिटी के सचिव ताजिम आलम, जफर आलम समेत कई गणमान्य लोग और समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर नमाज और अन्य व्यवस्थाओं को सफल बनाने में सहयोग किया। ईदगाह परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई, पेयजल और सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था की गई थी। मनिहारी प्रशासन और स्थानीय पुलिस की सक्रिय मौजूदगी के कारण पूरे क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रहा। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी रखी गई थी।

# धूमधाम से मना ईद-उल-अजहा का त्योहार, मुस्तैद रहा प्रशासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय का पवित्र त्योहार ईद-उल-अजहा आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह होते ही नए-नए परिधानों में सजे नमाजी प्रखंड के शकरपुरा, डंडखोरा, भमरैली, रायपुर, द्वाशय, मगुरजान सहित विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों की ओर रुख करने लगे, जहाँ उन्होंने देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए सामूहिक रूप से खुदा की बारगाह में हाथ उठाए और नमाज अदा की।

नमाज संपन्न होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके बाद खुदा की



राह में कुर्बानी की रस्म पूरी की गई। त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। प्रखंड क्षेत्र के सभी संवेदनशील और प्रमुख चौराहों पर सुबह से ही पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी।प्रशासनिक अधिकारी, थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो, अपर थानाध्यक्ष अमलेंदू सिंह सहित पुलिस बल के जवान लगातार गश्त करते रहे और हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखी।थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि त्योहार के दौरान पूरे थाना क्षेत्र से किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। खबर लिखे जाने तक संपूर्ण प्रखंड में त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हुआ।

# रेलवे अस्पताल अब हाईटेक सुविधाओं से होगा लैस

## स्वास्थ्य सेवाओं में आएगा बड़ा बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार रेलवे अस्पताल को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। अस्पताल में व्यापक रेनोवेशन के साथ कई बंद पड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को पुनः शुरू किया जा रहा है, जिससे रेलकर्मियों एवं उनके परिजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वी दामोदर राज ने जानकारी देते हुए बताया कि अस्पताल में वर्तमान समय में 24 घंटे आपातकालीन सेवा सुचारू रूप से संचालित हो रही है। साथ ही थेरोपी सेंटर सहित विभिन्न चिकित्सा सेवाएं भी मरीजों को उपलब्ध कराई



जा रही हैं। उन्होंने बताया कि लगभग सभी विभागों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है तथा जल्द ही कई नई सुविधाएं भी बहाल कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन द्वारा अस्पताल को आधुनिक स्वरूप देने के लिए आवश्यक संसाधन एवं फंड उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए उन्होंने महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक का आभार व्यक्त किया।रेलवे कर्मियों के बीच अपनी सक्रिय कार्यशैली और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता के लिए चर्चित सीएमएस डॉ. वी दामोदर राज के नेतृत्व में कटिहार रेलवे अस्पताल लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। अस्पताल में हो रहे बदलावों से आने वाले दिनों में मरीजों को और अधिक आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर बैठक

## स्कूल की जमीन से अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए लोग होने लगे गोलबंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सदर अंचल पदाधिकारी की ओर से 12.05.2026 तक अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर 22 लोगों को पीएम श्री विद्यायल के लिए चयनित एवं स्वीकृत भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटाने लिये जाने की नोटिस दी गयी थी। लेकिन मियाद पूरी होने के बाद भी अतिक्रमणकारी काबिज हैं।

ऐसे में वर्मा कालोनी स्थित पूर्व पार्षद राजेन्द्र वर्मा के आवासीय परिसर में सैकडों लोगों बैठक हुई। जिसमें आस पास के आधा दर्जन से अधिक गांव, मुहल्ले के प्रबुद्धजन शामिल हुए और पीएम श्री विद्यायल के लिए चयनित व स्वीकृति प्राप्त भूमि पर से अतिक्रमण मुक्त कराये जाने को



लेकर मंत्रणा हुई। ग्रामीणों ने वर्मा कालोनी के पास खाता संख्या 192 की खेसरा संख्या 393, 394, 397,398, की रकवा 2.31.25 एकड सरकारी भूमि पर से अतिक्रमणकारियों को अंचल पदाधिकारी द्वारा 12. 05. 2026 तक अतिक्रमण हटाये जाने नहीं तो 13.05.2026 से सरकार द्वारा इस दिशा में अग्रतर कार्रवाई किये जाने की बात कही गयी थी। मियाद पूरी हो जाने के बाद भी इस दिशा में सरकारी शिथिलता व अतिक्रमणकारियों द्वारा उक्त भूमि पर अवैध कब्जा जमाने को लेकर छोटे छोटे मंदिर बनाये जाने की योजना से जिला पदाधिकारी,पुलिस अधीक्षक को अवगत कराने का निर्णरय लिया है। बैठक में पीएम श्री विद्यालय के लिए चयनिय व स्वीकृत उक्त भू खंड पर से अतिक्रमण हटाने को लेकर नेतृत्व करनेवाले सामाजिक कार्यकताओं को सबक सीखाने को लेकर जानलेवा हमले किये कराये जाने की आशंका व्यक्त की है।बैठक में ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से इस दिशा में सार्थक प्रभावी कदम उठाये जाने की मांग की गयी।

## पतंजलि फूड्स पर 1,353 करोड़ का जीएसटी नोटिस, शेयर बाजार में मचा हड़कंप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** योग गुरु बाबा रामदेव से जुड़ी कंपनी पतंजलि फूड्स एक बार फिर सुर्खियों में है।




इस बार वजह कंपनी को मिला 1,353 करोड़ का भारी-भरकम डिमांड नोटिस है। चेन्नई के टैक्स विभाग की ओर से भेजे गए इस नोटिस ने निवेशकों और बाजार दोनों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। खबर सामने आते ही कंपनी के शेयरों में भी दबाव देखने को मिला और पतंजलि फूड्स का स्टॉक करीब 2.5 प्रतिशत गिरकर 454 पर बंद हुआ। आइए जरा विस्तार से इसकी डिटेल्स जानते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी को यह नोटिस वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान कथित टर्नओवर मिसमैच और कटौती में अंतर को लेकर मिला है। टैक्स विभाग का आरोप है कि कंपनी द्वारा घोषित बिक्री आंकड़ों और टैक्स रिकॉर्ड में अंतर पाया गया है। इस नोटिस में 676.46 करोड़ ष्त्रस्ङ्क और 676.46 करोड़ स्त्रस्ङ्क की मांग की गई है। इसके अलावा 135.29 करोड़ का जुर्माना और 18 प्रतिशत ब्याज भी जोड़ा गया है। कुल मिलाकर यह मामला 1,352.9 करोड़ तक पहुंच गया है। हालांकि, पतंजलि फूड्स ने साफ किया है कि वह इस नोटिस का जवाब अपने टैक्स सलाहकारों के साथ मिलकर तैयार कर रही है। कंपनी का कहना है कि उसके पास अपने पक्ष को मजबूत तरीके से रखने के पर्याप्त आधार मौजूद हैं और उसे फिलहाल किसी बड़े वित्तीय नुकसान की उम्मीद नहीं है। कंपनी ने यह भी कहा कि अंतिम फैसला जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सामने आएगा। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी टैक्स डिमांड किसी भी कंपनी के लिए चिंता का विषय बन सकती है, खासकर तब जब निवेशकों का भरोसा बाजार में सबसे अहम होता है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब बड़ी कंपनियों को त्रस्ङ्क या टैक्स से जुड़े नोटिस मिले हों। कई बार शुरुआती डिमांड बाद में कम हो जाती है या कंपनियां कानूनी प्रक्रिया के जरिए राहत हासिल कर लेती हैं।

## स्मॉल-कैप स्टॉक टाइगर लॉजिस्टिक्स के शेयर पर शुक्रवार को होगी मार्केट की नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर स्मॉल-कैप स्टॉक टाइगर लॉजिस्टिक्स के शेयर पर शुक्रवार, 28 मई को निवेशकों की नजर रहेगी। क्योंकि, कंपनी ने बुधवार को 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए। शेयर पिछले सेशन में एनएसई पर 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 35.91 रुपये पर बंद हुआ। टाइगर लॉजिस्टिक्स का मार्च 2026 तिमाही में नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 65.53 प्रतिशत गिरकर 2.22 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 6.44 करोड़ रुपये था। मुनाफे में गिरावट का मुख्य कारण बढ़ते खर्च रहे। हालांकि, परिचालन से आय यानी रेवेन्यू में 41.96 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी हुई और यह 162.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 114.50 करोड़ रुपये थी ।मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी की कुल बिक्री 6.81 प्रतिशत बढ़कर 572.82 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष में 536.31 करोड़ रुपये थी। वहीं, सालाना नेट प्रॉफिट 20.33 प्रतिशत घटकर 21.52 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल में 27.01 करोड़ रुपये था। कंपनी ने 18 मई को एक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि सरकारी उपक्रम बैंक नोट पेपर मिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने उस पर फिर से भरोसा जताया है। टाइगर लॉजिस्टिक्स को लगभग 2 करोड़ रुपये का एक साल का इंपोर्ट लॉजिस्टिक्स कांट्रैक्ट दिया है। इसके तहत कंपनी हवाई और समुद्री मार्ग से माल भाड़ा, कस्टम क्लीयरेंस और मैसूर स्थित प्लांट तक इंटरनल ट्रांसपोर्टेशन का काम संभालेगी। यह इंपोर्ट जर्मनी, फ्रांस, अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर, थाईलैंड समेत कई देशों से होगा। कंपनी के हरप्रीत सिंह मल्होत्रा ने कहा कि इस कांट्रैक्ट के निन्यूवल से उनकी परिचालन क्षमताओं पर भरोसा साफ झलकता है।

# इस साल 2 लाख का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगा सोना, दिग्गज बैंक की रिपोर्ट में खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में सोने की आसमान छूती कीमतों के बीच बैंक की ग्लोबल मार्केट्स रिपोर्ट ने एक नया और चौंकाने वाला अनुमान जारी किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल यानी 2026 में सोने का भाव 2 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक नहीं पहुंच पाएगा। वहीं साल की शुरुआत में यानी जनवरी में सोना करीब 1.90 लाख के करीब पहुंच गया था। हालांकि बाद में इसमें गिरावट आई। अभी सोने का भाव प्रति 10 ग्राम करीब 1.57 लाख रुपये है।

आईसीआईसीआई बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2026 के बचे हुए महीनों में भारतीय घरेलू बाजार में सोने की कीमत 1,50,000 से 1,80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच रहने की उम्मीद है। वहीं, साल 2027 में यह तेजी और आगे बढ़ते हुए 1,60,000 से 1,90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को छू सकती है। एक्सपर्ट का कहना है कि वैश्विक स्तर पर सोने की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में लगातार आ रही कमजोरी की वजह से यह बड़ा उछाल देखने को मिल रहा है।



**इस साल 20 प्रतिशत की तेजी**

साल 2026 में अब तक घरेलू सोने की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की भारी तेजी दर्ज की जा चुकी है। इस रिकॉर्ड बढ़त के पीछे तीन मुख्य कारक काम कर रहे हैं: इस साल अब तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया करीब 7 प्रतिशत टूट चुका है। भारत सरकार ने 13 मई 2026 से सोने पर आयात शुल्क को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर सीधे 15 प्रतिशत कर दिया है। बाजार अभी भी इस बढ़ोतरी को पूरी तरह पचाने में लगा है, जिससे आने वाले दिनों में कीमतें 2 से 3 प्रतिशत और बढ़ सकती हैं। वैश्विक स्तर पर सोने की मजबूत कीमतों का सीधा असर भारतीय बाजारों पर पड़ रहा है। आईसीआईसीआई बैंक की रिपोर्ट के अनुसार साल 2026 के लिए यह अनुमान इस बात पर आधारित है कि डॉलर के मुकाबले रुपया औसतन 96 के स्तर पर रहेगा। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की औसत कीमत 4,700 डॉलर प्रति औंस होगी।

### पश्चिम एशिया संकट का दिखा असर

साल 2025 में 65 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के बाद साल 2026 में अब तक वैश्विक बाजार में सोना करीब 5 प्रतिशत मजबूत हुआ है। हालांकि, 28 फरवरी 2026 को पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद वैश्विक कीमतों में करीब 15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

### क्या और गिर सकता है सोना

रिपोर्ट ने चेतावनी भी दी है कि अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व अपनी मौद्रिक नीतियों को सख्त करता है या ब्याज दरें बढ़ाता है, तो वैश्विक बाजार में सोने की तेजी धीमी पड़ सकती है। ऐसी स्थिति में साल 2027 तक सोने की कीमतों का ग्राफ अनुमान से थोड़ा नीचे या सपाट रह सकता है।

## दो महीने के निचले स्तर पर पहुंचा सोना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत आज इंटरनेशनल मार्केट में दो महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई। अमेरिका ने ईरान पर फिर हमला किया है। इससे डॉलर की कीमत में तेजी आई है। साथ ही कच्चे तेल की कीमत में भी करीब 4 फीसदी उछाल आई है और महंगाई को लेकर एक बार फिर निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। इससे इंटरेस्ट रेट आउटलुक को लेकर एक बार फिर अनिश्चिचतता का दौर शुरू हो चुका है। इस सबका असर सोने की कीमत पर देखने को मिल रहा है। स्पॉट गोल्ड 1.1 फीसदी गिरावट के साथ 4,406.81 प्रति ओंस पर आ गया। यह 27 मार्च के बाद इसका न्यूनतम स्तर है। जून डिलीवरी के लिए यूएस फ्यूचर भी 0.9 प्रतिशत गिरावट के साथ 4,404.90 पर आ गया। स्पॉट सिल्वर भी 1.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73.44 प्रति ओंस पर आ गई। इस बीच डॉलर में तेजी आई है। भारत में बकरीद के कारण आज एमसीएक्स पर सुबह का कारोबार बंद है। इस बीच भारत के सर्राफा बाजार में भी सोने और चांदी की कीमत में गिरावट दिख रही है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 2,230 रुपये की गिरावट के साथ 1,56,060 रुपये पर आ गई। 22 कैरेट वाले सोने की कीमत भी 2,050 रुपये की गिरावट के साथ 1,43,050 रुपये रह गई जबकि 18 कैरेट वाला सोना 1,680 रुपये की गिरावट के साथ 1,17,040 रुपये पर ट्रेड कर रहा है।

**5 दिनों में 25 प्रतिशत से अधिक की तेजी**

## अडानी का हाथ लगते ही अपर सर्किट पर पहुंचा जेपी पावर का शेयर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जयप्रकाश पावर वेंचर्स के शेयरों में बुधवार को भारी लिवाली देखने को मिली। बीएसई पर कंपनी का शेयर 20 प्रतिशत के अपर सर्किट के साथ 22.96 रुपये तक पहुंच गया। दिन के अंत में यह 19.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 22.88 रुपये पर बंद हुआ। इस तेजी के साथ जेपी पावर के शेयरों ने लगातार पांचवें सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी है और पिछले पांच दिनों में इसमें 25 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया है। बुधवार के कारोबारी सत्र में ट्रेडिंग वॉल्यूम भी काफी हाई रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, करीब 1,904 करोड़ रुपये मूल्य के 87 करोड़ से अधिक शेयरों का लेनदेन हुआ। इस बंपर तेजी के पीछे अडानी ग्रुप के साथ हुई एक बड़ी महाडील है। पिछले हफ्ते अडानी पावर ने जानकारी दी थी कि उसने कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए एनसीएलटी मंजूर रेजॉलूशन प्लान के तहत जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए अंतिम समझौतों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। अडानी पावर इस 24 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीदने के लिए 2,993.6 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। हिस्सेदारी के अलावा, दोनों कंपनियों के बीच एक बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट भी हुआ है। अडानी पावर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में स्थित 180 मेगावाट क्षमता वाले चुर्क थर्मल पावर प्लांट और उससे जुड़ी संपत्तियों का अधिग्रहण करेगी। इसमें प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में जेपी एसोसिएट्स की 11.49 प्रतिशत हिस्सेदारी भी शामिल है। इस पूरे थर्मल एसेट सौदे की कीमत 1,200 करोड़ रुपये तय की गई है। यह पूरा अधिग्रहण नकद लेनदेन के जरिए होगा, जिसे एनसीएलटी की मंजूरी (17 मार्च 2026) के बाद 90 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। बिजली क्षेत्र के शेयरों में यह तेजी सिर्फ इस डील की वजह से नहीं है, बल्कि देश में चल रही भीषण गर्मी भी इसका एक बड़ा कारण है। इस साल अत्यधिक मजबूत 'एल नीनो' प्रभाव के कारण देश के बड़े हिस्से में गंभीर हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। इसके चलते देश भर में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जिससे पावर कंपनियों के शेयरों को जबरदस्त बूस्ट मिला है।

## 90 प्रतिशत से ज्यादा चुका दिया लोन, कर्ज मुक्त होने की है तैयारी, 61 प्रतिशत बढ़ा है मुनाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर कर्ज-मुक्त होने की तैयारी में है। पीसी ज्वैलर ने बताया है कि उसने 90 पर्सेंट से ज्यादा बकाया कर्ज चुका दिया है। कंपनी ने बताया है कि उसने 30 सितंबर 2024 को बैंकों के साथ किए गए सेटलमेंट एग्रीमेंट के बाद से अब तक इतना लोन चुका दिया है। पीसी ज्वैलर ने कहा है कि वह कर्ज-मुक्त होने की राह पर आगे बढ़ रही है। पीसी ज्वैलर के शेयर बुधवार को में 9.21 रुपये पर बंद हुए हैं।

पीसी ज्वैलर लिमिटेड ने बताया है कि 31 मार्च 2026 को खत्म हुई चौथी तिमाही में उसका कंसॉलिडेटेड मुनाफा सालाना आधार पर 61.3 पर्सेंट बढ़ गया है। ज्वैलरी कंपनी को चौथी तिमाही में 152.9 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 94.8 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। पीसी ज्वैलर का रेवेन्यू चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 32.7 पर्सेंट बढ़कर 927.3 करोड़ रुपये पहुंच गया है। एक साल पहले की समान अवधि में पीसी ज्वैलर का रेवेन्यू 699 करोड़ रुपये था। कंपनी का डोमेस्टिक रेवेन्यू सालाना आधार पर 33 पर्सेंट बढ़ा है।



पीसी ज्वैलर लिमिटेड अपने शेयर का भी बंटवारा कर चुकी है। ज्वैलरी कंपनी अपने शेयर को 10 टुकड़ों में बांट चुकी है। पीसी ज्वैलर ने दिसंबर 2024 में 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 1-1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटा है। ज्वैलरी कंपनी अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर का भी तोहफा दे चुकी है। पीसी ज्वैलर ने जुलाई 2017 में अपने निवेशकों को 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर बांटा।

**745 प्रतिशत उछल गए हैं पीसी ज्वैलर के शेयर:** ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर लिमिटेड के शेयर पिछले 6 साल में 745 पर्सेंट चढ़ गए हैं। पीसी ज्वैलर के शेयर 29 मई 2020 को 1.09 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 27 मई 2026 को 9.21 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले पांच साल में कंपनी के शेयरों में 235 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। पिछले चार साल में कंपनी के शेयर 353 पर्सेंट उछल गए हैं। पिछले 3 साल में पीसी ज्वैलर लिमिटेड के शेयरों में 265 पर्सेंट की तेजी आई है।

## 9 प्रतिशत डीए बढ़ाने का हुआ ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कर्मचारियों को साल की दूसरी छमाही के महंगाई भत्ता यानी डीए का इंतजार है। ऐसा अनुमान है कि छमाही के डीए का ऐलान सितंबर या अक्टूबर के महीने में हो सकता है। इस माहौल के बीच कुछ राज्यों ने अपने कर्मचारियों के डीए (महंगाई भत्ते) में बढ़ोतरी कर खुशखबरी दी है। अब झारखंड ने अपने कर्मचारियों का डीए बढ़ाने का ऐलान किया है। राज्य में सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 9 पर्सेंट तक बढ़ा है।

झारखंड सरकार की कैबिनेट ने सातवें वेतनमान के तहत सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का डीए 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया है। प्रतिशत से बढ़ाकर 262 प्रतिशत किया गया है। इसका मतलब है कि डीए में 5 पर्सेंट की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ाकर 483 प्रतिशत किया गया है।

## इंडियन स्टार्टअप इंडस्ट्री के पोस्टर बॉय बायजू रवींद्रन हीरो से बने जीरो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कभी देश की सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप रही बायजू के फाउंडर बायजू रवींद्रन को सिंगापुर की एक अदालत ने 6 महीने जेल की सजा सुनाई है। उन्हें कोर्ट की अवमानना का दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई गई है और सजा के लिए 15 जून को पेश होने को कहा गया है। बायजू रवींद्रन को कभी भारतीय स्टार्टअप की सक्सेस स्टोरी का पोस्टर बॉय माना जाता था। इस एडटेक स्टार्टअप की वैल्यू 2022 में 22 अरब डॉलर पहुंच गई थी और उसने वैश्विक निवेशकों से 4 अरब डॉलर से अधिक जुटाए थे। दुनियाभर के निवेशकों ने इसमें पैसा लगाया था और आज वे अपना पैसा पाने के लिए कोर्ट में लड़ाई लड़ रहे हैं। आखिर अर्श से फर्श पर कैसे आई बायजू

बायजू की स्थापना 2011 में हुई थी। यह वह दौर था जब देश में स्मार्टफोन का चलन और टेस्ट-प्रेप कल्चर का चलन बढ़ रहा था। लेकिन इसमें असली तेजी कोरोना काल में आई। लॉकडाउन के कारण स्कूल बंद हो गए और




स्टूडेंट ऑनलाइन आ गए। बायजू ने इसका फायदा उठाते हुए आक्रामक मार्केटिंग की, शाहरुख खान और लियोनल मेसी जैसे दिग्गजों को अपना ब्रांड एंबेसेडर बनाया। इसके साथ ही आकाश, ग्रेट लर्निंग और एपिक जैसी कंपनियों का अधिग्रहण किया। इससे कंपनी की इमेज ग्लोबल एडटेक लीडर की बन गई और पैसा बरसने लगा। लेकिन कोरोना महामारी के बाद जैसे ही डिमांड सामान्य हुई, बायजू के रेवेन्यू की रफ्तार मंद हो गई जबकि ऑपरेशन कॉस्ट बढ़ गया। बायजू ने पूरी दुनिया में करीब 3 अरब डॉलर की खरीदारी की। इसके लिए कंपनी ने कर्ज लिया। इसमें से 1.2 अरब डॉलर का कर्ज विदेशी निवेशकों से लिया गया। अधिग्रहण से कंपनी ने दुनियाभर में अपने पैर पसारे लेकिन इससे कॉस्ट बहुत बढ़ गई। फाइनेंशियल ईयर 2022 में ही कंपनी का घाटा 8,245 करोड़ रुपये था जो 2021 की तुलना में करीब दोगुना था। इसके बाद निवेशकों ने कंपनी के कामकाज पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। ऑडिटर्स ने भी कंपनी के भविष्य को लेकर चिंता जताई। नतीजा यह हुआ कि कंपनी की वैल्यू 22 अरब डॉलर से गिरकर 8 अरब डॉलर रह गई और फिर यह 1 अरब डॉलर तक गिर गई।

# 6500 रुपये की नौकरी से की थी शुरुआत, आज 80 करोड़ का रेस्तरां साम्राज्य, कई शहरों में फैला बिजनेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सफलता रातों-रात नहीं मिलती, इसके लिए बरसों की कड़ी मेहनत, सही विजन और अटूट धैर्य की जरूरत होती है। यह बात कारीगरी वेंचर्स लिमिटेड के मालिक योगेश शर्मा की कहानी पर बिल्कुल सटीक बैठती है। साल 2007 में मुंबई में महज 6500 रुपये की मासिक सैलरी से अपने करियर की शुरुआत करने वाले योगेश आज 80 करोड़ रुपये से अधिक के टर्नओवर वाली प्रीमियम डाइनिंग चेन के मालिक हैं। मीडिया जगत से अपने सफर की शुरुआत करने वाले योगेश शर्मा ने लगभग दो दशकों में व्यापार जगत में एक अनूठी पहचान बनाई है।

योगेश शर्मा के भीतर का उद्यमी काफी पहले से आकार ले रहा था। मीडिया सेक्टर में नौकरी करने के साथ-साथ उन्होंने साल 2010 में मुंबई में 20 सीटों वाला एक छोटा सा कैफे खोला। इसके लिए उन्होंने अपने पिता से 10 लाख रुपये का निवेश लिया था। कैफे चलाने के बावजूद उन्होंने अपनी नौकरी नहीं छोड़ी। इसके बाद वे दिल्ली लौट आए और रेस्तरां बिजनेस का विस्तार करने में जुट गए। 2021 में पड़ी 'कारीगरी' की नींव योगेश शर्मा के जीवन



में सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साल 2021 में आया। उस समय उन्होंने देश के मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी के साथ मिलकर कारीगरी ब्रांड की नींव रखी। इस ब्रांड की शुरुआत 3 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश के साथ हुई थी। वर्तमान में योगेश शर्मा कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं, जबकि उनके भाई मनीष शर्मा बतौर सीओओ कामकाज संभाल रहे हैं।

नोएडा में हेडक्वार्टर वाले इस प्रीमियम ब्रांड के पास आज दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, देहरादून, बेंगलुरु, इंदौर और छत्तीसगढ़ में कुल 12 आउटलेट्स का मजबूत नेटवर्क है। यह एक पूरी तरह से शेफ-संचालित रेस्तरां ब्रांड है। यहां का वातावरण और रचनात्मक मेनू इसकी यूएसपी है। साधारण शुरुआत से करोड़ों का बिजनेस खड़ा करने वाले योगेश शर्मा नए उद्यमियों को बेहद व्यावहारिक और सरल सलाह देते हैं। योगेश कहते हैं कि हमेशा वही काम करें जिसके प्रति आपके भीतर सच्चा जुनून हो। अपने बिजनेस के आंकड़ों का पूरा हिसाब रखें और अपनी पूरी क्षमता के साथ कड़ी मेहनत करें। सबसे जरूरी बात कि खुद में धैर्य रखें, क्योंकि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

### दिल्ली के मॉल्स में मिली बड़ी कामयाबी

साल 2011 में योगेश ने दिल्ली में 70 सीटों वाला एक रेस्तरां खोला। इसके बाद उन्होंने लक्ष्मी नगर के एक मॉल सहित दो अन्य मॉल्स में आउटलेट्स शुरू किए। उनके ये तीनों रेस्तरां बेहद सफल रहे। इनसे उन्हें 20 लाख रुपये, 40 लाख रुपये और 60 लाख रुपये का मासिक राजस्व मिलने लगा। मुख्य रूप से युवाओं के बीच लोकप्रिय हो चुके इन व्यवसायों को योगेश ने साल 2015 में बेच दिया और अपना पूरा ध्यान पारिवारिक रेस्तरां को बढ़ाने और नए अधिग्रहणों पर केंद्रित कर दिया।

## एलपीजी के साथ-साथ पेट्रोल-डीजल की किल्लत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलपीजी के साथ-साथ पेट्रोल-डीजल की किल्लत की आ रही खबरों के बीच मोदी सरकार ने इनकी सप्लाई पर बड़ा अपडेट दिया है। सरकार ने भरोसा दिलाया कि सरकार ईंधन की सप्लाई बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते हालात पर नजर रखने के लिए बनाए गए अनौपचारिक मंत्री समूह की बैठक में अधिकारियों को देश की तैयारी और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी न करने की अपील की है। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'देश में आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। पेट्रोल-डीजल-एलपीजी की घबराहट में खरीदारी न करें, क्योंकि सरकार सभी जरूरी चीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पश्चिम एशिया में संकट शुरू होने के बाद से शानदार काम कर रही है।

देशभर में पेट्रोल और डीजल की सप्लाई पूरी तरह से पर्याप्त है। तेल में रुकावटों के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय कीमतों का पूरा बोझ खुदरा उपभोक्ताओं पर नहीं डाला है। वे करीब 550 करोड़ रुपये प्रतिदिन का नुकसान का बोझ उठा रही हैं।मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि राहत केवल घरेलू खपत के लिए है, लेकिन एक पैटर्न सामने आया है कि कई इंडस्ट्रियल कंज्यूमर अपनी औद्योगिक खरीदारी छोड़कर खुदरा स्तर पर सस्ता ईंधन खरीद रहे हैं। साथ ही कुछ डीलरों द्वारा ब्लैक मार्केटिंग के मामले भी सामने आए हैं। केंद्र और राज्य सरकारों ने मौजूदा नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। इंडियन ऑयल के मुताबिक दिल्ली में 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर



आज 913 रुपये और 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर 3071.50 रुपये का है। गुरुग्राम में घरेलू 921.50 रुपये और कमर्शियल 3,088 रुपये है। नोएडा में घरेलू 910.50 रुपये और कमर्शियल 3,071.50 रुपये है। जयपुर में एलपीजी घरेलू सिलेंडर 916.5 और 19 किलो वाला कमर्शियल 3099 में बिक रहा है। देहरादून में घरेलू सिलेंडर 932 और कमर्शियल 3129 का है। पटना में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 1011 रुपये का है और कमर्शियल सिलेंडर के दाम आज 3361 रुपये हैं। मुंबई में घरेलू 912.50 रुपये और कमर्शियल 3,024 रुपये है। चेन्नई में घरेलू 928.50 रुपये और कमर्शियल 3,237 रुपये है। भुवनेश्वर में घरेलू 939 रुपये और कमर्शियल 3,238 रुपये है।

# साहिबगंज में जल्द बनेगा डाल्फिन अभयारण्य

## साहिबगंज की गंगा हुई प्रदूषणमुक्त : रिपोर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** अनेक शहरों में गंदे पानी के नालों के आकर मिलने से मैली हो रही जीवनदायिनी गंगा की एक स्वच्छ तस्वीर झारखंड से सामने आई है। यहां गंगा को स्वच्छ करने का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया गया है।

यह संभव हुआ है जनसहभागिता से। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार साहिबगंज से आगे बहने वाली गंगा पिछले सात साल से लगातार प्रदूषण मुक्त है।

सामान्य रूप से फिल्टर कर लोग इस पानी को पी सकते हैं। एक हफ्ते पहले जारी नमामि गंगे की रिपोर्ट के अनुसार 2018 से 2025 तक झारखंड में गंगा की मुख्य धारा कभी प्रदूषित श्रेणी में नहीं आई।

स्वच्छता को जनांदोलन बनाने तथा नमामि गंगे द्वारा स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की वजह से यह संभव हो पाया है। गंगा की स्वच्छता का सुखद परिणाम यह है कि यहां डाल्फिन अभयारण्य बनाया जा रहा है।

झारखंड में स्थानीय लोगों ने गंगा में कचरा डालने पर कड़ाई की, उद्योगों ने ट्रीटेड वाटर का पुनःउपयोग किया और पर्यावरणविदों-विज्ञानियों ने लगातार निगरानी की।



यह सामूहिक संकल्प ही गंगा को स्वच्छ बनाए रखने में निर्णायक साबित हुआ। शासन-प्रशासन की अगुआई में स्वच्छता अभियान को जनांदोलन का रूप दिया गया।

गंगा आरती, गंगा उत्सव, छठ, कार्तिक पूर्णिमा, गंगा स्वच्छता

### लोगों की जागरूकता अब लायी रंग

पखवाड़ा जैसे सामयिक कार्यक्रमों से जनमानस को जोड़ कर लोगों को गंगा की सफाई के प्रति जागरूक किया गया।

नगर परिषद द्वारा प्रत्येक मंगलवार को गंगा घाट की सफाई व गंगा आरती की जाती है। इसके लिए जिला गंगा समिति राशि देती है। सरकारी खर्च पर स्कूलों में प्रश्ननोत्तरी प्रतियोगिता, कार्यशाला, पर्यावरण जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों में गंगा संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित किया गया।

## सिर कटा पशु ले जाते युवक धराया, भागा

**दरभंगा।** जिले के बिरौल थाना क्षेत्र के पोखराम गांव में गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ग्रामीणों ने पशु का कटा सिर ले जा रहे एक युवक को पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर बाद में गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, अहिलवारा की ओर से चार युवक अलग-अलग साइकिलों पर बोरी में मांस लेकर बलहा गांव की तरफ जा रहे थे। पोखराम गांव के समीप ग्रामीणों की नजर एक बोरी से टपक रहे खून पर पड़ी। संदेह होने पर लोगों ने युवकों को रोककर बोरी की जांच करनी चाही। जांच के दौरान एक बोरी से पशु का कटा सिर बरामद हुआ। यह देखते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने एक युवक को पकड़ लिया, जबकि उसके तीन साथी साइकिल छोड़कर खेत के रास्ते फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर बिरौल के एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# उपभोक्ता आयोग ने रेलवे पर लगाया जुर्माना

**यात्री को चार वर्षों बाद मिला न्याय ☐ शिकायत के बाद भी नहीं हुआ था समाधान**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** इंडियन रेलवे भले ही यात्रियों को आरामदायक सफर के बड़े-बड़े दावे करे, लेकिन भोजपुर की एक अदालत ने उसकी बड़ी लापरवाही पर कड़ा फैसला सुनाया है।

जिला उपभोक्ता फोरम भोजपुर ने कन्फर्म टिकट होने के बाद भी यात्रियों को सीट न देने और उन्हें पूरी रात खड़े होकर सफर कराने के मामले में रेलवे को दोषी माना है। आयोग के अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह और सदस्य कमल किशोर सिंह की बेंच ने उत्तर मध्य रेलवे और रेल मंत्रालय पर जुमार्ना लगाया है।

कोर्ट ने पीड़ित यात्री के टिकट का पूरा पैसा आठ फीसदी सालाना ब्याज के साथ लौटाने और मानसिक व शारीरिक परेशानी के बदले 35 हजार रुपये का हजार्ना देने का आदेश दिया है।

यह मामला साल 2022 का है। कोईलवर प्रखंड के कायमनगर के रहने वाले रवि शंकर पांडेय ने अपने तीन दोस्तों के साथ विंध्याचल से आरा आने के लिए एलटीटी-पटना एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 13202) के थर्ड एसी कोच में चार कन्फर्म टिकट बुक कराए थे।

इसके लिए उन्होंने 1,876 रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया था। विंध्याचल स्टेशन पर जब ट्रेन आई तो कोच में भारी भीड़ थी और उनकी सीटों पर कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा किए बैठे थे। पूछने पर उन्होंने खुद को रेलवे कर्मचारी बताया और सीट खाली करने से मना करते हुए बदतमीजी की।

पीड़ित यात्रियों ने ट्रेन में टीटीई और आरपीएफ को ढूंढने की कोशिश की,लेकिन कोई नहीं मिला। इसके बाद रवि शंकर ने सोशल मीडिया एक्स पर इंडियन रेलवे को टैग करके अपनी शिकायत दर्ज कराई।

रेलवे के मांगने पर पीएनआर नंबर भी दिया गया। जिस पर शिकायत संख्या भी जारी हुई। इसके बावजूद ट्रेन में उन्हें कोई मदद नहीं मिली।

बक्सर स्टेशन पर जब एक टीटीई मिला तो उसने भी मदद करने के बजाय त्योहार की भीड़ का हवाला देकर मैनेज करने की गैर-जिम्मेदाराना सलाह दे डाली। इस वजह से चारों यात्रियों को पूरी यात्रा खड़े-खड़े तय करनी पड़ी।

# नौतपा के दौरान लुढ़का पारा, लोगों को मिली राहत

## बढ़ी आंधी पानी की संभावना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** नौपता के तीसरे दिन मौसम ने रंग बदल लिया। सुबह से धूप की तपिश कम रही। दोपहर में भी बादलों की आवाजाही से धूप की तल्खी गायब दिखी। शाम का मौसम सुहाना रहा। अगले तीन-चार दिन मौसम में नरमी बनी रहेगी और गर्मी छुट्टियां मनाएगी।

गुरुवार को बारिश की संभावना है। गर्जन के साथ आंधी-तूफान के आसार हैं। 30 तक आरेंज अलर्ट और 31 को यलो अलर्ट जारी किया गया है। गर्जन और आंधी के दौरान बिजली गिरने का भी खतरा बना रहेगा। मौसम विभाग ने इसे लेकर सतर्कता बरतने का भी आग्रह किया है। मौसम केंद्र रांची के विज्ञानी



अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले चार-पांच दिन आंधी के साथ गर्जन-वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। इससे गर्मी का असर कम रहेगा। पर वज्रपात के दौरान ऊंचाई वाले स्थान या विद्युत पोल के नीचे खड़े होने से बचें।

शहर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री के आसपास था। बादलों की आवाजाही से 48 घंटे में सात डिग्री की गिरावट आ गई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया। आंधी-बारिश की गतिविधि शुरू होने से शुक्रवार तक और तीन डिग्री की गिरावट हो सकती है।

# हत्याकांड मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** भागलपुर के आसपास के ग्रामीण इलाकों में रिश्तों की जटिलता और अपराध एक बार फिर उजागर हुई है। पीरपैंती प्रखंड के ईशीपुर थाना क्षेत्र के कटहल टोला निवासी मरांग टुडू हत्याकांड में पुलिस ने उसके चचेरे भाई सनत टुडू को गिरफ्तार किया है।

जांच में सामने आया है कि सनत टुडू का मरांग टुडू की पत्नी तानी चौड़े से अवैध संबंध था और उसे पाने के लिए उसने अपने ही भाई की हत्या का खौफनाक कदम उठाया।

मरांग टुडू 24 मई को झारखंड के साहिबगंज जिले के मिजाचौकी थाना क्षेत्र के बसहा पहाड़ में एक तिलक समारोह में शामिल होने गया था। बाद में उसका शव वहां बरामद किया गया।

साहिबगंज एसडीपीओ सुशील कुमार ने बताया कि शव पर चोट के निशान पाए गए, जिससे पुलिस को हत्या का संदेह हुआ। घटना स्थल से एक छोटा मोबाइल फोन भी बरामद किया गया, जिससे 112 सहायता नंबर पर कॉल की जानकारी मिली।

पुलिस ने मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ाते हुए गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सनत टुडू को पूछताछ के लिए थाना लाया।

कड़ी पूछताछ में उसने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने बताया कि मोबाइल जांच में तानी चौड़े और सनत टुडू के बीच लगातार बातचीत का खुलासा हुआ।


जांच दल में मिर्जा चौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव, एसआई प्रवीण प्रभाकर, विक्रम कुमार बाउरी सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। पूछताछ और तकनीकी जांच के बाद सनत टुडू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

हालांकि यह मामला साहिबगंज में हुआ, जो भागलपुर की सीमा से लगा हुआ झारखंड का एक जिला है। इसमें शामिल परिवार का संबंध भागलपुर से है। मरांग टुडू और सनत टुडू का परिवार भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत ईशीपुर के आसपास के इलाकों से जुड़ा हुआ है।

इस घटना ने स्थानीय लोगों में खौफ और चिंता बढ़ा दी है।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में रिश्तों और जमीन के मामलों को लेकर अक्सर विवाद होते रहते हैं, लेकिन इस तरह की हिंसा ने सभी को झकझोर दिया है। भागलपुर के ग्रामीण इलाकों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने और अपराध रोकने की मांग उठने लगी है। स्थानीय प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा बलों की निगरानी बढ़ा दी है।

# श्रावणी मेला के पूर्व शिवगंगा होगी पावन



**☐ 26 लाख की राशि से लगेगा प्लांट**
**☐ अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** श्रावणी मेला में लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ के साथ ही बाबा बासुकीनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में प्रशासन ने शिवगंगा को पावन बनाने का संकल्प लिया है।

इसके लिए वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट लगाया जा रहा है जिस पर करीब 26 लाख रुपए खर्च होंगे। इस राशि से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर जल का शुद्धिकरण किया जाएगा।

गुरुवार को शिवगंगा का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीओ कौशल कुमार ने यह बातें कही। उन्होंने मौके पर कार्यकारी एजेंसी से यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया।

वहीं, बासुकीनाथ मेला क्षेत्र का दुमका अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार ने जरमुंडी बीडीओ कुंदन भगत, जरमुंडी सीओ सह मंदिर प्रभारी संजय कुमार, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी सार्जन मरांडी के साथ निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शिवगंगा में पूर्वी, उत्तरी एवं पश्चिम दिशा में बनने वाले सीढ़ी घाट निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट देखी। कार्यकारी एजेंसी के संवेदक ने बताया कि न्यूनतम 20 फीट तक जल की निकासी होने के बाद कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा।

कार्य को तय अवधि में पूरा करने को लेकर कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिया। इस दौरान शिवगंगा से सटे कांवरिया पथ, मंदिर के सिंह द्वार, संस्कार मंडप आदि का भी निरीक्षण किया।

बासुकीनाथ नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सार्जन मरांडी को मंदिर सिंह द्वार के निकट से एवं मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण हटाने को लेकर सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण यथाशीघ्र हटवा दें अन्यथा अतिक्रमणकारियों की सामग्री जब्त कर ली जाएगी और विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जरमुंडी पुलिस निरीक्षक दयानंद साह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चार दिवसीय राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जिला चेस एसोसिएशन की ओर से चार दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शहर अग्रसेन भवन में किया गया। जिसे लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन का सहयोग मिला।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेयर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल अन्य ने मिलकर किया।इस अवसर पर कटिहार चेस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. शंभू नाथ, गीत अविनाश,अग्रसेन सेवा सदन के सचिव शंभू अग्रवाल, इंटरनेशनल ऑर्बिटल के नंदकिशोर श्रीवास्तव,संगठन के संरक्षक संजीव सुरेखा, लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट तेजस चौरसिया तथा पीयूष राज संजीवनी नेत्रालय के आलोक सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में कटिहार में शतरंज के उज्वल भविष्य की सराहना करते हुए संगठन के इस प्रयास को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग देने की बात कही।इस राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 95 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में बौद्धिक विकास,एकाग्रता एवं खेल भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के कोषाध्यक्ष राकेश चौधरी, सचिव प्रत्यूष कुमार, सहसचिव सत्यम समदर्शी, शुभम सौरभ, देवांश अग्रवाल, सौरभ पोद्दार एवं शुभम बियानी सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उद्घाटन समारोह के धन्यवाद ज्ञापन में संगठन के उपाध्यक्ष श्री विकास खंडेलिया ने कहा कि विभिन्न जिलों से आए अभिभावकों एवं बच्चों के उत्साह और सहयोग के कारण ही इस प्रकार के आयोजन सफल हो पाते हैं।

# मंईया सम्मान योजना के सत्यापन में महिलाओं की उमड़ी भीड़

## कर्मी हुए हलकान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** प्रतापपुर पंचायत भवन में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सत्यापन कार्य को लेकर बुधवार को महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही पंचायत भवन परिसर लाभुक महिलाओं से भरा रहा।दस्तावेजों की जांच, आधार सत्यापन और उम्र मिलान को लेकर पंचायत कर्मी दिनभर जुटे रहे। सत्यापन के दौरान कई महिलाओं को लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

पंचायत भवन में अफरा-तफरी जैसी स्थिति भी देखने को मिली, हालांकि कर्मियों ने लोगों को व्यवस्थित कर प्रक्रिया जारी रखी। प्रतापपुर पंचायत के उप मुखिया आकाश कुमार गुप्ता ने बताया कि लाभुकों का सत्यापन आधार कार्ड



एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर किया जा रहा है।

जांच के दौरान कई लाभुकों की उम्र 50 वर्ष से अधिक तथा कुछ की उम्र 18 वर्ष से कम पाई गई है। ऐसे मामलों की सूची अलग से तैयार कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार योजना का लाभ केवल पात्र महिलाओं तक पहुंचे, इसे सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।सत्यापन कार्य पूरा होने तक पंचायत भवन में महिलाओं की आवाजाही लगातार बनी रही।

## मरीज की मौत के बाद बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में महिला मरीज की मौत के बाद बड़ा बवाल खड़ा हो गया। पकड़ी गैस एजेंसी रोड स्थित केसर नर्सिंग होम में ऑपरेशन के दौरान मरीज की हालत बिगड़ गई थी। मृतका की पहचान बक्सर जिले के नावाडीह गांव निवासी 47 वर्षीय लखमुना देवी के रूप में हुई। घटना के बाद स्वजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया। मामला बढ़ने पर पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया।

गुरुवार सुबह अस्पताल में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। प्रशासनिक टीम की तलाशी के दौरान अस्पताल से कई संदिग्ध सामान बरामद हुए। प्लास्टिक की पन्नी में रखा 19.27 ग्राम गांजा पुलिस ने जब्त किया। इसके अलावा एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। एक कर्मी का आधार कार्ड, वोटर कार्ड और पहचान पत्र भी मिले। बरामदगी के बाद पुलिस ने अलग से दूसरी प्राथमिकी दर्ज की। मादक पदार्थ और कारतूस मिलने से मामला और गंभीर हो गया। मृतका के पति सुरेंद्र यादव के बयान पर पहली प्राथमिकी दर्ज की गई।

# धूमधाम से मना ईद-उल-अजहा का त्योहार

## सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहा पुलिस प्रशासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडखोरा /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय का पवित्र त्योहार ईद-उल-अजहा आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में धूमधाम के साथ मनाया गया।

सुबह होते ही नए-नए परिधानों में सजे नमाजी प्रखंड के शकरपुरा, डंडखोरा, भमरैली, रायपुर, द्वाशय, मगुरजान सहित विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों की ओर रुख करने लगे, जहाँ उन्होंने देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए सामूहिक रूप से खुदा की बारगाह में हाथ उठाए और नमाज अदा की।

नमाज संपन्न होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके बाद खुदा की राह में कुर्बानी की रस्म पूरी की गई। त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति



और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

प्रखंड क्षेत्र के सभी संवेदनशील और प्रमुख चौराहों पर सुबह से ही पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी।प्रशासनिक अधिकारी, थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो , अपर थानाध्यक्ष अमलेंदू सिंह सहित पुलिस बल के जवान लगातार गश्त करते रहे और हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखी।थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि त्योहार के दौरान पूरे थाना क्षेत्र से किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

# वज्रपात से महिला पार्षद सहित दो झुलसे

## सदर अस्पताल रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के निजाम रूईया गांव में तेज बारिश के दौरान अचानक वज्रपात होने से एक महिला वार्ड सदस्य समेत दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों की पहचान स्थानीय वार्ड सदस्य सुमित्रा पूर्ति (32) और ग्रामीण लक्ष्मण पिंगुवा के रूप में हुई है।

घटना के बाद दोनों को आनन-फानन में एक निजी वाहन की मदद से नजदीकी कुमारडुंगी अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर इलाके में तेज बारिश हो रही थी।

इसी दौरान 32 वर्षीय सुमित्रा पूर्ति अपने घर के अंदर एक खटिया पर बैठकर लक्ष्मण पिंगुवा के साथ बातचीत कर रही थीं। तभी अचानक तेज गर्जना के साथ आसमानी बिजली सीधे उनके घर पर आ गिरी।

वज्रपात का झटका इतना जोरदार था कि सुमित्रा पूर्ति खटिया से नीचे गिर गईं और बुरी तरह झुलस गईं। कुमारडुंगी अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

हालांकि, वार्ड सदस्य सुमित्रा पूर्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए तुरंत चाईबासा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। हादसे में दूसरे घायल लक्ष्मण पिंगुवा के पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

फिलहाल उनका इलाज कुमारडुंगी अस्पताल में ही चल रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक, दोनों ही मरीजों की स्थिति अभी चिंताजनक बनी हुई है और उन्हें मेडिकल सुपरविजन में रखा गया है। घटना के बाद से निजाम रूईया गांव के लोग सहमे हुए हैं।

# सात दोषियों को उम्रकैद व अर्थदण्ड



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र स्थित बुरुहातु आमटोली गांव में वर्ष 2021 में हुई दिल दहला देने वाली सामूहिक हत्या के मामले में जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-5 संजय कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को सात दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

अंधविश्वास और डायन-बिसाही के शक में एक ही परिवार के पांच लोगों की टांगी से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस जघन्य वारदात में पांच वर्षीय मासूम बच्चा भी नहीं बच सका था।

अदालत ने अमृत टोपनो, डेनियल टोपनो, सावन टोपनो, फिरंगी टोपनो, सलीम टोपनो, सोमा टोपनो और फिलिप टोपनो को दोषी करार देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 302/149 सहपठित 120-बी तथा धारा 460/149 सहपठित 120-बी के तहत आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई । अन्य धाराओं में भी अलग-अलग सजा दी गई है।

23 फरवरी 2021 की रात घटित इस नरसंहार ने पूरे राज्य को झकझोर दिया था। घटना से पहले गांव में पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें गांव के कुछ लोगों की बीमारी और मौत के लिए 55 वर्षीय जोसफीना डहंगा और उनके पति निकोदीन टोपनो को जिम्मेदार ठहराते हुए उन पर जादू-टोना करने का आरोप लगाया गया था। पंचायत खत्म होने के बाद गांव में फैला अंधविश्वास खूनी जुनून में बदल गया। देर रात हमलावर हथियार लेकर परिवार के घर में घुस गए। इसके बाद इंसानियत शर्मसार हो गई।

हमलावरों ने जोसफीना डहंगा, उनके पति निकोदीन टोपनो, 32 वर्षीय भीमसेंट टोपनो, उसकी पत्नी सिलवंती टोपनो और पांच वर्षीय मासूम अलबिन टोपनो पर टांगी से हमला कर उनकी हत्या कर दी।

किसी को बचने का मौका तक नहीं मिला। पूरा घर चीखों और खून से भर गया था। घटना के बाद गांव में मातम और दहशत फैल गई थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर के भीतर का दृश्य देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया।

एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या ने पूरे इलाके को सन्न कर दिया था। सबसे दर्दनाक पहलू यह रहा कि इस फैसले का इंतजार करने के लिए उस परिवार का एक भी सदस्य आज जीवित नहीं बचा।

## आज जीटी से पार पाना आरआर के लिए आसान नहीं

# हेड टू हेड रिकॉर्ड दे रहे गवाही

**नई दिल्ली।** 'आईपीएल- 2026' का दूसरा क्वालीफायर मुकाबला राजस्थान रॉयल्स (आरआर) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच शुक्रवार को खेला जाएगा। आरआर के खिलाफ जीटी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। जीटी को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी, जबकि राजस्थान रॉयल्स ने एलिमिनेटर



मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया। आरआर और जीटी के बीच आईपीएल में अब तक कुल 10 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 7 मुकाबलों में जीत जीटी के हाथ लगी है, जबकि राजस्थान रॉयल्स सिर्फ 3 मैच ही जीत सकी है। गुजरात टाइटंस अपने इस दमदार रिकॉर्ड को दूसरे क्वालीफायर में भी बरकरार रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। वहीं, राजस्थान रॉयल्स एलिमिनेटर मुकाबले के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। आरआर के लिए एलिमिनेटर मुकाबले में सब कुछ सही घटा था। बल्लेबाजी में वैभव सूर्यवंशी ने बेहतरीन बैटिंग करते हुए सिर्फ 29 गेंदों में 97 रनों की दमदार पारी खेली थी, तो ध्रुव जुरेल ने भी महज 21 गेंदों में 50 रन बनाए थे। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर की जोड़ी असरदार नजर आई थी। आर्चर ने तीन विकेट अपने नाम किए थे, जबकि बर्गर 2 विकेट लेने में सफल रहे थे। सुशांत मिश्रा और रवींद्र जडेजा ने भी दो-दो विकेट अपने नाम किए थे।

### यूनिटी कपः

## जमैका ने सेमीफाइनल में भारत को 2-0 से हराया, तीसरे स्थान के लिए होगी जिम्बाब्वे से भिड़ंत

**लंदन।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को द वैली में यूनिटी कप के दूसरे सेमीफाइनल में जमैका से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। आठवें मिनट में कर्टनी क्लार्क के शानदार शुरुआती स्ट्राइक और 78वें मिनट में काहेम डिक्सन के गोल ने जमैका को फाइनल का टिकट दिलाया। इंग्लैंड की धरती पर साल 2002 के बाद अपना पहला मैच खेल रही भारतीय टीम अब 30 मई को तीसरे स्थान के प्लेऑफ में जिम्बाब्वे का सामना करेगी। जिम्बाब्वे को पहले सेमीफाइनल में नाइजीरिया के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। खिताबी मुकाबले में नाइजीरिया की भिड़ंत पिछले साल की तरह ही जमैका



से होगी। इस मैच में कई महत्वपूर्ण व्यक्तिगत पल देखने को मिले। नौफल पीएन और रिकी शाबोंग ने सीनियर नेशनल टीम में डेब्यू किया, जबकि एडमंड लालरिंडिका को भारत के लिए अपना पहला स्टार्ट मिला। जमैका सेमीफाइनल मुकाबले में पूरी तरह से भारत पर हावी रहा और टीम को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। आठवें मिनट में जमैका ने तेज काउंटर अटैक किया और भारतीय डिफेंस को मुश्किल में डाल दिया। इस दौरान गुरप्रीत सिंह संधू को एक टाइट एंगल से शानदार बचाव करना पड़ा और उन्होंने गोल होने से बचा लिया। हालांकि, खतरा पूरी तरह टला नहीं था। भारत अपनी डिफेंसिव लाइन से गेंद को ठीक से क्लियर नहीं कर पाया, और क्लार्क गलत पास को रोककर हाथ आए मौके को भुनाने में सफल रहे। उन्होंने बॉल को अपने दाहिने पैर पर कंट्रोल किया और फिर गुरप्रीत के डाइव करने के बावजूद गेंद को टॉप-राइट कॉर्नर में मारकर शानदार गोल किया।

# नंबर-1 बने वैभव

- एक ही पारी में कई बड़े रिकॉर्ड किए नाम
- गेल, जयसूर्या, वार्नर जैसे दिग्गज छूटे पीछे



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पॉवरफुल पारी खेली और कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इसमें सबसे बड़ा रिकॉर्ड तो था एक सीजन सबसे ज्यादा छक्कों का जिसमें उन्होंने क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया। ऐसे ही 9 बड़े रिकॉर्ड 97 रन की पारी खेलते हुए वैभव ने बनाए जिसमें वह नंबर 1 बने। वैभव ने इस पारी के बाद डेविड वॉर्नर, सनथ जयसूर्या और क्रिस गेल जैसे एक से बढ़कर एक दिग्गजों को पीछे छोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने 29 गेंद पर 97 रन की पारी खेली। 15 वर्षीय बल्लेबाज ने 334 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उन्होंने 12 छक्के और 5 चौके इस पारी में लगाए। वैभव की बल्लेबाजी देख किसी भी टीम का प्रशंसक क्यों ना हो, हर कोई उनका मुरीद होता दिखा।

### सबसे ज्यादा छक्के

65 : वैभव सूर्यवंशी, 2026*
59 : क्रिस गेल, 2012
52 : आंद्रे रसेल, 2019
51 : क्रिस गेल, 2013
45 : जोस बटलर, 2022

### पॉवरप्ले में ज्यादा छक्के

8 : वैभव सूर्यवंशी, न्यू चंडीगढ़, 2026*
7 : सनथ जयसूर्या, मुंबई, 2008
7 : जोस बटलर, दिल्ली, 2018
7 : जॉनी बेयरस्टो, मुंबई ब्रेबोर्न, 2022
7 : अभिषेक शर्मा, न्यू चंडीगढ़, 2026
7 : वैभव सूर्यवंशी, जयपुर, 2026

### पॉवरप्ले में सबसे ज्यादा रन

490 रन : वैभव सूर्यवंशी (2026)*
467 रन : डेविड वॉर्नर (2016)
402 रन : ट्रेविस हेड (2024)
402 रन : साई सुदर्शन (2025)
382 रन : एडम गिलक्रिस्ट (2009)

### सबसे ज्यादा रन बनाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी

680 रन : वैभव सूर्यवंशी (2026)*
625 रन : यशस्वी जायसवाल (2023)
616 रन : शॉन मार्श (2008)
573 रन : रियान पराग (2024)
549 रन : प्रभसिमरन सिंह (2025)

### वैभव सूर्यवंशी ने प्लेऑफ की एक पारी में 12 छक्के लगा रचा इतिहास

# सहवाग, गेल, वॉटसन समेत 7 सितारों को छोड़ा पीछे

### प्लेऑफ के एक मैच में छक्के

| | |
|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी | 12 |
| शुभमन गिल | 10 |
| रजत पाटीदार | 9 |
| वीरेंद्र सहवाग | 8 |
| रिद्धिमान साहा | 8 |
| क्रिस गेल | 8 |
| शेन वॉटसन | 8 |
| श्रेयस अय्यर | 8 |



वैभव सूर्यवंशी ने पिछली 15 पारियों में जो धूम मचाई है, उसके बाद यह कहना गलत नहीं होगा कि आईपीएल 2026 का यह सीजन उनके नाम से जाना जाएगा। 15 वर्षीय इस बल्लेबाज ने हर दिग्गज, हर विरोधी और हर क्रिकेट एक्सपर्ट को हैरान कर दिया है। एलिमिनेटर मुकाबले में बुधवार (27 मई 2026) को जिस तरह यह खिलाड़ी खेला वो काबिल ए तारीफ था। 29 गेंद पर 97 रन की पारी में वैभव ने 12 छक्के लगाए और एक प्लेऑफ मैच में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इस मामले में भी वैभव क्रिस गेल, शेन वॉटसन, वीरेंद्र सहवाग जैसे दिग्गज बल्लेबाजों से आगे निकल गए। वैभव सूर्यवंशी ने जहां 7 छक्के लगाते ही आईपीएल में क्रिस गेल के एक सीजन में 59 छक्के वाले महारिकॉर्ड को तोड़ा था। वहीं उसके बाद भी उनका बल्ला नहीं थमा और एक एक करके इस तूफानी बल्लेबाज ने 15 छक्के जड़ दिये। अपने छक्कों से वैभव ने लगातार सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजों के छक्के छुड़ाए।



# वैभव के फैन हुए सचिन तेंदुलकर

### एलिमिनेटर मुकाबले के बीच किया खास पोस्ट



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने जो खेल दिखाया उससे क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर भी प्रसन्न हो गए। सचिन ने एलिमिनेटर मुकाबले के बीच ही एक्स पर खास पोस्ट किया और 15 वर्षीय वैभव की बैटिंग की तारीफ की। हालांकि, सचिन की यह तारीफ काफी तकनीकी थी। उन्होंने वैभव की 97 रन की पारी की सराहना करते हुए उनकी बल्लेबाजी की खासियत बताई। सचिन तेंदुलकर ने वैभव के बैट स्विंग का जिक्र किया। उन्होंने साथ ही वैभव सूर्यवंशी के फ्रंट फुट को आगे ले जाने और खुलकर खेलने की जमकर तारीफ की। मास्टर ब्लास्टर कुल मिलाकर 'बॉस बेबी' की बल्लेबाजी के फैन होते नजर आए।

### सचिन तेंदुलकर ने किया स्पेशल पोस्ट

सचिन तेंदुलकर ने वैभव की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए एक्स पर लिखा, 'वैभव सूर्यवंशी के बल्ले का स्विंग शानदार है। उनकी बल्लेबाजी की सबसे अच्छी और सुंदर बात यह है कि वह जिस तरह अपने फ्रंट फुट को रूम बनाने के लिए आगे निकालते हैं। यह उनके पैर पर फेंकी जाने वाली गेंदबाजों के खिलाफ बेहतरीन तकनीक है।


## 29 गेंद, 97 रन, 12 छक्के

### काव्या मारन ने भी ताली बजाकर बढ़ाया उत्साह, अभिषेक ने भी दी शाबाशी

नई दिल्ली। वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजों की बैंड बजाते हुए बेहतरीन बल्लेबाजी की। उन्होंने 29 गेंद पर तूफानी 97 रन बनाए जिसमें 5 चौके और 12 छक्के शामिल थे। वैभव 3 रन से ऐतिहासिक शतक से जरूर चूके लेकिन 334 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर 15 वर्षीय खिलाड़ी ने सभी को अपना मुरीद बना दिया। हैदराबाद की मालिक काव्या मारन भी खुद को ताली बजाने से नहीं रोक पाईं।

**वैभव सूर्यवंशी ने किसी को नहीं छोड़ा-** वैभव सूर्यवंशी ने इस मैच में किसी को भी नहीं बख्शा। पैट कमिंस पर उन्होंने लगातार तीन छक्के एक ओवर में लगाए।

### काव्या मारन भी हुईं वैभव की मुरीद



वैभव सूर्यवंशी जब 29वीं गेंद पर 97 रन बनाकर आउट हुए तो पूरे स्टेडियम ने उनका खड़े होकर अभिवादन किया। सभी ने तालियां बजाईं और 15 वर्षीय बल्लेबाज की वाहवाही की। काव्या मारन भी निराश थीं लेकिन वैभव की बैटिंग पर तालियां बजाती दिखीं। हैदराबाद के खिलाड़ियों ने भी आउट होने के बाद वैभव से हाथ मिलाए।

### सिंगापुर ओपन

## दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ

# एचएस प्रणय ने किया उलटफेर

### लक्ष्य सेन भी जीते

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने सिंगापुर में शानदार जीत के साथ 10 लाख डॉलर इनामी सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 33 वर्षीय प्रणय ने एक घंटे से कुछ अधिक समय में दुनिया के पांचवें नंबर के इंडोनेशियाई खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को 10-21, 21-12, 21-18 से हराया। क्रिस्टी के खिलाफ पिछले पांच वर्षों में यह प्रणय की पहली जीत है। इससे पहले उन्होंने 2021 इंडोनेशिया ओपन में क्रिस्टी को हराया था। प्रणय अब अगले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से भिड़ेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इसके बाद दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी ल्यू गुवांग झू को 42 मिनट में 21-17 21-15



से हराया। वह अगले दौर में थाईलैंड के दूसरे वरीय कुनलावुत वितिदसार्न से भिड़ेंगे।

**श्रीकांत हारे-** ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी भी वोंग टिएन सी और लिम च्यू सिएन की मलेशिया की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। किदांबी श्रीकांत और मालविका बंसोड़ पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गए। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को स्थानीय खिलाड़ी लोह कीन यू के खिलाफ 20-22, 21-19, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

**लोह कीन यू ने लिया बदला-** लोह कीन यू ने इस जीत के साथ पिछले हफ्ते भारतीय खिलाड़ी के हाथों मिली हार का बदला ले लिया। चोट के बाद वापसी कर रही मालविका भी चीनी ताइपे की लिन शियांग टी को कड़ी चुनाती देने के बावजूद 21-11, 19-21, 12-21 से हार गईं।



## विश्व चैंपियनशिप की मेडलिस्ट पूजा ढांडा बोलीं- | एशियन गेम्स में भारत जीतेगा ढेरों मेडल

### विनेश फोगाट को भी दी बधाई




**नई दिल्ली।** भारत की दिग्गज महिला पहलवान और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पूजा ढांडा को भरोसा है कि आने वाले एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करेंगे। मीडिया के साथ बातचीत में पूजा ढांडा ने भारत को दोबारा कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने, भारतीय रेसलिंग के बदलते माहौल, बच्चों में बढ़ती खेल संस्कृति और विनेश फोगाट की वापसी जैसे मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी।

साल 2018 में गोल्डकोस्ट में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वालीं पूजा ढांडा ने कहा कि भारतीय रेसलिंग अब फिर से पटरी पर लौट रही है और देश के खिलाड़ी आने वाले बड़े टूर्नामेंट्स में ढेरों मेडल जीतने का दम रखते हैं।



**सवाल : भारत को फिर से कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिली है। इसको किस तरह से देखती हैं?**

**पूजा ढांडा :** बहुत ही बढ़िया है, क्योंकि जब 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स भारत में हुए थे तो उस समय मैंने राष्ट्रमंडल खेल में हिस्सा लेने का सपना देखा था। उस समय हम छोटे थे और भारत में कोई चीज हो रही थी तो हमें लगा कि ये बहुत बड़ी प्रतियोगिता है और इसे जीतना चाहिए। इसके लिए मेहनत करनी चाहिए और इसीलिए हमने अपनी मेहनत को दोगुना कर दिया था। दरअसल, जब कोई चीज अपने घर में होती है तो कहीं न कहीं बढ़-चढ़कर बड़े चाव के साथ बच्चे प्रैक्टिस करते हैं कि हमें अपना सौ फीसदी देना है और गोल्ड मेडल ही जीतना है। तो नि:संदेह हमारे देशवासियों और हमारे खिलाड़ियों का फायदा होगा। खिलाड़ी जी-जान लगाकर मैदान पर उतरेंगे और मुझे उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम लेकर आएंगे।

**सवाल : विश्व रेसलिंग चैंपियनशिप में आपने कांस्य पदक जीता है।** 2018 गोल्डकोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स में आपने रजत पदक जीता था। अब जब आप बतौर खिलाड़ी बहुत एक्टिव नहीं हैं। अपनी जर्नी का कोई बेस्ट मूवमेंट याद करना चाहेंगी?

**पूजा ढांडा :** बिल्कुल जब 2018 में ऑस्ट्रेलिया में कॉमनवेल्थ गेम्स में मैंने देश के लिए रजत पदक जीता था। वह मेरी जिंदगी के लिए बहुत ही अहम क्षण था। मेरी जिंदगी बदलने वाला क्षण था। उसने मेरी जिंदगी को हर तरीके से बदल दिया। सामाजिक रूप से, भावनात्मक रूप से, वित्तीय रूप से हर तरीके से मुझे मान-सम्मान हर चीज मिली जो आज मेरी जीवनशैली में झलकती है और हर पल उस पल का शुक्रिया करती हूं।

**सवाल : कुछ ही महीनों में एशियाई खेल होने वाले हैं। भारतीय पहलवानों से कितनी उम्मीदे हैं?**

**पूजा ढांडा :** देखिए बिल्कुल भारत की रेसलिंग काफी बढ़ी है। पहले जो नतीजे आए हैं, उससे बेस्ट परिणाम इस समय जो हमारे खिलाड़ी हैं उनसे देने की उम्मीद है। मैं उन सभी को शुभकामनाएं देना चाहती हूं कि वह एशियाई खेलों में अपना बेस्ट करें, क्योंकि इंडिया किसी से पीछे नहीं है। इंडिया के पास हर सुविधाएं हैं। मेहनत की भी कोई कमी नहीं है। किसी भी चीज की हमारे पास कोई कमी नहीं है।

# आपसी रंजिश को लेकर दो गुटों में चली गोली, दो घायल, मामले की जांच में जुटी पुलिस

## मौके पर पहुंचे वरीय अधिकारी, पुलिस छावनी में तब्दील हुआ घटनास्थल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत छाताबाद में बुधवार देर रात आपसी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच गोलीबारी की घटना हुई है। रात करीब एक बजे हुई फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना में दो लोग गोली लगने से घायल हो गए है। घायलों में छाताबाद निवासी, नीतीश कुमार यादव तथा एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। नीतीश कुमार यादव की जांघ में गोली लगी है। नीतीश यादव का इलाज निचितपुर स्थित एक निजी क्लीनिक में चल रहा है। कतरास थाना के प्रभारी सह



इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि छाताबाद स्थित कैलूडीह मैदान के समीप देर रात आपसी रंजिश में दो गुटों में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है, जिसमें दो लोगों को गोली लगी है। दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है और दोनों खतरे से बाहर बताए जा रहे है। उन्होंने बताया कि फिलहाल क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि फिलहाल मामले में एफआईआर दर्ज नही की गई है, लेकिन आगे की कार्रवाई जारी है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही देर रात बाघमारा एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, कतरास अंचल इंस्पेक्टर मो. रुस्तम अंसारी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार सुबह भी ग्रामीण एसपी मोहम्मद याकूब मौके पर पहुंच मामले की जानकारी ली और पुलिस पदाधिकारियों को कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। फिलहाल घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं गोलीबारी में घायल नीतीश कुमार यादव के पिता किशोरी यादव ने बताया कि वह दूध का कारोबार करते हैं। देर रात उनका बेटा गाय-भैंसों की निगरानी के लिए बाहर निकला था। इसी बीच उन्हें गोलीबारी में उनके बेटे को गोली लगने की सूचना मिली।

# सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां बढ़ती मांगों के बीच आपूर्ति कर रही निर्बाध ईंधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल – देश के विभिन्न क्षेत्रों में ईंधन की मांग में अचानक एवं तीव्र वृद्धि के बावजूद पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर संचालन एवं लॉजिस्टिक्स समन्वय बनाए हुए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की ग्रुप अपने व्यापक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क टर्मिनल, डिपो, पाइपलाइन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट एवं रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। आपूर्ति दल, परिवहन नेटवर्क, टर्मिनल संचालन तथा चयनित रिटेल आउटलेट्स चौबिस घंटे कार्यरत हैं ताकि उत्पादों की निर्बाध आवाजाही एवं समय पर पुनःपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। ईंधन आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने हेतु सार्वजनिक क्षेत्र की राज्य प्रशासन के साथ भी निरंतर समन्वय बनाए हुए हैं। तेल उद्योग उपभोक्ताओं को आश्वस्त करना चाहता है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की ग्रुप लगातार स्टॉक स्थिति की समीक्षा कर रही हैं तथा बढ़ी हुई मांग को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए लॉजिस्टिक्स एवं वितरण योजना पर निकट समन्वय बनाए हुए हैं। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे सामान्य खरीद व्यवहार बनाए रखें एवं अनावश्यक घबराहट में खरीदारी से बचें। ईंधन उपलब्धता संबंधी सही जानकारी हेतु केवल अधिकृत एजेंसियों एवं तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

# राजद ने सीएम सम्राट चौधरी का किया पुतला दहन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल कार्यकर्ताओ ने समाहरणालय स्थित कैंटीन चौक पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा हरे गमछे को लेकर दिए गए बयान पर पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर राजद जिलाध्यक्ष मोहित यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता हाथों में हरा गमछा लेकर कचहरी रोड से जुलूस निकालते हुए थाना चौक, नगर निगम चौक होते हुए कैंटीन चौक पहुंचे।

# अब यात्री ट्रेनों को रोक कर नहीं बढ़ाया जाएगा माल गाड़ियों को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में यात्री रेल गाड़ियों की लेटलतीफी के खिलाफ आंदोलन चला रही रेल यात्री संघर्ष समिति के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) ने बैठक की। संघर्ष समिति ने एलान किया था कि यदि लेटलतीफी बंद नहीं हुई तो समिति रेल जीएम का विरोध करेगी। इसके बाद चक्रधरपुर के डीआरएम ने विधायक सरयू राय को फोन कर सूचित किया कि जीएम जमशेदपुर आ रहे हैं और उनके साथ वार्ता करेंगे। रेल यात्री संघर्ष समिति के शिष्टमंडल और रेल जीएम एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। विधायक सरयू राय ने रेल जीएम को बताया कि उनकी केवल और केवल एक ही मांग है कि टाटानगर में यात्री रेलगाड़ियों की लेटलतीफी बंद की जाय और यात्री रेलगाड़ियों को रास्ते में खड़ा कर माल गाड़ियों को पास करने का सिलसिला बंद किया जाय। रेल जीएम ने यह बात माना और रेल यात्री संघर्ष समिति को बताया कि अब से यात्री रेल गाड़ियों को खड़ा कर माल गाड़ियों को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। उन्होंने रेलवे के अन्य पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस निर्णय को लागू करें और देखें कि किसी भी स्थिति में यात्री रेल गाड़ियों को रोकर माल गाड़ियों को आगे नहीं बाढ़या जाय। दक्षिण-पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने कहा कि कोल्हान में रेलवे के नेटवर्क को दुरुस्त करने को लेकर काम चल रहा है। दीर्घकालिक और अल्पकालिक योजना पर काम किया जा रहा है। करीब 3000 करोड़ की योजना पर काम चल रहा है। 2027 से सुधार की शुरुआत होगी और 2028 तक हर हाल में ट्रैफिक सुधर जाएगा। इसके बाद टाटानगर, चक्रधरपुर और आसपास के रेल नेटवर्क में परिचालन क्षमता बढ़ेगी। ट्रेनों की लेट लतीफी कम होगी और यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए काम होने हैं। इसके लिए 383 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। वहीं चांडिल-गम्हरिया के बीच तीसरी व चौथी रेल लाइन परियोजना 1112 करोड रुपए के लागत से स्वीकृत की गई है। चौथी लाइन दिसंबर 2019 तक और तीसरी लाइन दिसंबर 2030 तक पूरी होगी। इसके पूर्व विधायक सरयू राय ने रेल जीएम को बताया था कि स्थानीय मेमू ट्रेनों और पैसेंजर ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण यहाँ के व्यवसायियों, कर्मचारियों, छात्रों, दैनिक वेतन भोगी मजदूरों तथा आमजनों को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि यात्री रेल गाड़ियाँ टाटानगर के निकटतम स्टेशनों जैसे चांडिल, कांड्रा, गम्हरिया, राखामाइंस तक समय पर आ जाती हैं, पर वहाँ से टाटानगर आने में 35-40 किमी की दूरी तय करने में 4-5 घंटे का समय लग जाता है। इस पर रेल जीएम ने कहा कि वे इन गाड़ियों की रोजाना समीक्षा करेंगे कि वे टाटानगर समय पर पहुँच रहीं हैं या नहीं। विधायक सरयू राय ने रेल जीएम और डीआरएम को धन्यवाद दिया कि रेल यात्री संघर्ष समिति की सभी बातें मान ली गयी हैं। संघर्ष समिति कुछ दिनों तक रेल जीएम के आश्वासनों की प्रतीक्षा करेगी तदोपरांत आगे का कार्यक्रम तय करेगी। बैठक में रेल जीएम के साथ रेल एजीएम, चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम, सीनियर डीसीएम आदि अधिकारी थे, जबकि रेल यात्री संघर्ष समिति में विधायक सरयू राय, शिव शंकर सिंह, कन्हैया सिंह के अतिरिक्त सुबोध श्रीवास्तव, अजय कुमार, नीरज सिंह, अमित शर्मा, राजीव आदि मौजूद रहे।

# मिथिलेश हत्याकांड में पांच धराए

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रजौन थाना क्षेत्र के खैरा गांव के कारोबारी मिथिलेश कुमार उर्फ वीडियो हत्याकांड में पुलिस ने पांच अपराधियों को आज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने बताया कि आज पुलिस ने मिथिलेश हत्याकांड में पांच अपराधियों जिले के रजौन थाना क्षेत्र के खैरा गांव के सुमन कुमार साह, मिथिलेश कुमार मंडल, कटियामा गाँव केअरविन्द कुमार पोद्दार, धोबीडीह गांव के नागेन्द्र यादव और बौसी थाना के बौनसी गांव केप्रशांत कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। ये लोग एक दिन पहले अमरपुर रजिस्ट्री ऑफिस से जमीन रजिस्ट्री करवा कर घर आ रहे मिथिलेश कुमार और साथ आ रहे कुन्दन सिंह को गोली मार दिया।

# महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान का दिया गया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** धनबाद के तोपचांची अंचल कार्यालय में गुरुवार को बाहा जोआक संस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता और महिला सम्मान को समाज के सामने खुलकर रखने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि झारखंड में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को खुलकर समाज के बीच रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से यह बताया गया कि पीरियड्स कोई शर्म या छुपाने की



चीज नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन का एक सामान्य, प्राकृतिक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही नीडो फास्ट की ओर से सैनिटरी पैड का वितरण भी किया गया। इस पहल ने न सिर्फ स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास को भी मजबूती देने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो मौजूद रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार लगातार इस तरह के कार्यक्रम करा कर लोगों को जागरूक करने में लगी हैं। वहीं, मौके पर मौजूद किशोरियों ने भी कहा कि महिलाओं को पीरियड्स आना एक नेचुरल घटना है और इसे छिपाने की जगह हम इस दौरान सेनेटरी पैड्स का इस्तेमाल कर इसके दुष्परिणाम से बच सकते है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से महिलाओं में जागरूकता आएगी और वह इसके दुष्परिणाम से बच सकेंगी।

# स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले में गंगा नदी और अन्य जलस्रोतों के संरक्षण एवं विकास से संबंधित गठित जिला गंगा संरक्षण समिति की एक बैठक जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में हाउसहोल्ड प्रोजेक्ट, तालाबों के जीर्णोद्धार, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, डंपिंग यार्ड, रिवर फ्रंट सफाई तथा पुल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान हाउसहोल्ड प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की गई। इस दौरान बताया गया कि परियोजना के लिए भूमि संबंधी कोई समस्या नहीं है, लेकिन संबंधित ठेकेदार की लापरवाही के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। एनटीपीसी के समीप स्थित एक तालाब क्षेत्र में निर्माण कार्य प्रारंभ कराने को लेकर भी चर्चा हुई, जहां रैयती भूमि पर कार्य कराया जाना है। उन्होंने संबंधित अभियंताओं एवं संवेदक को तत्काल बुलाकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा गंगा सहित अन्य नदी एवं जलस्रोतों के आसपास किए जा रहे अतिक्रमण तथा अवैध निर्माण का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि कुछ स्थानों पर पानी के बहाव को रोककर रास्ता बना दिया गया है तथा मिट्टी भराव कर नदी के स्वरूप को प्रभावित किया गया है। डॉ चौधरी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए पहले नदी के वास्तविक स्वरूप एवं भूमि की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से संबंधित क्षेत्र में नए पुल निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली की भी समीक्षा की गई। एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) एवं बायो-सीएनजी प्लांट की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इसके लिए वर्क ऑर्डर जारी किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने डंप किए गए कचरे के वैज्ञानिक निपटारे तथा उपयोगी सामग्री की रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया।

# जल संरक्षण को लेकर पलामू कमिश्नर की पहल ऐतिहासिक एवं जनहितकारी : हृदयानंद मिश्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू प्रमंडल में लगातार गिरते भूजल स्तर एवं बढ़ते पेयजल संकट को देखते हुए जल संरक्षण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्रभावी रूप से लागू कराने हेतु झारखंड प्रदेश कांग्रेस कोर्डिनेशन कमिटी के सदस्य हृदयानंद मिश्र, एडवोकेट के द्वारा पलामू प्रमंडल की आयुक्त महोदया को आवेदन प्रेषित किया गया था। उक्त आवेदन पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आयुक्त ने उसी दिन पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिलों के उपायुक्तों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी कर दिया। इस त्वरित प्रशासनिक पहल पर हृदयानंद मिश्र ने पलामू कमिश्नर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल संरक्षण आज केवल एक प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। ऐसे समय में आयुक्त महोदया द्वारा दिखाई गई सक्रियता अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि यदि रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जलस्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनजागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो पलामू प्रमंडल भविष्य में संभावित जल संकट से काफी हद तक सुरक्षित हो सकता है। हृदयानंद मिश्र ने कहा कि प्रशासन और समाज यदि मिलकर कार्य करें तो जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया जा सकता है। उन्होंने प्रमंडलीय आयुक्त के इस सकारात्मक एवं दूरदर्शी कदम को जनहित में एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए इसके लिए साधुवाद ज्ञापित किया।

# पूर्वी चंपारण में युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र में बरकुरवा नहर किनारे झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि मृतक की पहचान मलाही थाना क्षेत्र के सोनवल बैरागी टोला निवासी विपत साह के 24 वर्षीय पुत्र रामबाबू कुमार के रूप में की गई है। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने पर अरेराज डीएसपी रवि कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल से एक साइकिल भी बरामद की गई है, जिसे मृतक की बतायी जा रही है। प्रारंभिक जांच में युवक की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। शव के गले में गमछा कसा हुआ मिला है, जिससे गला घोंटकर हत्या किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस का अनुमान है कि हत्या करीब दो दिन पहले की गई होगी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य जुटाए। वहीं, सुराग तलाशने के लिए खोजी कुत्ते की भी मदद ली गई। पुलिस आसपास के लोगों तथा मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच प्रेम प्रसंग, आपसी दुश्मनी समेत विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच में जुटी है।

# नाला सफाई एवं मिट्टी उठाव अभियान में तेजी

## डीएम ने कहा लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वैशाली।** जिले में जलजमाव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में कार्य कर रहा है। जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह (भा.प्र.से.) के निर्देशानुसार सभी नगर निकायों में नालों की व्यापक सफाई के साथ-साथ निकाली गई गाद एवं मिट्टी के त्वरित उठाव का विशेष अभियान युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि केवल नालों की सफाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनसे निकली गाद, मिट्टी एवं कचरे का समयबद्ध निष्पादन अत्यंत आवश्यक है। उठाव में किसी भी प्रकार की देरी जल निकासी व्यवस्था को बाधित कर सकती है, जिससे जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। इस विशेष अभियान के तहत नगर परिषद हाजीपुर, लालगंज, महनार, महुआ एवं पातेपुर सहित सभी नगर निकायों में नालों की गहन सफाई कराई जा रही है। साथ ही, निकाली गई मिट्टी एवं कचरे को तत्काल हटाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि कहीं भी अवरोध उत्पन्न न हो और जल निकासी सुचारु बनी रहे। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित कार्यपालक पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे कार्य स्थलों का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थान पर गाद या कचरे का जमाव न हो। साथ ही जलजमाव संभावित क्षेत्रों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पदाधिकारी स्वयं प्रतिदिन इस अभियान की प्रगति की समीक्षा कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नालों में कचरा न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। सामूहिक प्रयासों से ही जलजमाव की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

# दुल्हन की विदाई के पहले दूल्हा हिरासत में

## बाल विवाह की सूचना पर पहुंची पुलिस, परिजनों को बनाया गया आरोपित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले से बाल विवाह का एक मामला प्रकाश में आया है। शादी की रस्म पूरी होने के बाद पहुंची पुलिस ने दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया। घटना जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत खरकी पंचायत के कोचा गांव की है। जहां शादी की खुशियां देखते ही देखते अफरा-तफरी में बदल गईं। शादी की सभी रस्में पूरी होने के बाद विदाई की तैयारी चल रही थी, तभी बाल विवाह की सूचना पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई और दूल्हे को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बजानकारी के अनुसार मांडर थाना क्षेत्र के ब्राम्बे निवासी 30 वर्षीय युवक लच्छू उरांव पिता सुगना उरांव बुधवार को बारात लेकर कोचा गांव पहुंचा था। आदिवासी रीति-रिवाज के अनुसार शादी की सभी रस्में पूरी भी हो चुकी थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने डायल 112 पर फोन कर प्रशासन को बाल विवाह होने की सूचना दे दी। शिकायत मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और देर रात किस्को अंचल अधिकारी अजय कुमार तथा थाना प्रभारी मानस कुमार साधु पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। मौके पर पहुंचकर प्रशासन ने लड़की और लड़के से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान बाल विवाह की पुष्टि होने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दूल्हे को हिरासत में ले लिया। वहीं नाबालिग दुल्हन को सुरक्षा और काउंसिलिंग के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। गुरुवार को दूल्हे को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में किस्को थाना में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी मानस कुमार साधु ने बताया कि कांड संख्या 22/2026 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में दूल्हा, उसके माता-पिता, दुल्हन के माता-पिता, शादी संपन्न कराने वाले पहान सहित अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिले में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई का यह पहला मामला माना जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि जिले में बाल विवाह रोकने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आना चिंता का विषय है। प्रशासन ने लोगों से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति से दूर रहने और कानून का पालन करने की अपील की है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित : राम कृपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिक्रम।** भारतीय जनता पार्टी पटना ग्रामीण द्वारा आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। बीते 12 वर्षों में देश के विकास का एक नया अध्याय लिखा गया है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए कश्मीर से धारा 370 एवं 35इ को हटाया गया। वर्षों पुराने अयोध्या विवाद का समाधान कर भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कराया गया, जिससे देश के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा। देशभर में सड़कों का जाल बिछाया गया तथा नए-नए एयरपोर्टों का निर्माण हुआ। महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया, जिससे देश के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और केंद्र सरकार उसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मौके पर भाजपा ढाका के पूर्व विधायक पवन जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार के ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण 12 वर्ष आगामी 7 जून 2026 को पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर 5 जून से 21 जून 2026 तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत मीडिया संवाद, वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम स्वच्छता अभियान, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित रहने वाले प्रधानमंत्री बनेंगे तथा जनसेवा के अपने सार्वजनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश नेता अतुल कुमार, विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल, पूर्व विधायक राम जन्म शर्मा, पूर्व विधायक आशा सिन्हा,रवींद्र रंजन, शीला प्रजापति, डॉ. यदुवेश, राज कुमार शर्मा, शशांकधर शर्मा चुन्नू बाबू, तेज नारायण शर्मा, नीरज कुमार, कुमुद रंजन, निकेश, जितेन्द्र यादव, राज किशोर शर्मा, अनिल पासवान, विनोद कुमार, नारायण जी, आशा किरण, अमरीष शर्मा, अजीत शान्डिल्य, लंकेश सिंह, संधीर यादव, सतीश कुमार विजय भोटी, ब्रजेश सिंह ,पवन तिवारी आदि उपस्थित थे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### आज से बदलेगा जलापूर्ति का समय, नई समय-सारणी जारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील टाउनशिप क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों में बेहतर और पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीएसएल जलापूर्ति विभाग ने नई समय-सारणी जारी की है। विभाग के अनुसार, 29 मई 2026 से कई प्रमुख इलाकों में पानी की सप्लाई बदले हुए समय के अनुसार की जाएगी। जारी नई समय-सारणी के अनुसार सेक्टर 8 ए और बी में सुबह 9:15 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक जलापूर्ति होगी। वहीं सेक्टर 8 सी और डी तथा 4जी के आंशिक हिस्सों में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक पानी की सप्लाई की जाएगी। इसके अलावा को-ऑपरेटिव कॉलोनी में दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक जलापूर्ति निर्धारित की गई है। बीएसएल जलापूर्ति विभाग ने नागरिकों से नई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है। इसके अलावा लोगों से आग्रह किया गया है कि वे नए समय-निर्धारण को ध्यान में रखते हुए पहले से पानी के भंडारण की व्यवस्था कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### बोकारो एयरपोर्ट को लेकर कुमार अमित ने केन्द्रीय मंत्री संजय सेठ को सौंपा ज्ञापन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो दौरे पर आए केन्द्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ से भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने पार्टी जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र राज के साथ यहां के नवनिर्मित एयरपोर्ट से यात्री विमानों के परिचालन प्रारंभ करने की मांग की। इस लेकर भाजपा नेताओं ने केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा। मौके पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ में एयरपोर्ट ऑथरिटी के सम्बंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर इस एयरपोर्ट के अब तक के प्रगति की जानकारी ली एवं इन लोगों को यहां से व्यवसायिक उड़ानों को शीघ्र प्रारंभ करने को लेक आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा कुमार अमित न बोकारो स्टील प्रबंधन के खाली



पड़े भवनो में लघु एवं सूक्ष्म स्तर के रक्षा उपकरणों के उत्पादन प्रारम्भ करने उसके सदुपयोग करने की भी मांग की। इस पर केन्द्रीय मंत्री ने राज्य सरकार के साथ समन्वय बनाकर पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संजय सिन्ह, विक्रम पांडे, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह, जिला मंत्री मनोज ठाकुर, भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष विनोद महतो, एस सी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता राकेश राम, मुकेश राय, प्रकाश कुमार, मंतोष यादव, धनराज चौधरी, लालबाबू, चन्द्रप्रकाश आदि भी उपस्थित रहे।

### बीसीसीएल द्वारा आईआईटी आईएसएम में स्टेम एजुकेशन कार्यशाला आयोजित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की सीएसआर योजना के तहत आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के पेन मैन ऑडिटोरियम में प्रोजेक्ट अफेक्टेड पर्सन (पीएपी) परिवारों एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय स्टेम एजुकेशन कार्यशाला आयोजित की



गई। 'लॉजिकल, डिजिटल एवं एक्सपेरिमेंटल लर्निंग एप्रोच के माध्यम से पीएपी एवं वंचित विद्यार्थियों के बीच स्टेम शिक्षा को बढ़ावा' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में सरकारी विद्यालयों के 550 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीसीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह पहल विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊर्जा और राष्ट्र को दिशा प्रदान करते हैं : संजय सेठ

## भाजपा द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के महामिलन बैंकेट हॉल में भाजपा के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिन की शुरूआत पंडित दिन दयाल उपाध्याय, भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर हुई। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज द्वारा वर्ग वक्ता को अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। वर्ग का संचालन जिला महामंत्री संजय सिंहा ने किया। प्रशिक्षण वर्ग समापन सत्र को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के बोकारो जिला प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कई प्रमुख बिंदुओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने जोर दिया कि विचारधारा से प्रेरित कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊर्जा और राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की







उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना, जन धन और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों से महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है और वे सशक्त बनी हैं। पंचायती राज व्यवस्था का मूल उद्देश्य सत्ता का विकेंद्रीकरण कर गांव के विकास को गति देना है। इसलिए, हमारी भूमिका ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की होगी। केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न ग्रामीण योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुँचाने में एक उत्प्रेरक की भूमिका निभाना। संजय सेठ ने कहा हम सभी जानते कैसे झारखंड राज्य बना। स्व अटल बिहारी बाजपाई जी का सपना था वनांचल समृद्ध हो उस सपना को पूरा करने के लिए झारखंड की स्थापना किया। 32 सालों बाद झारखंड में अर्जुन मुंडा के नेतृत्व वाली सरकार ने पंचायत चुनाव करवाया ताकि हर गांव में विकास हो।गांव की सरकार की स्थापना हो। लोगों को योजनाओं का लाभ पंचायत मुख्यालय से मिले। आज वही 3 सालों से पंचायत में फंड के अभाव से योजनाएं बंद है। मुखिया वार्ड पंचायत समिति जिला परिषद के सदस्य को विकास कार्यों से दूर रखा जा रहा। 8000 हजार स्कूलों में 1 शिक्षक से चल रही। 2800 स्कूलों में भवन बन गए मगर न छात्र न शिक्षक। आज वही झारखंड का कमान गलत हाथों में है। ,वैसे लोगो के साथ जिसने कहा था झारखंड हमारी लाश से बनेगी। आज झारखंड अशांत ,ऐसा झारखंड की हमने परिकल्पना नहीं की थी जैसा झारखंड वर्तमान में है। हर जगह लुट हत्या अत्याचार बलात्कार की घटनाओं से सुर्खियां बना रही। झारखंड के संसाधनों का लूट मचा है हर जगह पत्थर कोयले की लूट से सत्ता धारी दलों के लोग लुट रहे। 9 वे सत्र का शुभारंभ सत्र वक्ता पूर्व प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने संबोधित किया। हमारी कार्यपद्धति पर प्रशिक्षण दिया। 10 वे सत्र को वर्ग वक्ता विकास प्रीतम। ने देश के प्रमुख चुनौतियों एवं निदान के हमारे प्रयास पर अपनी बातों को रखा। 11 वे सत्र को प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने पार्टी के इतिहास एवं विकास को विस्तारपूर्वक अपनी बातों को रखा। 12 वे सत्र को क्विज प्रतियोगिता को वर्ग वक्ता ऋषभ राय ने सभी प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण सर्टिफिकेट ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से वितरण किया। वर्ग वक्ता प्रतुल शाहदेव ने व्यवहारिक जीवन पर अपनी बात को रखी। अभियान के संयोजक संजय त्यागी व सह संयोजक गौर रजवार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र राज ने कहा कि आने वाले समय में बोकारो भाजपा के सभी कार्यकर्ता चारो सीटों पर जीत दर्ज कर 2029 मे पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनाने की संकल्प लेती हैं। मुख्य रूप से रविन्द्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, अंबिका ख्वास, प्रहलाद महतो, रोहितलाल सिंह, बिनोद महतो, जयदेव राय सहित 150 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# दामोदर नदी में डूबने से छात्र की मौत

## डीसी-एसपी ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल अंतर्गत दामोदर नदी में नहाने के दौरान डूबने से शास्त्री नगर, फुसरो निवासी छात्र प्रियांशु गुलाटी की मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।



**रीजनल हॉस्पिटल पहुंचकर डीसी-एसपी ने जताई संवेदना**

घटना की सूचना प्राप्त होते ही उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना रीजनल हॉस्पिटल सीसीएल ढ़ोरी पहुंचे। उन्होंने मृतक छात्र के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा संवेदना व्यक्त की। प्रशासन परिवार के साथ खड़ाः डीसी उपायुक्त ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि जिला प्रशासन इस कठिन घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

**गहरे जल क्षेत्रों में लगाए जाएंगे चेतावनी बोर्ड**

डीसी ने कहा कि दामोदर नदी सहित अन्य जलाशयों के गहरे एवं खतरनाक स्थानों पर स्थायी चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो सके।

**अभिभावकों से बच्चों पर नजर रखने की अपील**

उपायुक्त ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को अकेले नदी, तालाब अथवा गहरे जल क्षेत्रों की ओर जाने से रोकें तथा उन्हें लगातार सतर्क एवं जागरूक करें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी से बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है।

**क्रिकेट खेलने के बाद नदी में नहाने गया था प्रियांशु**

जानकारी के अनुसार, प्रियांशु अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने घर से निकला था। खेल समाप्त होने के बाद वह दो अन्य दोस्तों के साथ दामोदर नदी में नहाने गया। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई।

**जलाशयों के समीप सावधानी बरतने की अपील**

जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि नदी, तालाब एवं अन्य जलाशयों के समीप विशेष सावधानी बरतें तथा बच्चों पर सतत निगरानी रखें, ताकि इस प्रकार की दुखद घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने प्रियांशु के परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग के तहत दी जाने वाली मुआवजा राशि भुगतान की कार्रवाई बीडीओ बेरमो एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# मंईया सम्मान योजना सत्यापन में पैसे वसूली के मामले में आंगनबाड़ी सेविका चयनमुक्त

**सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच में आरोप सही पाए गए**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लाभुकों से पैसे लेने के आरोप की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। आंगनबाड़ी केन्द्र चौफान उत्तरी की सेविका कुमारी सीमा को तत्काल प्रभाव से सेविका पद से चयनमुक्त कर दिया गया है। दिनांक 22 मई 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र चौफान उत्तरी की सेविका कुमारी सीमा द्वारा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के लाभुकों के भौतिक सत्यापन के दौरान रुपये लेने का आरोप लगाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए दो सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में यह स्पष्ट पाया गया कि सेविका द्वारा लाभुकों से पैसे की वसूली की गई थी। जांच रिपोर्ट के आलोक में जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र चौफान उत्तरी, कोड संख्या-20355020112 की सेविका कुमारी सीमा को तत्काल प्रभाव से चयनमुक्त करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

इस पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता, भ्रष्टाचार अथवा लाभुकों के शोषण को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने कहा कि दोषियों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# जलवायु परिवर्तन के बीच जल संरक्षण और बेहतर आजीविका पर मंथन

## सारथी स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय जलवायु अखड़ा 2026 का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को सारथी के स्थापना दिवस के अवसर पर बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी कार्यालय में जिला स्तरीय 'जलवायु अखड़ा 2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन, जल-जंगल-जमीन, जैव विविधता संरक्षण, जल संरक्षण एवं सतत आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों से आए पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण, किसान, महिलाएं, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का असर गांवों की खेती, जल स्रोतों और ग्रामीण आजीविका पर लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे समय में समुदाय आधारित योजनाओं और स्थानीय संसाधनों के संरक्षण के जरिए ही स्थायी समाधान संभव है। कार्यक्रम में 'रीच टू वैली' मॉडल के माध्यम से जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य वक्ता गुलाब चंद्र, गौतम सागर, पीयूषमय, जुबा, विष्णुचरण महतो आदि वक्ताओं ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर निचले इलाकों तक जल संरक्षण की समग्र योजना बनाकर जल संकट को कम किया जा सकता है। दामोदर बचाओ अभियान के गुलाब चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन आज केवल पर्यावरण का नहीं बल्कि लोगों की आजीविका और भविष्य का भी बड़ा संकट बन चुका है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के बिना ग्रामीण समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने समुदायों से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, स्थानीय खेती को बढ़ावा देने और जल संरक्षण के प्रति जागरूक होकर सामूहिक प्रयास करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पर्यावरण संरक्षण को ग्रामीणों की आय और रोजगार से जोड़ा जाए, तो लोग अधिक जिम्मेदारी के साथ इस दिशा में कार्य करेंगे। प्रदान संस्था से जुबा



प्रतीम गोगई ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण, बेहतर आजीविका और पंचायतों की सक्रिय भागीदारी एक-दूसरे से जुड़े हुए मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना एवं गांव आधारित प्लान के सहयोग से गांवों की जरूरतों के अनुसार योजनाएं तैयार कर जल संरक्षण, खेती और रोजगार के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जा सकता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की। कार्यक्रम में चर्चा की गई कि मनरेगा एवं अन्य सरकारी योजनाओं के तहत तालाब, डोभा और जल संरचनाओं का निर्माण कर जल स्तर में सुधार लाया जा सकता है। इससे किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने के साथ-साथ मत्स्य पालन, बत्तख पालन और अन्य स्वरोजगार के अवसर भी विकसित होंगे। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को ग्रामीणों की आजीविका से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस दौरान जैव विविधता संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्थानीय वनस्पतियों, जल स्रोतों और पारंपरिक कृषि पद्धतियों के संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में सारथी द्वारा पिछले वर्षों में किए गए सामाजिक कार्यों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठन सहयोगिनी, पांचसूत्र फाउंडेशन ,ग्रीन लाइन फाउंडेशन, प्रदान, आशा किरण वेलफेयर सोसाइटी, अनमोल दृष्टि, महिला कल्याण समिति आदि संस्थाओं से कल्याणी सागर , विनोद कुमार यादव, प्रीति रंजन, डा श्याम कुमार भारती, विजय कुमार महतो, तारकेश्वर कुमार, मुखिया निहारिका स्वीकृति, तारामणि देवी, रामवृक्ष मुर्मू, सोनाराम मुर्मू, विष्णु चरण महतो, पंचानन महतो , कुमारी किरण, रवि कुमार राय, मंजू देवी, सूर्यमणि देवी, प्रकाश महतो, अनिल हेंब्रम, सोनी कुमारी, विनीता देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, पुष्पा देवी, विकास गोस्वामी, अभय सिंह , नीतू सिंह लबनी घोष, आदि उपस्थित रहे। अंत में प्रतिभागियों ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सामुदायिक स्तर पर मिलकर कार्य करने तथा जल-जंगल-जमीन और बेहतर आजीविका के संरक्षण हेतु 35 ग्राम पंचायत के साथ कार्य प्रारंभ करने का एक्शन प्लान तैयार गया।

### बीएसएल के शिक्षा विभाग द्वारा बिरसा मुंडा छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के शिक्षा विभाग द्वारा बीएसएल निर्माण के कारण विस्थापित परिवारों के वैध/ सौतेले (पुत्र एवं पुत्रियों) के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-28 हेतु 'बिरसा मुंडा छात्रवृत्ति' योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह छात्रवृत्ति उन विद्यार्थियों के लिए है जिन्होंने वर्ष 2026 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा किसी मान्यता प्राप्त महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-28 में +2 पाठ्यक्रम/इंटरमीडिएट में नामांकन प्राप्त किया है। जारी परिपत्र के अनुसार, +2 पाठ्यक्रम/इंटरमीडिएट के प्रथम वर्ष के लिए चयनित विद्यार्थियों को ₹500 प्रतिमाह तथा द्वितीय वर्ष के लिए ₹750 प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह सुविधा अधिकतम दो वर्षों तक उपलब्ध रहेगी। छात्रवृत्तियां पूर्णतः योग्यता (मेरिट) के आधार पर प्रदान की जाएंगी तथा कुल 25 विद्यार्थियों का चयन 'बिरसा मुंडा छात्रवृत्ति' योजना के लिए किया जाएगा। छात्रवृत्ति की राशि चयनित विद्यार्थियों के बैंक खाते में ऑनलाइन माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। यह योजना केवल विस्थापित परिवारों के वैध/ सौतेले संतानों के लिए लागू होगी। साथ ही, ऐसे छात्र जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2026-28 से पूर्व किसी अन्य सत्र में इस पाठ्यक्रम में नामांकन लिया है, वे इस योजना के पात्र नहीं होंगे।

# श्रम जगत के कल्याण में बोर्ड की अहम भूमिका : अजय सिंह

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार) क्षेत्रीय निदेशालय - धनबाद के तत्वाधान में आज डी जी एम एस के सभागार में दो दिवसीय श्रमिक मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय सिंह, उप महानिदेशक (इलेक्ट्रिक) ने दीप प्रज्वलित कर के किया। अपने उद्घाटन सम्बोधन में उन्होंने श्रम जगत के विकास में बोर्ड के अहम योगदान की अपने मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए श्रमिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताया। शिक्षित,ज्ञानवान एवं कुशल श्रम शक्ति ही देश के विकास में अपनी बेहतर भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अवसर पर खान निदेशालय के निदेशक (खान सुरक्षा) सुरजीत कटेवा विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए थे। उन्होंने अपने संबोधन में भारत सरकार द्वारा चलाए के रहे विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब तक देश का श्रमिक वर्ग जागरूक नहीं होगा तब तक उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकता है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु बोर्ड



के काम अत्यन्त सराहनीय हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मजीत चौधरी (अध्यक्ष) बोर्ड के क्षेत्रीय सलाहकार समिति,धनबाद ने किया। उन्होंने अपने उदबोधन में क्षेत्रीय निदेशालय-धनबाद द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रभाव से लोगों को अवगत कराया तथा श्रमिक शिक्षा कार्यक्रमों को श्रमिकों के प्रगति हेतु नितांत जरूरी बताया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत राज किशोर गोप, क्षेत्रीय निदेशालय के प्रभारी ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया। उन्होंने इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा है बोर्ड श्रमिक मित्रों के माध्यम असंगठित,गिग श्रमिक,ठेका मजदूर, भवन निर्माण श्रमिकों के कल्याण हेतु 1- दिवसीय श्रमिक चौपाल तथा 2-दिवसीय जागरूकता सह निबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ताकि देश के लाखों श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से सीधे जोड़ा जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल उद्देश्य प्रधान मंत्री के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में श्रम शक्ति के योगदान को सुनिश्चित करना है।इस कार्यक्रम में बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशालय -धनबाद,रांची, जमशेदपुर तथा पटना से चयनित 50 श्रमिक मित्र भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ एस एम एस यादव, प्रभारी क्षेत्रीय निदेशालय, राँची ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बकरीद के मौके पर डीसी - एसपी ने कंपोजिट कंट्रोल रूम एवं मिनी कंट्रोल रूम का लिया जायजा

## सीसीटीवी के माध्यम से जिले की गतिविधियों पर रखी गई नजर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने गुरुवार को कंपोजिट कंट्रोल रूम सहित रीतुडीह-सीवनडीह स्थित मिनी कंट्रोल रूम का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों से क्षेत्र की विधि-व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों की गतिविधियों एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति का भी जायजा लिया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन



पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी आपसी समन्वय एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अफवाह फैलाने अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को लगातार गश्ती एवं सतर्क निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में कंट्रोल रूम की संचार व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम, ड्यूटी रजिस्टर एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली की भी समीक्षा की गई। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को अलर्ट मोड में रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार समेत अन्य उपस्थित थे।

### बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर डीसी - एसपी रहे क्षेत्र में भ्रमणशील

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना गुरुवार को दिनभर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे। इस दौरान उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों से विधि व्यवस्था संधारण की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के क्रम में डीसीझएसपी ने बेरमो स्थित मीनी



कंट्रोल रूम का जायजा लिया। वहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह बीडीओ बेरमो श्री मुकेश कुमार से क्षेत्र की वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। मौके पर उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ एवं जरीडीह अंचल अधिकारी प्रणव राज से भी पर्व को लेकर क्षेत्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों ने क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु किए गए प्रबंधों की जानकारी दी।

### जिले में शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर जिले के सभी ईदगाह और मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर नमाजियों ने देश की खुशहाली, बरकत, अमन और चैन की दुआ मांगी। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने बताया कि सभी जगह उल्लास पूर्वक और पूरे अकीदत के साथ त्योहार मनाया गया। उन्होंने बताया कि शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। सभी थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ मेजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। कंट्रोल रूम में कहीं से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। नगर निगम की टीम ने साफ-सफाई को लेकर विशेष व्यवस्था की थी। रेलवे ग्राउंड में सबसे बड़ी नमाज अदा की गई।



यहां हजारों की संख्या में लोगों ने एक साथ सजदा कर ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। नमाज के दौरान सामाजिक सौहार्द्र और भाईचारे का अद्भुत नजारा देखने को मिला। रेलवे ग्राउंड में जामा मस्जिद के इमाम ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और समाज में प्रेम व सौहार्द कायम रखने की अपील की। साथ ही देश में अमन और शांति बनी रहे इसके लिए विशेष दुआ की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की दिली मुबारकबाद दी। रेलवे ग्राउंड के अलावा शमशेर नगर ईदगाह गोविंदपुर, झरिया, कुसुंडा, भुली, बलियापुर, लोयाबाद, सरायढेला और बैंक मोड़ सहित जिले के विभिन्न इलाकों की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com